Springboard ACADEMY

# समसामयिकी

विषय–वस्तु शोध, अनुसंधान एवं संपादकीय कार्य
स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी टीम

## जून - 2025

**CURRENT AFFAIRS (June-2025)**

**PUBLISHER**

**MAHECHA PUBLICATION**

**PLOT NO. 58, WEST WAY HEIGHTS, BHANKROTA, JAIPUR (RAJASTHAN), 302026**

**E-mail:** thenoteshub@gmail.com , **Website:** www.thenoteshub.com

**The Notes Hub**

**+91 7300134518, +91 7610010054**

MAHECHA PUBLICATION

# विषय–सूची


| विषय वस्तु | पेज नं. |
|---|---|
| 1. राजस्थान परिदृश्य | 3 – 17 |
| 2. राष्ट्रीय परिदृश्य | 18 – 45 |
| 3. अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य | 46 – 59 |
| 4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 60 – 66 |
| 5. खेल | 67 – 74 |
| 6. महत्वपूर्ण दिवस | 75 |
| 7. महत्वपूर्ण पुस्तकें | 76 |
| 8. अति महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ प्रश्न | 77 – 81 |
| 9. टॉपर्स टॉक | 82 – 84 |


मूल्य : 30/- रुपये


© *All Rights Reserved By Publisher*

*__नोट:__–इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुन:प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके–इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम–से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरित नहीं किया जा सकता है। प्रकाशक ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं है।*

# 01 राजस्थान परिदृश्य

## चर्चित व्यक्तित्व

### उत्कल रंजन साहू



- **निवासी** – ओडिशा
- **चर्चा में** – हाल ही में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 316(1) के तहत् 10 जून, 2025 को राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने RPSC (राजस्थान लोक सेवा आयोग) के 40वें अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है।
- **कार्यकाल** – आयोग अध्यक्ष एवं सदस्य अधिकतम 6 वर्ष अथवा 62 वर्ष की उम्र जो भी पहले हो, के लिए आयोग में कार्यरत रहते हैं।

***राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC)***

- ***स्थापना*** – *22 दिसम्बर, 1949*
- ***मुख्यालय*** – *अजमेर*
- ***वर्तमान संरचना*** – *(1+7) एक अध्यक्ष + सात सदस्य*
- ***वर्तमान अध्यक्ष*** – *उत्कल रंजन साहू (40वें) तथा 8वें IPS अधिकारी जो अध्यक्ष बने हैं।*
- ***वर्तमान सदस्य*** – *नाम : कैलाशचन्द मीणा, कर्नल केसरी सिंह राठौड़, संगीता आर्य, मंजू शर्मा, प्रो. अयूब खान,* ***बाबूलाल कटारा (निलंबित)*** *(01 पद रिक्त)*
- ***वर्तमान सचिव*** – *रामनिवास मेहता*
- ***मुख्य परीक्षा नियंत्रक*** – *आशुतोष गुप्ता, आईएएस*

- RPSC के वर्तमान तक नियुक्त किए गए IAS एवं IPS अधिकारियों का कार्यकाल के साथ ब्यौरा।

**साहू ऐसे आठवें आईपीएस बने, उप्रेती के बाद लगातार तीसरे स्थायी अध्यक्ष**

| आईएएस | आईपीएस |
|---|---|
| 1. एलएल जोशी (कार्यवाहक) 4-12-1958 से 31-07-1960 तक | 1. पीएस यादव, 01-10-1997 से 6-11-1997 तक |
| 2. डॉ. बीएल रावत 1-8-1966 से 3-9-1966 तक | 2. देवेन्द्र सिंह 6-11-1997 से 30-12-2000 तक |
| 3. राम सिंह चौहान 1-7-1979 से 10-9-1980 तक | 3. एचएन मीना (कार्यवाहक, से.नि. आईपीएस) 4-7-2006 से 19-9-2006 तक |
| 4. जेएम खान 8-11-1985 से 27-11-1989 तक | 4. महेंद्र लाल कुमावत (कार्यवाहक, से.नि. आईपीएस) 28-2-2010 से 1-7-2011 तक |
| 5. यतींद्र सिंह 5-9-1990 से 6-10-1995 तक | 5. डॉ. हबीब खान गौरान (से.नि. आईपीएस) 31-08-2012 22-09-2014 तक |
| 6. हनुमान प्रसाद 6-10-1995 से 30-9-1997 तक | 6. डॉ. भूपेंद्र सिंह (से.नि. आईपीएस) 14-10-2020 से 1-12-2021 तक |
| 7. एनके. बैरवा 31-12-2000 से 22-3-2004 तक | 7. संजय कुमार श्रोत्रिय (से.नि. आईपीएस) 16-2-2022 (एफ/एन) 1-8-2024 तक |
| 8. डॉ. एलके पंवार (से.नि. आईएएस) 10-8-2015 से 10-7-2017 तक | |
| 9. दीपक उप्रेती (से.नि. आईएएस) 23-7-2018 से 14-10-2020 तक | |

### प्रो. गौरव वल्लभ



- **निवासी** – पीपाड़ शहर, जोधपुर
- **चर्चा में** – अर्थशास्त्री एवं प्रो. गौरव वल्लभ को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् (EAC-PM) का सदस्य नियुक्त किया गया है।
- **विशेष** –
  - (i) EAC-PM के सदस्य के रूप में भारत सरकार को आर्थिक विकास, राजनीतिक योजना, प्रशासनिक एवं राजकोषीय सलाह देंगे।
  - (ii) **EAC-PM के वर्तमान अध्यक्ष** – अर्थशास्त्री एस. महेन्द्र देव

### नखतसिंह भाटी

- **निवासी** – गौरड़िया गाँव, हरसाणी (बाड़मेर)
- **चर्चा में** – इनके द्वारा महात्मा ईसरदास विरचित **"देवियांण"** (साहित्यिक पुस्तक) का राजस्थानी भाषा में सरलार्थ किया गया।
- **विशेष** –
  - ➢ 'राजस्थानी सरलार्थ' को राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर द्वारा प्रकाशित किया गया।
  - ➢ **"बांचो दुर्गा सपतसती, वा बांचो देवियांण। पाठी श्रोता को परम, सुखप्रद उभय समान"।।**
    - ✓ **राजस्थानी सरलार्थ** – महात्मा ईसरदास जी शिव अर शक्ति ने द्वैत नी अद्वैत मान्यां है, अर आपरै अेक गीत में कह्यो है, कि जिको नर "शक्ति नै छोड़ र शिव नै अर शिव नै छोड़ र शक्ति" नै ध्यावे उणरो कदैई मोख नीं होवे।






## डॉ. ललित के. पंवार

- **चर्चा में** – हाल ही में भारत सरकार द्वारा सेवानिवृत्त IAS अधिकारी और राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पंवार को **नीति आयोग में ''विशेष आमंत्रित सलाहकार''** नियुक्त किया है।
- डॉ. पंवार नीति आयोग में पर्यटन, होटल, रिसॉर्ट और टूर संचालन के माध्यम से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के विषय पर सुझाव देंगे।
- राजस्थान की पर्यटन पहचान बने **''पधारो म्हारे देश''** स्लोगन गढ़ने का भी श्रेय।

## वी. श्रीनिवास, IAS

- **चर्चा में** – राजस्थान कैडर के 1998 बैच के IAS और दिल्ली में प्रशासनिक सुधार विभाग के सचिव वी. श्रीनिवास **अंतर्राष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान (IIAS) की अध्यक्षता** करेंगे।
- **विशेष बिन्दु**
  - भारत प्रशासनिक सुधार विभाग के माध्यम से 1998 से IIAS का सदस्य देश है।
  - 78 साल में पहली बार किसी IAS को यह सम्मान मिला है।
  - IIAS के 2025-28 के अध्यक्ष पद के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवम्बर, 2024 में सचिव वी. श्रीनिवास की भारतीय उम्मीदवारी को नामित किया था।
  - 03 जून, 2025 को भारत और ऑस्ट्रिया में हुए चुनाव में भारत को 61.7% वोट मिले इसके साथ ही भारत ने IIAS की अध्यक्षता जीत ली।

### *अंतर्राष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान (IIAS)*

- ***स्थापना*** *– 1930*
- ***मुख्यालय*** *– ब्रुसेल्स, बेल्जियम*
- *एक वैश्विक गैर-लाभकारी संगठन है, जो 31 सदस्य देशों, 20 राष्ट्रीय अनुभागों और 15 शैक्षिक अनुसंधान केन्द्रों का संघ है।*

## लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह

- **जन्म** – 14 जुलाई, 1919 को बीकानेर राज्य में चुरू क्षेत्र के कुसुमदेसर गांव में एक राजपूत परिवार में हुआ था।
- **चर्चा में** – नाथूला चौकी, जो कि 1967 के भारत-चीन संघर्ष से जुड़ी है, जब सिक्किम में नाथू ला और चो ला में भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच झड़प हुई थी जिसमें भारत की निर्णायक विजय हुई थी। **अब इस नाथूला चौकी का नाम परिवर्तित करके ''वीर सगत सिंह पोस्ट'' कर दिया गया है।**
- **शौर्यता का प्रदर्शन**
  - द्वितीय विश्व युद्ध – 1939-44
  - गोवा का विलय – 1961
  - दूसरा चीन-भारत युद्ध – 1971
  - ऑपरेशन कैक्टस लिली – 1971

## नियुक्तियाँ

- हाल ही में 05 जून, 2025 को डॉ. भगवती प्रसाद सारस्वत को कोटा विश्वविद्यालय का नया कुलपति **(अब पदनाम = कुलगुरु)** नियुक्त किया गया।
- राजस्थान पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू को RPSC का अध्यक्ष नियुक्त करने के बाद सरकार द्वारा IPS डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा को कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया। (कार्यकाल – 30 जून, 2025 तक)
- प्रदेश के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा के सेवानिवृत्त पश्चात् **राजीव शर्मा** (1990 बैच के IAS अधिकारी) जो कि मूलत: मथुरा, उत्तर प्रदेश के निवासी हैं, इन्हें **नया पुलिस महानिदेशक** नियुक्त किया गया है।

- 23 जून, 2025 को भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी **डॉ. रवि कुमार सुरपुर** को **'राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल'** (RSPCB) के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया।

# चर्चित स्थान

## तालछापर अभयारण्य, चुरू

- **चर्चा में** – सुजानगढ़, चुरू से सटे जसवंतगढ़ ताल में 450 हैक्टेयर क्षेत्र में **''मिनी तालछापर अभयारण्य''** निर्मित किया जाएगा।
- **विशेष बिन्दु** –
  - देश में प्रथम बोमा तकनीक से काले हिरणों को स्थानांतरित किया गया।
  - **बोमा तकनीक** – जंगली जानवरो को पकड़ने एवं सुरक्षित एक आवास स्थल से दूसरे आवास स्थल तक अनुकूलित करवाना।

## कोटा

- कोटा में **'प्रदेश का प्रथम संत कबीर शोध केन्द्र'** स्थापित किया जाएगा।
  - **उद्देश्य** – संत कबीर के आध्यात्मिक, सामाजिक, साहित्यिक योगदान, शोध&अनुसंधान को जन-जन तक पहुँचाना।
  - कोटा विकास प्राधिकरण (KDA) ने मुकुंदरा विहार में 3200 वर्गमीटर भूमि आवंटित की है।

## जयपुर

- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के तहत् वास्तविक लाभ प्राप्त करने के लिए संचालित **'गिव-अप अभियान' में जयपुर जिला संपूर्ण राज्य में प्रथम स्थान** पर रहा है। (1,88,255 अपात्र व्यक्तियों ने स्वेच्छा से नाम हटवाए)
- स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु 05 जून, 2025 को जयपुर में नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड, जयपुर व्यापार महासंघ और फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (FTII) द्वारा ट्रेडर्स मीट का आयोजन किया गया।
- 25 जून, 2025 को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा जयपुर में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों हेतु विशेष टाउन हॉल बैठक का आयोजन किया गया।
- राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर को 21 वर्ष बाद नैक ए प्लस ग्रेड मिली है, नैक टीम ने 03-05 जून तक विश्वविद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर, लैब, पर्यावरण के हिसाब से वातावरण और लाइब्रेरी जैसे मापदंडों का निरीक्षण के बाद ए प्लस ग्रेड दी है।
  - वर्ष 2004 में ए प्लस ग्रेड
  - वर्ष 2016 में ए ग्रेड
  - वर्ष 2025 में ए प्लस ग्रेड
- **जयपुर को खेल में मिली तीन बड़ी सौगातें** –
  1. मल्टीपर्पज संभाग स्तरीय खेल स्टेडियम बगरू, जयपुर
  2. महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, अचरोल, जयपुर (प्रदेश की प्रथम ऐसी यूनिवर्सिटी होगी जहाँ खेलों को लेकर डिग्री, कोर्स, कोचिंग और रिसर्च तक सुविधाएँ एक साथ मिलेगी)
  3. स्पोर्ट्स कॉलेज, जयपुर
- राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव, 2025 का आयोजन 11-12 दिसम्बर, 2025 को जयपुर में किया जाएगा।
- 13वें स्टोन मार्ट, 2026 का आयोजन RIC (राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर) जयपुर में 05-08 फरवरी, 2026 तक RIICO, सीडॉस और लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा।
- अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस (26 जून, 2025) पर **''रन अगेंस्ट ड्रग एब्यूज''** मैराथन का आयोजन आमजन में जागरूकता व नशामुक्ति हेतु सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा किया गया।

## जोधपुर

- जोधपुर के डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय में **''राजस्थान का प्रथम पंचकर्म केन्द्र''** बनाया जा रहा है।
- राज्यस्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह, 2025 का आयोजन 15 अगस्त, 2025 को जोधपुर में होगा।
- जोधपुर स्थित थल सेना की कोणार्क कोर के नए कमांडर के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल एवीएस राठी ने कमान संभाली 28वें जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा से कार्यभार ग्रहण किया।

- 05 जून, 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल एवं पर्यावरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में जोधपुर में **''रन फॉर एन्वायर्नमेंट''** का आयोजन किया गया।

### जैसलमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल **''एक पेड़ माँ के नाम अभियान''** से प्रेरणा लेकर हमने गत वर्ष 07 करोड़ से अधिक पौधे लगाए तथा इस वर्षा काल में हम 10 करोड़ पौधे लगाने जा रहे हैं। (11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जैसलमेर के खुहड़ी में राज्यस्तरीय कार्यक्रम में 21 जून, 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा)
- जैसलमेर में सेना का ''फ्यूचर रेड्डी'' अभ्यास बैटल एक्स डिवीजन ने पश्चिमी सीमा जैसलमेर पर ''फ्यूचर रेड्डी'' थीम पर उन्नयन किया। (उद्देश्य - रेगिस्तानी इलाकों में ऑपरेशन रेडीनेस की जांच एवं युद्ध कौशल का परीक्षण करना)

### भरतपुर

- **गंगा मंदिर, भरतपुर** – गंगा दशहरा के अवसर पर प्रसिद्ध गंगा मंदिर की नींव 1845 में भरतपुर महाराजा बलवंतसिंह ने रखी थी।
  - **निर्माण** – बंसी पहाड़पुर के प्रसिद्ध लाल गुलाबी पत्थरों से निर्मित है।
  - मंदिर से सुसज्जित गंगा माँ की मूर्ति की प्रतिष्ठा वर्ष 1937 में तत्कालीन शासक सवाई बृजेन्द्र सिंह ने करवाई थी।
- भरतपुर से करीब 37 किलोमीटर दूर डीग जिले के बहज ग्राम में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) को 3500 से 1000 ई. पूर्व पुरानी सभ्यता को अवशेष मिले हैं तथा इसी स्थान पर ASI द्वारा 23 मीटर की गहराई पर एक प्राचीन नदी तंत्र (पोलियो चैनल) की खोज की गई है, पुरातत्व शोधार्थी इसे ऋग्वेद में वर्णित सरस्वती नदी से जोड़कर देख रहे हैं।

### उदयपुर

- हाल ही में थाइलैंड में आयोजित एशियन चैंपियनशिप में उदयपुर निवासी कयाकिंग खेल, हर्षवर्धन शक्तावत (पुरुष वर्ग सीनियर) ने कैनो स्प्रिंट में 1000 मीटर प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता।
- राजस्थान की **'प्रथम बाइक ऑन रेंट सेवा'** का उदयपुर से शुभारंभ किया गया।
- राजस्थान की **'प्रथम इलेक्ट्रिक डबल डेकर बोट'** पिछोला झील, उदयपुर में शुरू की गई है। जो कि पैंटुन तकनीक से बनी है, आँधी-तूफान में भी स्थिरता एवं सुरक्षित रह सकेगी।

## चर्चित योजनाएँ/कार्यक्रम/अभियान

### धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान

- **शुभारंभ** – कोटड़ा ब्लॉक, उदयपुर (एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय)
- **उद्घाटन** – जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी द्वारा।
- **क्रियान्वयन** – राजस्थान के 34 जिलों के 207 विकास खंडो में स्थित 6019 गाँवों का विकास किया जाएगा।
- **शिविर आयोजन** – 15 जुलाई, 2025 तक ग्राम पंचायत स्तर पर 18 विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा।
- **उद्देश्य** –
  - ग्रामीण और वंचित आबादी को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलवाकर समाज की मुख्य धारा में शामिल करना।
  - स्थानीय स्तर पर समग्र सामाजिक-आर्थिक रोजगार सृजित करना।
  - जनजाति संस्कृति, विरासत का संरक्षण व संवर्द्धन करना।

### आपणो गाँव-साफ सुथरो गाँव अभियान

- **शुभारंभ** – 13 जून, 2025 को रामगंज मंडी, मोडक, कोटा से
- **नेतृत्वकर्ता** – महत्वाकांक्षी पहल का नेतृत्व शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर द्वारा।
- **उद्देश्य** – ''स्वच्छ भारत मिशन (SBM)'' के अन्तर्गत राजस्थान के प्रत्येक गाँव में सम्पूर्ण स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु।

### वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान, 2025

- **आयोजन** – 05 जून-20 जून, 2025 तक
- **शुभारंभ** – भजनलाल शर्मा द्वारा गंगा दशहरा और विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर।

- **स्थान** – जमवारामगढ़ में रामगढ़ बांध पर मोरी के निकट गोपालगढ़ गांव से
- **विभाग** – जल ग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग, राजस्थान सरकार
- **उद्देश्य** – भू-जल स्तर में वृद्धि करना, जल संचयन एवं संरक्षण को बढ़ाना, जल निकायों का जीर्णोद्धार करना।
- **टैगलाइन** – **''पाणी रो मान राखो, जीवण रो ध्यान राखो''**




# पुरस्कार/सम्मान

## साहित्य अकादमी पुरस्कार-2025

- राजस्थानी भाषा हेतु वर्ष 2025 के लिए निम्न पुरस्कार प्रदान किए गए-
  - **बाल साहित्य पुरस्कार**
    - ✓ **विजेता** – भोगीलाल पाटीदार (बांसवाड़ा)
    - ✓ **कृति** – नाटक (पांखेरूवां नी पीड़ा)
  - **युवा साहित्य पुरस्कार**
    - ✓ **विजेता** – पूनमचंद गोदारा, बीकानेर
    - ✓ **कृति** – काव्यसंग्रह (अंतस रे आंगणे)

## मिस यूनिवर्स राजस्थान-2025

- **विजेता** – ''शीना पाराशर'' को मिस यूनिवर्स राजस्थान, 2025 का ताज पहनाया गया।
- **फर्स्ट रनरअप** – अकांक्षा चौधरी
- **सेकेण्ड रनरअप** – नव्या शेखावत
- **आगामी इवेंट** – राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व शीना पाराशर करेगी।

## डॉ. सुचरिता डे

- **चर्चा में** – IIT जोधपुर में जोधपुर में कार्यरत जैव विज्ञान एवं जैव अभियांत्रिकी विभाग की सहायक प्रो. डॉ. सुचरिता डे को भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (INSA) द्वारा वर्ष 2025 के लिए **'INSA यंग एसोसिएट्स अवॉर्ड'** के लिए चुना गया।




## मरुधरा गौरव सम्मान, 2025

- **आयोजन** – विश्व संगीत दिवस पर 21 जून, 2025 को जोधपुर में।
- **आयोजक** – मरुधरा लोक कला और संगीत सेवा संस्थान
- **उद्देश्य** – राजस्थान की लोक कला एवं संगीत क्षेत्र को बढ़ावा देना तथा लुप्त हो रही कलाओं को खोजकर संरक्षण देना।
- **शुरूआत** – सम्मान की शुरूआत वर्ष 2024 में मरुधरा लोक कला और संगीत संस्थान द्वारा।
- **सम्मानित मुख्य कलाकार** – 04 पद्म श्री हस्तियाँ : नारायणसिंह माणकलाव, शीन काफ निजाम, मोइनुद्दीन खान, अनवर खान

## 29वाँ राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह

- **कब** – 28 जून, 2025 को
- **आयोजन** – तक्षशिला सभागार, माहेश्वरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर, जयपुर

❑ **उद्देश्य** – शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले भामाशाहों एवं प्रेरकों को सम्मानित करना।

❑ **वर्ष 2025 हेतु** – 134 भामाशाहों को राज्य स्तरीय सम्मान। एक करोड़ रुपये या उससे अधिक सहयोग करने वाले 35 भामाशाहों को **'शिक्षा विभूषण सम्मान'** 30 लाख रुपये से एक करोड़ राशि की सहयोग करने वाले 99 भामाशाहों को **'शिक्षा भूषण'** से सम्मानित किया गया।

### तम्बाकू नियंत्रण में राजस्थान को बेस्ट परफोर्मेंस अवॉर्ड

❑ **चर्चा में** – राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में घटित गतिविधियों के आधार पर राजस्थान ने संपूर्ण राष्ट्र में प्रथम स्थान हासिल किया।

❑ **पुरस्कार** – केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को **''बेस्ट परफोर्मेंस अवॉर्ड''** दिया।

❑ **विशेष** –

- ➢ राज्य सरकार ने वर्ष 2025 तक तम्बाकू सेवन की प्रवृत्ति में 30% तक कमी का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।
- ➢ सतत् विकास लक्ष्य (SDG) के तहत् यह लक्ष्य हासिल किया जाएगा (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग)

### शुभ्रांशु सिंह

❑ राजस्थान निवासी टाटा मोटर्स के शुभ्रांशु सिंह को फोर्ब्स ने दुनिया के सबसे प्रभावशाली **चीफ मार्केटिंग ऑफिसर** (CMO) के रूप में टॉप 50 लोगों की सूची में 33वें नम्बर पर चुना तथा **'ट्रक व्हिस्परर'** का टाइटल भी दिया।

- ➢ फोर्ब्स ने फ्रांस में आयोजित कान्स लायंस इंटरनेशनल फेस्टिवल ऑफ क्रिएटिविटी में वर्ष 2025 के लिए दुनिया की सबसे प्रभावशाली CMO सूची जारी की।

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी

### पोखरण फायरिंग रेंज में UAV रूद्रास्त्र का सफल परीक्षण

❑ **चर्चा में** – 11 जून, 2025 को सोलर एयरोस्पेस डिफेंस लिमिटेड (SADL) द्वारा पोखरण फायरिंग रेंज में अत्याधुनिक **''हाइब्रिड VTOL UAV रूद्रास्त्र''** का सफल परीक्षण।

❑ **विशेषता**

- ➢ **PGAPW** (प्रिसिजन-गाइडेड एंटी पर्सनल वॉरहेड) का सफल टेस्टिंग
- ➢ **परिचालन रेंज** = 170 किमी. से अधिक
- ➢ **VTOL** (वर्टिकल टेकऑफ एंड लैंडिंग क्षमता)
- ➢ **लम्बी उड़ान अवधि** = 1.50 घंटा अनुमानित

### मिनरल एक्सप्लोरेशन में AI

❑ **चर्चा में** – राजस्थान के भौगोलिक परिदृश्य में खनिजों की खोज हेतु AI (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) व मशीन लर्निंग तकनीक का उपयोग किया जाएगा।

❑ **पायलट प्रोजेक्ट** – भीलवाड़ा, भरतपुर, चित्तौड़गढ़ को चिन्हित किया गया।

❑ **क्रियान्वयन** – स्टेट मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट द्वारा केन्द्र सरकार एवं नोटिफाइड प्राइवेट एक्सप्लोरशन एजेंसी के द्वारा।

### सोलर एंड स्टोरेज कॉन्फ्रेंस, 2025

❑ **आयोजन** – 20 जून, 2025 को जयपुर में।

❑ **उद्देश्य** – सम्मेलन में स्मार्ट ग्रिड, ऊर्जा भंडारण तथा नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों पर केन्द्रित सत्र और नवीनतम सौर प्रौद्योगिकियों एवं उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।

### हरित भारत एक्सपो, 2025

❑ **आयोजन** – 25-27 जुलाई, 2025 करणी पैलेस, कोटा

❑ **आयोजक** – क्यूरैट संस्था, जयपुर

❑ **उद्देश्य** –

- ➢ यह एकीकृत मंच जो हरित प्रोद्योगिकी से जुड़े अनेक क्षेत्रों को संवर्द्धन करता है, जिसमें MSMs स्टार्टअप्स, नीति निर्माता, सतत् विकास को बल मिलेगा।

- ➢ सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, EV, भू-जल उद्योग, जैविक उत्पाद उद्योग के क्षेत्रों पर भी चर्चा की गई।

- *RIC (राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर) जयपुर में ''भारत सोलर एक्सपो'' का 6-8 जुलाई 2024 को किया गया था।*
- *राजस्थान का प्रथम हरित बजट, 2025-26 - उप-मुख्यमंत्री (वित्तमंत्री) दिया कुमारी ने 19 फरवरी, 2025 को राजस्थान विधानसभा में वर्ष 2025-26 का Ist ग्रीन बजट पेश किया था।*

## आठवाँ 7आर कॉन्क्लेव, 2025

- ❒ **आयोजन** - 05 जून, 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर जयपुर में।
- ❒ **थीम - ''फ्यूचर सिटीज-सस्टेनेबल, रेजिलिएंट एंड थ्राइविंग''**
- ❒ **7आर का पूरा नाम** - (रीथिंक, रिफ्यूज, रिड्यूस, रीयूज, रिफर्बिश, रिकवर, रिसाइकिल)
- ❒ **आयोजक** - कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (CII) राजस्थान द्वारा।
- ❒ **विशेष बिन्दु**
  1. भविष्य के शहरों को 'सर्कुलर' सस्टेनेबल, रिजिलिएंट और थ्राइविंग बनाने पर बल।
  2. ग्रीन बिल्डिंग का क्षेत्र (टॉप 5 स्टेट में राजस्थान) पर जोर देकर $CO_2$ उत्सर्जन को कम करना।

## सिवाना पहाड़ियों में दुर्लभ खनिज मिला

- ❒ **कहाँ** - सिवाना हिल्स, बालोतरा
- ❒ **घोषणा** - भारत सरकार के परामणु ऊर्जा विभाग द्वारा।
- ❒ **अनुमानित भंडार** = 1,11,845 टन।
- ❒ **खनिज** - रेयर अर्थ एलिमेंट ऑक्साइड (RRE)

# खेल गतिविधियाँ

## राजस्थान के दो खिलाड़ी U-16 SABA कप हेतु भारतीय टीम में चयनित

- ❒ SABA (South Asia Basketball Association) कप 12-15 जून, 2025 को मालदीव में आयोजित।
- ❒ **राजस्थान के दो चयनित खिलाड़ी**
  - (i) मोहम्मद रजा, जैसलमेर
  - (ii) अरमान मटोरिया, श्रीगंगानगर
- ❒ राजस्थान का राज्य खेल बास्केटबॉल है। इसे 1948 में राज्य खेल घोषित किया गया।

## 12वीं बीच कबड्डी प्रतियोगिता

- ❒ **आयोजन** - मछलीपट्टनम, आंध्रप्रदेश
- ❒ **अवधि** - 04-08 जून, 2025 तक
- ❒ **परिणाम** - राजस्थान पुरुष कबड्डी टीम उपविजेता रहीं।
- ❒ **विशेष** -
  - ➢ **फाइनल मैच** - राजस्थान बनाम आंध्र प्रदेश
  - ➢ **सेमी-फाइनल** - राजस्थान बनाम हरियाणा
  - ➢ **राजस्थान कबड्डी संघ के अध्यक्ष** - तेजस्वी सिंह गहलोत

## 34वीं सीनियर नेशनल वुशू चैंपियनशिप

- ❒ **आयोजन** - 14-19 जून, 2025 तक पूर्णिमा यूनिवर्सिटी, जयपुर में।
- ❒ **आयोजक** - भारतीय वुशू संघ एवं राजस्थान वुशू संघ के संयुक्त तत्वावधान में।
- ❒ **राजस्थान का प्रदर्शन** -
  - ➢ मेजबान राजस्थान ने कुल 24 पदक (10 स्वर्ण, 08 रजत, 06 कांस्य) जीतकर ओवरऑल चैंपियन बना।
  - ➢ राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष - हीरानंद कटारिया



## 5वाँ खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (KIUG-2025)

- **चर्चा में** – खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2025 का 5वाँ संस्करण नवम्बर, 2025 राजस्थान (जयपुर) में आयोजित होगा।
- **आयोजक** –
  - ✓ **मुख्य आयोजक** – राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद्
  - ✓ **सह-आयोजक** – पूर्णिमा विश्वविद्यालय एवं राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
- **प्रमुख पदाधिकारी** –
  - ✓ **खेलमंत्री** – कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ (राजस्थान)
  - ✓ **क्रीड़ा परिषद अध्यक्ष** – डॉ. नीरज के. पवन
- **भागीदारी** – लगभग 4000 से अधिक एथलीट्स एवं लगभग 200 विश्वविद्यालय
- **प्रतिस्पर्धी खेल** – कुल 25 खेल विधाएँ होंगी।
- **जयपुर में छः आयोजन के प्रमुख स्थल** – पूर्णिमा विश्वविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, SMS स्टेडियम, जगतपुरा शूटिंग रेंज, विद्याधर नगर स्टेडियम, राजस्थान पुलिस अकादमी।

## 23वीं नेशनल जूनियर (U-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप, 2025

- **आयोजन** – 22-24 जून, 2025 तक प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में।
- **स्थल** – मदन मोहन मालवीय स्टेडियम
- **आयोजक** – एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत् यूपी एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा।
- **राजस्थान का प्रदर्शन** – राजस्थान के एथलीट्स ने 02 स्वर्ण, 04 कांस्य सहित कुल 06 पदक जीते-

| खिलाड़ी | स्पर्धा | प्रदर्शन | पदक |
|---|---|---|---|
| दीपेश चौधरी | भाला फेंक | 72.98 मीटर | स्वर्ण |
| बसंत | ऊँची कूद | 2.11 मीटर | स्वर्ण |
| नरपत सिंह | हैमर थ्रो | 58.32 मीटर | कांस्य |
| चूकी बिरड़ा | पॉल वाल्ट | 3.50 मीटर | कांस्य |
| जाह्नवी शेखावत | भाला फेंक | 43.05 मीटर | कांस्य |
| मुस्कान | 1500 मीटर दौड़ | 4:35:33 मिनट | कांस्य |

## सागर वर्मा



- **निवासी** – जयपुर
- **खेल** – पावर लिफ्टिंग (66 किलो वर्ग)
- **चर्चा में** – पटाया, थाईलैंड में आयोजित वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में 675 किलो वजन उठाकर (डेडलिफ्ट में 267.5 किलोग्राम, स्क्वैट में 250 किलोग्राम, बेंच प्रेस में 157.5 किलोग्राम) स्वर्ण पदक जीता।
  - ➢ यह वर्ल्ड चैंपियनशिप **वर्ल्ड पॉवर स्पोर्ट्स फेडरेशन** द्वारा 25-28 जून, 2025 तक आयोजित की गई।
  - ➢ दिसम्बर, 2024 में आयोजित नेशनल गेम्स में भी स्वर्ण पदक जीतकर इस इवेंट को क्वालिफाई किया था।
- **उपलब्धियाँ**
  - ➢ 2023 में दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल में आयोजित इंटर-एनआईटी गेम्स में रजत पदक
  - ➢ तीन बार नेशनल चैम्पियन
  - ➢ उल्टी गिनती 22.83 सेकेण्ड में बोलकर **इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड** में नाम दर्ज करवाया।
  - ➢ सबसे तेज उल्टी A,B,C,D, ....... बोलकर **गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड** में नाम दर्ज करवाया।

## यश भराड़िया

- **निवासी** – जयपुर
- **खेल** – शतरंज
- **चर्चा में** – बेलग्रेड, सर्बिया में इंटरनेशनल शतरंज टूर्नामेंट में अपना तीसरा और अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मास्टर (IM) नॉर्म हासिल किया।
  - ➢ I$^{st}$ आईएम नॉर्म 2024 – सर्बिया ओपन
  - ➢ 2$^{nd}$ आईएम नॉर्म 2025 – आर्मेनिया में होवहेन्स डेनियलयान
  - ➢ 3$^{rd}$ आईएम नॉर्म 2025 – रडनिकीचेस बेलग्रेड, सर्बिया

- यश आईएम नॉर्म विजेता राजस्थान के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। (पहले खिलाड़ी अभिजीत गुप्ता, 2005 में जीते थे)
- **उपलब्धियाँ** –
  - ✓ 2022 – अंडर-13 नेशनल चैंपियनशिप, कांस्य पदक
  - ✓ 2022 – अंडर-13 राजस्थान स्टेट चैम्पियन
  - ✓ 2023 – अंडर-19 नेशनल चैंपियनशिप, कांस्य पदक

## रूद्रांश खंडेलवाल

- **निवासी** – भरतपुर
- **खेल** – शूटिंग
- **चर्चा में** – साउथ कोरिया में आयोजित वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स के वर्ल्ड कप में रूद्रांश ने पाँच मेडल जीते।
  - एसएच 1 कैटेगरी की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक (01)
  - टीम इवेंट, स्टैंडर्ड पिस्टल व्यक्तिगत और टीम इवेंट में रजत पदक (03)
  - सुमेधा पाठक के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में कांस्य पदक (01)
- **चर्चा में** – मेड़ता शहर, नागौर के शिवराज सांखला ने भी इसी वर्ल्ड कप में 50 मीटर पिस्टल टीम इवेंट में रजत पदक जीता।

## अभिजीत गुप्ता




- **निवासी** – भीलवाड़ा
- **खेल** – शतरंज
- **चर्चा में** – दिल्ली जीएम ओपन शतरंज टूर्नामेंट में चौथा खिताब जीता है। (इससे पूर्व 2008, 2014, 2020 में भी दिल्ली जीएम ओपन टूर्नामेंट जीत चुके हैं)
- **पुरस्कार** – 07 लाख रुपये और ट्रॉफी
- **उपलब्धियाँ**
  - राजस्थान के ऐसे प्रथम खिलाड़ी/ग्रैंडमास्टर्स जो 18 साल में चौथी बार दिल्ली ग्रैंडमास्टर्स ओपन शतरंज टूर्नामेंट चैम्पियन बने।
  - 2013 में अर्जुन अवॉर्ड मिला।
  - 05 बार कॉमनवेल्थ शतरंज चैम्पियन जीतने वाले भी राजस्थान के पहले खिलाड़ी हैं।

## श्रेयांशी जैन




- **निवासी** – जयपुर
- **खेल** – शतरंज (U-7)
- **चर्चा में** – शतरंज की नन्हीं क्वीन श्रेयांशी जैन ने खोरदा, ओडिशा में आयोजित अंडर-7 नेशनल शतरंज चैम्पियनशिप, 2025 में सभी 09 राउंड जीतकर 09 अंक हासिल करके स्वर्ण पदक जीता।
- 04 माह पूर्व अंडर-7 की स्कूल नेशनल चैम्पियनशिप जो काकीनाडा, आंध्रप्रदेश में आयोजित हुई थी, इसमें भी सभी 09 राउंड जीते थे। इसी उपलब्धि के तहत् **'विश्व चैम्पियन गुकेश डीबीडी अवॉर्ड'** मिला था।

# विविध

## बीड़ पापड़ लेपर्ड सफारी

- **स्थिति** – विद्याधर नगर, जयपुर (नाहरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य का तीसरा हिस्सा)
- **उद्घाटन** – वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री शर्मा द्वारा। (05 जून, 2025 को)
- **विशेषता** –
  - जयपुर की तीसरी लेपर्ड सफारी है, तेंदुओं हेतु समर्पित है।

**नोट :** (i) झालाना लेपर्ड सफारी – 2017
(ii) आमागढ़ लेपर्ड सफारी – 2022

## राजस्थान के दो नवीन रामसर स्थल घोषित

- **कब** – विश्व पर्यावरण दिवस (05 जून, 2025) के अवसर पर राजस्थान के दो नए स्थलों – खींचन (फलौदी) तथा मेनार (उदयपुर) को रामसर आर्द्रभूमियों की सूची में शामिल किया गया।

❒ **विशेषताएँ** –

**1. खीचन (फलौदी)**

- खीचन गाँव, फलौदी में स्थित है, डेमोइजेल क्रेन (स्थानीय नाम-कुरजां) के लिए प्रसिद्ध है। (पक्षी जैव विविधिता का केन्द्र)
- प्रतिवर्ष एशिया से हजारों प्रवासी कुरजां पक्षी यहाँ विचरण हेतु आते हैं।



**2. मेनार (उदयपुर)**

- उदयपुर से लगभग 45 किलोमीटर पूर्व में स्थित मेनार गाँव **''पक्षियों का गाँव''** कहा जाता है।
- ब्रह्म तालाब और ढांढ तालाब (प्रवासी और स्थानीय पक्षियों हेतु महत्वपूर्ण आवास केन्द्र)



***रामसर स्थलों की नवीन घोषणा के बाद अब राजस्थान में कुल 04 रामसर स्थल हो गए हैं–***

*1. केवलादेव राष्ट्रीय पक्षी उद्यान – 1981, भरतपुर*

*2. सांभर झील – 1990, जयपुर*

*3. खींचन – 2025, फलौदी*

*4. मेनार – 2025, उदयपुर*

***नोट :*** *इन दोनों स्थलों के शामिल होने के बाद भारत में अब कुल 91 रामसर स्थल हो गए हैं जो कि एशिया में सर्वाधिक है।*

## बालश्रम उन्मूलन पर कार्यशाला

❒ **आयोजन** – 02 जून, 2025 को IGPRS, जयपुर में

❒ **लक्ष्य** – राज्य सरकार वर्ष 2030 तक बालश्रम मुक्त राजस्थान बनाने की ओर अग्रसर रहेगी।

❒ **बालश्रम निषेध दिवस (12 जून, 2025)**

- **थीम** – ''प्रगति स्पष्ट है, लेकिन अभी और काम करना बाकी है : आइए प्रयासों में तेजी लाएँ''
- **कानून** – बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) 1986 संशोधित नियम-2017 के प्रभावी क्रियान्वयन, कार्यवाही एवं जागरूकता पर बल दिया गया।

## बूंदी में बनेगा स्टोन पार्क

❒ **घोषणा** – मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा।

❒ **निर्माण** – बूंदी जिले की तालेड़ा तहसील के कछालिया ग्राम में।

❒ **भूमि आवंटन** – 47.07 हेक्टेयर भूमि राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोग निगम लिमिटेड (रीको) को आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की।

❒ **कानून** – राज्य सरकार द्वारा यह आवंटन राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम-1956 की धारा 92 के तहत् भूमि सेट अपार्ट कर तथा राजस्थान भू-राजस्व (औद्योगिक क्षेत्र आवंटन) नियम 1959 के नियम 11ए के तहत किया गया है।

## ऑपरेशन सिंदूर के नाम गोडावण चूजों का नाम

❒ राजस्थान वन विभाग ने मई, 2025 में जन्में चार गोडावण चूजों के नाम ''ऑपरेशन सिंदूर'' एवं संबंधित व्यक्तियों के नाम पर रखे जाने की घोषणा की।

- **सिंदूर** – ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर
- **व्योम** – विंग कमांडर व्योमिका सिंह के नाम पर
- **मिश्री** – विदेश सचिव विक्रम मिश्री (IFS) के नाम पर
- **सोफिया** – कर्नल सोफिया कुरैशी के नाम पर

**गोडावण**

- *राज्यपक्षी घोषित – 1981*
- ***वैज्ञानिक नाम** – आर्डियोटिस नाइग्रिसेप्स*
- ***प्रजनन केन्द्र** – सुदासरी (जैसलमेर) सोरसन (बारां)*
- ***हैचिंग सेंटर** – रामदेवरा (जैसलमेर)*
- ***IUCN की रेड लिस्ट** – गंभीर रूप से संकटग्रस्त*
- ***भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972** – अनुसूची-I*

## राजस्थान रनवे फेस्टिवल, 2025

- **आयोजन** – जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट टर्मिनल-2




- **आयोजक** – भारतम क्रिएशन समूह द्वारा।
- **अवधि** – 14-22 जून, 2025 तक 09 दिवसीय।
- **उद्देश्य** – राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, लोककलाओं को मंच प्रदान करना एवं लुप्त हो रही स्थानीय कलाओं को संरक्षित, प्रोत्साहित करना।
- **विशेष बिन्दु**
  - कार्यक्रम में इतिहासविद् व राजस्थानी भाषा ने मान्यता दिलवाने हेतु संघर्षरत राजवीर सिंह चलकोई ने कहा कि "राजस्थानी भाषा सिर्फ भाषा ही नहीं यह हमारी संस्कृति, इतिहास एवं पहचान की आत्मा है"

## 11वाँ योग दिवस-राज्यस्तरीय समारोह

- **आयोजन** – 21 जून, 2025 को
- **स्थल** – खूहड़ी सैंड डयून्स, जैसलमेर
- **विभाग** – आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी एवं होम्योपैथी (AYUSH) विभाग, राजस्थान सरकार
- **योगाभ्यास** – प्रत्येक जिला, ब्लॉक, ग्राम पंचायत मुख्यालयों, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों इत्यादि पर योग गुरुओं द्वारा।
- **विशेष**
  - 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जयपुर ग्रेटर नगर निगम ने "अखंड योग" का अपना पूर्व विश्व रिकॉर्ड तोड़ा" (1611 मिनट)
  - इंदिरा गाँधी पंचायती राज संस्थान, जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में योग प्रतिभागियों द्वारा नियमित 30 घंटे (1800 मिनट तक) अखंड योगाभ्यास करके **"एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स"** एवं **"इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स"** में अपना नाम दर्ज करवाया।
  - भारत सरकार के योग संगम पोर्टल पर 2.44 लाख प्रतिभागियों (सर्वाधिक) के पंजीकरण के साथ राजस्थान अव्वल भी रहा।
  - राज्य सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए ग्रेटर नगर निगम जयपुर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा

- **अवधि** – 24 जून-09 जुलाई, 2025 तक
- **उद्देश्य** – जरूरतमंद व्यक्तियों को महत्वपूर्ण विभागों की सरकारी योजनाओं एवं आवश्यक कार्यों के माध्यम से लाभान्वित करना।
- **टैगलाइन** – **"जन रौ हक, जन रे द्वार"**
- **शुभारंभ** – मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 24 जून, 2025 को जयपुर जिले की दूदू तहसील स्थित बिचून ग्राम से।




## यूथ एवार्डीज पुस्तिका का मुख्यमंत्री ने किया विमोचन

- **विमोचन** – नेहरू युवा केन्द्र संगठन (वर्तमान में मेरा युवा भारत) भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अन्तर्गत कार्यरत संगठन द्वारा राजस्थान के पुरस्कृत युवा एवं युवा मंडल पुस्तिका का विमोचन मुख्यमंत्री आवास पर किया गया।

- **संकलन** – पुस्तिका में 1992-93 से प्रदान किए जा रहे श्रेष्ठ जिला युवा मण्डल पुरस्कार, श्रेष्ठ राज्यस्तरीय युवा पुरस्कार, श्रेष्ठ राष्ट्रीय स्तरीय युवा पुरस्कार एवं नेशनल यूथ एवार्डीज प्राप्तकर्ता की सूचनाओं का संकलन है।

## श्रीलंका आर्मी कमांडर का जयपुर दौरा



- **कब** – 12-13 जून, 2025 को सप्त शक्ति कमान, जयपुर में।
- **नाम** – श्रीलंका आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल बी के जी एम.एल. रोड्रिगो
- **स्वागत** – दक्षिण कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह द्वारा।
- **सामरिक महत्व** – क्षेत्रीय सुरक्षा, संयुक्त प्रशिक्षण पहल, क्षमता विकास, आतंकवाद विरोधी अभियानों पर साझा संघर्ष पर चर्चा की।

## 15वीं राज्य वन्यजीव मण्डल बैठक

- **आयोजन** – 23 जून, 2025 को जयपुर में
- **अध्यक्षता** – मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा।
- **उद्देश्य** – वन्यजीवों की स्थिति, संवर्द्धन, संरक्षण एवं सरकारी योजनाओं के माध्यम से इनका प्राकृतिक, कृत्रिम उन्नयन करना।
- **विशेष बिन्दु** –
  1. लैन्टाना घास के उन्मूलन की एसओपी का अनुमादेन किया जाएगा।
  2. प्रोसोपिस जुली फ्लोरा (बिलायती बबूल) को अभियान चलाकर हटवाने पर चर्चा।

## प्रत्येक थाने में साइबर हेल्प डेस्क शुरू

- **चर्चा में** – डिजिटल युग में बढ़ते साइबर खतरों के बीच राजस्थान पुलिस ने नागरिकों की सुरक्षा हेतु महानिदेशक पुलिस राजस्थान डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा के मार्गदर्शन में अब राज्य के प्रत्येक पुलिस थाने में एक विशेष **''साइबर हेल्प डेस्क''** स्थापित किया जाएगा। (वर्तमान में पुलिस महानिदेशक – राजीव शर्मा)
- हेल्प लाइन नम्बर व्हाट्सएप 9256001930 और 9257510100 भी जारी किए गए।
- मोबाइल फोन गुम होने पर हेल्प डेस्क आपको राजस्थान पुलिस बेवसाइट (police.rajasthan.gov.in) पर ऑनलाईन/ऑफलाइन रिपोर्ट दर्ज करने और फिर ceir.gov.in पर डिवाइस को ब्लॉक कर सकेंगे।
- नेशनल हेल्पलाइन नंबर 1930 के माध्यम से फ्रीज की गई धनराशि को आपके बैंक खाते में वापस दिलाने हेतु साइबर हेल्प डेस्क पूरी मदद करेगा।
- साइबर क्राइम रिर्पोटिंग पोर्टल www.cybercrime.gov.in

## 19वाँ सांख्यिकी दिवस-राज्यस्तरीय समारोह

- **आयोजन** – 29 जून, 2025 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC), जयपुर में
- **मुख्य अतिथि** – मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा
- **विभाग** – आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, सांख्यिकी विभाग, राजस्थान सरकार
- **उद्देश्य** – राष्ट्रीय विकास के लिए सामाजिक-आर्थिक विमोचन और नीति निर्माण में खासकर युवा पीढ़ी के बीच सांख्यिकी के महत्व, संवर्द्धन पर बल देना।
- **विशेष**
  - 2007 से प्रतिवर्ष सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में अग्रणी रहे प्रोफेसर प्रशांत चन्द्र महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
  - **वर्ष 2025 की थीम** – ''राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75 वर्ष''



## वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

- **चर्चा में** – विदेशी संस्थानों के साथ शैक्षिक अनुबंध की अनुमति वाला राजस्थान का एकमात्र सरकारी संस्थान बन गया है।
  - **उद्देश्य** – VMOU, कोटा को समाज विज्ञान और ह्यूमैनिटीज के क्षेत्र में विदेशी संस्थानों से अनुबंध व शैक्षिक नवाचार की स्वीकृति दी गई है।

## राजस्थान वाहिनी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन

- **शुभारंभ** – मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 06 जून, 2025 को निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन, जयपुर से।
- **विभाग** – देवस्थान विभाग, राजस्थान सरकार
- **विशेष** – प्रदेश में प्रथम बार वरिष्ठ नागरिकों को वातानुकूलित ट्रेन से रामेश्वरम धाम एवं मदूरै की तीर्थ यात्रा करवायी गई।




## राज्य विकास समन्वय निगरानी समिति–दिशा

- **गठन** – भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार
- **अध्यक्ष** – मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा
- **सह–अध्यक्ष** – ग्रामीण विकास मंत्री
- **प्रशासनिक विभाग** – ग्रामीण विकास विभाग
- **उद्देश्य** – दिशा समिति 29 विभागों की 89 योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की समीक्षा करेगी एवं इन योजनाओं में ग्रामीण विकास, स्वच्छता, जल संरक्षण, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा संबंधित कार्यक्रम शामिल है।

## राजस्थान का रैंकिंग प्रदर्शन

- बालश्रम और बच्चों की ट्रैफिकिंग से जुड़े नेटवर्क के खिलाफ वर्ष 2024-25 से चलाए गए अभियानों में बाल मजदूरों को मुक्त कराने के मामले में राजस्थान देश के शीर्ष तीन राज्यों में शामिल रहा ($I^{st}$ - तेलंगाना, $2^{nd}$ - बिहार, $3^{rd}$ - राजस्थान) बाल अधिकारों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए नागरिक सम्मान संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क **जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन (JRC)** ने 53,651 बाल मजदूरों को मुक्त कराया जिनमें से 3,847 बच्चे राजस्थान से छुड़ाए गए।
- नीति आयोग द्वारा जारी राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक 2025 में राजस्थान का 12वाँ स्थान (परफॉर्मर श्रेणी) तथा 28.8 स्कोर रहा।
- जल शक्ति मंत्रालय ने 01 अप्रैल, 2024 से 31 मई, 2025 तक सर्वाधिक काम करने वाले जिलों और प्रदेशों की रैंकिंग जारी की है। वर्षा जल संचयन की दृष्टि से केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की रैकिंग में देश के शीर्ष पांच राज्यों में जहाँ तेलंगाना ($I^{st}$), छत्तीसगढ़ ($2^{nd}$), राजस्थान ($3^{rd}$), मध्यप्रदेश ($4^{th}$), उत्तरप्रदेश ($5^{th}$) स्थान पर रहा। इन टॉप जिलों में राजस्थान का क्रमशः भीलवाड़ा प्रथम तथा बाड़मेर द्वितीय स्थान पर रहा।
- **केयर एज रिपोर्ट में राजस्थान**
  - हाल ही में जारी केयर एज स्टेट रैंकिंग के दूसरे संस्करण में राजस्थान ने बड़े राज्यों (समूह A) में 40.50% के समग्र स्कोर के साथ 12वाँ स्थान हासिल किया। (प्रथम स्थान – महाराष्ट्र 56.5% स्कोर)
  - केयर एज रिपोर्ट में राज्यों की आर्थिक, राजकोषीय, वित्तीय विकास, इन्फ्रास्ट्रक्चर, सामाजिक, गवर्नेंस और पर्यावरणीय स्थितियों का आंकलन किया जाता है।
  - केयर एज रिपोर्ट के विभिन्न मूल्यांकन क्षेत्रों में राजस्थान की स्थिति –

| विषय | स्कोर | स्थान |
|---|---|---|
| कंपोजिट | 40.50 | 12 |
| इकोनॉमिक | 34.30 | 12 |
| फिसकल | 41.10 | 14 |
| वित्तीय विकास | 39.50 | 7 |
| इन्फ्रास्ट्रक्चर | 33.10 | 11 |
| सोशल | 50.80 | 12 |
| गवर्नेंस | 59.80 | 10 |
| पर्यावरण | 34.30 | 14 |

# अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- 21 मई-10 जून, 2025 तक राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् द्वारा राज्य के एकमात्र पर्वतीय स्थल माउंट आबू, सिरोही स्थित पोलो ग्राउंड पर 65वाँ केन्द्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।
- दिव्यांगों के पुनर्वास हेतु प्रयासरत **''भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति''** (BMVSS) को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अपने कार्यों की प्रस्तुति देने हेतु आमंत्रित किया गया है। (''जयपुर फुट'' का प्रदर्शन)
- **प्रवेशोत्सव अभियान, 2025-26** - घुमंतू, अर्द्धघुमंतू तथा विमुक्त जाति के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ने हेतु शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा अभियान शुरू किया गया।
- बाड़मेर निवासी पूजा राजपुरोहित (रड़वा गाँव) को 15 जून, 2025 को नई दिल्ली में आयोजित योग महाकुंभ एवं योग कॉन्क्लेव में **''आदियोगी योग भूषण अवॉर्ड 2025''** से सम्मानित किया गया।
- लोकसभा अध्यक्ष, ओम बिरला ने 14 जून, 2025 को कोटा जिले के जे.के. लोन अस्पताल परिसर में तीमारदारों (रोगी की शुश्रूता करने वाला) की सुविधा हेतु 6.50 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित **''रामाश्रय भवन''** का उद्घाटन किया।
- **एलीट्स स्मार्ट गवर्नमेंट एक्सीलेंस अवॉर्ड, 2025** - राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RMSCL) को एलीट्स स्मार्ट गवर्नमेंट एक्सीलेंस अवॉर्ड, 2025 से सम्मानित किया गया।
- **शिक्षा जोड़ो, नशा छोड़ो अभियान** - बाड़मेर जिला प्रशासन द्वारा शुरू किया गया, उद्देश्य - शिक्षा को बढ़ावा देना तथा नशे की प्रवृति को खत्म करना।
- 19-25 जून 2025 तक रोहतक, हरियाणा में आयोजित 6th (U-17) जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में राजस्थान के मुक्केबाज अर्जुन और टीकमसिंह ने रजत पदक जीता।
- राजस्थान राज्य जूनियर बॉयज फुटबॉल प्रतियोगिता, 2025 सीकर में आयोजित इस प्रतियोगिता का खिताब भी मेजबान सीकर ने जीता, जयपुर को 1-0 से पराजित किया।
- अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष, 2025 के तहत् जाम्बिया राष्ट्र के चार सदस्यीय प्रतिनिधित्व ने जयपुर केन्द्रीय सहकारी बैंक का दौरा किया जिसका उद्देश्य सहकारी बैंकों और समितियों की कार्यप्रणाली एवं संचालन मॉडल का अवलोकन करना है।
- भारतीय वुशू संघ की ओर से तमिलनाडु, आयोजित 25वीं सब जूनियर (राष्ट्रीय बालक/बालिका) वुशू प्रतियोगिता में राजस्थान वुशू टीम ने 29 पदक जीते हैं। राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया ने बताया कि टीम ने 8 स्वर्ण, 5 रजत, 16 कांस्य सहित कुल 29 पदकों के साथ ओवरऑल टीम चैंपियनशिप में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- मुख्यमंत्री की सलाह पर 05-20 जून, 2025 तक राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (RCDF) और जिला दुग्ध संघो की ओर से सरस **जल एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान** चलाया गया, जिसके तहत् सरसमित्र प्रीमियम नियमित ग्राहकों के घर-घर जाकर तुलसी का पौधा वितरित किया।
- राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (RCDF) को ग्रीन ऊर्जा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु **''Achiever of the year 2025 अवॉर्ड''** प्रदान किया गया। RCDF की प्रशासक एवं प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज को यह सम्मान जयपुर में आयोजित ग्रीन एनर्जी कॉन्क्लेव, 2025 में दिया गया।
- राजस्थान के वुशू खिलाड़ी विहानराज सक्सेना (45 किलो वर्ग) ने मास्को में 01-07 जून, 2025 तक खेली गई मास्को स्टार वुशू चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।
- सांगरी को GI टैग मिलने का रास्ता साफ हो चुका है, भारतीय मसाला बोर्ड की अनुसूची में शामिल के लिए भारत सरकार ने मुहर लगा दी है। भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा गजट नोटिफिकेशन भी जारी किया गया।
- राजस्थान की तीरंदाज स्वाति ने जीता कांस्य पदक - दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में NTPC खेलो इंडिया नेशनल रैंकिंग महिला तीरंदाजी टूर्नामेंट का फाइनल राउंड 26-27 जून को हुआ जिसमें स्वाति ने सीनियर कंपाउंड वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल मैच में महाराष्ट्र की पूर्वा बोकाड़े से 141-141 टाई खोला तथा शूटऑफ में स्वाति ने यह मैच 9-7 से जीता।

- प्रदेश के युवाओं में उद्यमिता एवं नवाचार को प्रोत्साहन देने हेतु 1500 विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब्स की स्थापना की जाएगी।
- राजस्थान की **प्रथम सोलर लिफ्ट सिंचाई परियोजना** का लोहली गाँव, बूंदी (मेज नदी पर) में शुभारंभ किया गया इसके तहत् बूंदी जिले के फोलाई और गेंदाली पंचायत के 17 गाँवों को फायदा मिलेगा।
- राज्य सरकार ने राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (RGHS) को अब वित्त विभाग से हटाकर स्वास्थ्य विभाग के अधीन कर दिया है।
- राजस्थान की इशिता शर्मा ऑस्ट्रिया की अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक अकादमी में इंटर्नशिप हेतु चयनित हुई।
- चुरू निवासी और राजस्थान पुलिस में सब-इंस्पेक्टर कचनार चौधरी ने अजमेर में आयोजित राजस्थान राज्य एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की शॉटपुट खेल की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- हाल ही में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने फ्रांस यात्रा के दौरान पेरिस स्थित भारतीय दूतावास में प्रवासी राजस्थानियों को मातृभूमि से जुड़े रहने हेतु आह्वान किया। फ्रांस में भारत के राजदूत संदीप सिंगला ने देवनानी का अभिनंदन किया।
- केन्द्रीय विधि और न्यायमंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बीकानेर के जोहड़बीड़ गिद्ध संरक्षण क्षेत्र में **''लव कुश वाटिका''** का उद्घाटन किया तथा यहाँ 04 करोड़ रुपये की लागत से गिद्ध संरक्षण हेतु **''वल्चर ब्रीडिंग सेंटर''** का निर्माण किया जाएगा। (वर्तमान में चार राज्यों में - हरियाणा, असम, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश में वल्चर ब्रीडिंग सेंटर संचालित है)
- राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अप्रैल, 2025 में ग्रीन जस्टिस (हरित न्याय) कॉन्फ्रेंस का आयोजन नाथद्वारा, राजसमंद में किया गया था।
- राजस्थान में छात्राओं के कौशल विकास और आत्मविश्वास में वृद्धि हेतु 314 कॉलेजों में **रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा केन्द्र** खोले जाएँगे जो महलिाओं/छात्राओं के साथ होने वाले अपराधों को कम करने में सक्षम बनाएगा।
- लंदन जीमण के 9वें संस्करण का आयोजन सत्तावीस पाटीदार सेंटर (वेबंली, लंदन) में हुआ जो कि राजस्थन एसोसिएशन यूके द्वारा **''म्हारी जोड़ी, म्हारी शान''** थीम पर आयोजित करवाया गया।
- केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय ने राजस्थान पर्यटन विभाग के प्रस्ताव, स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अन्तर्गत राजस्थान में श्री खाटू श्याम जी मंदिर, सीकर में विकास कार्यों के लिए 8,787 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की।
- स्टेट स्किल पॉलिसी के तहत 02 साल में 1.5 लाख युवाओं को प्रशिक्षण तथा राजस्थान रोजगार नीति-2025 एवं विवेकानंद रोजगार सहायता कोष की स्थापना भी की जा रही है।
- केन्द्रीय आवासीय जनजाति खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् द्वारा बांसवाड़ा में किया गया।

❖❖❖

# 02 राष्ट्रीय परिदृश्य

## चर्चित व्यक्तित्व

### जाह्नवी डांगेटी

- टाइटन ऑर्बिटल पोर्ट स्पेस स्टेशन (एक अमेरिकी कंपनी की अंतरिक्ष अवसंरचना परियोजना) के लिए चुनी गई है।
- वर्ष 2029 में अंतरिक्ष की यात्रा।
- पाँच घंटे के इस मिशन में चालक दल ग्रह के चारों ओर दो बार उड़ान भरेगा।
- मिशन का नेतृत्व अनुभवी नासा अंतरिक्ष यात्री और सेवानिवृत्त अमेरिकी सेना के कर्नल विलियम मैकआर्थर जूनियर करेंगे।
- NASA के द इंटरनेशनल एयर एंड स्पेस प्रोग्राम (IASP) को पूरा करने वाली पहली भारतीय।
- आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले के पलाकोल्लू की निवासी।

## चर्चित स्थान

### शिपकी ला

- हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में भारत-चीन सीमा पर समुद्र तल से 3,930 मीटर की ऊँचाई पर स्थित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शिपकी ला दर्रा 10 जून से घरेलू पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है।
- भारत और तिब्बत (अब चीन का हिस्सा) के बीच एक प्राचीन व्यापार मार्ग।
- भारत के सबसे ऊँचे मोटरेबल दर्रों में से एक।
- सतलुज नदी (तिब्बत में लांगकेन जांगबो) शिपकी ला दर्रे से भारत में प्रवेश करती है।
- पुराना नाम - पेमा ला
- 1962 के बाद इसे वास्तविक नियंत्रण रेखा घोषित कर दिया गया और बाद में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ने इसका नाम शिपकी ला रख दिया।

### दाओजली हेडिंग

- असम के दीमा हसाओ जिले में स्थित नवपाषाण स्थल।
- हाल ही में खुदाई में लौह के स्लैग और अन्य लौह अयस्क युक्त सामग्री की खोज में धातुकर्म गतिविधियों का संकेत मिलता है।
- खुदाई में पॉलिश किए गए डबल शोल्डर सेल्ट्स, कॉर्डमार्क वाले मिट्टी के बर्तन, पेस्टल-मोर्टार के अलावा जेडाइट पत्थर मिले हैं।
- पहली बार 1960 के दशक में खुदाई।

## चर्चित योजनाएँ/कार्यक्रम/अभियान

### नव्या (NAVYA)

- NAVYA - Nurturing Aspirations through Vacational Training for Young Adolescent Girls (युवा किशोरियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण के जरिए आकांक्षाओं को पोषण)।
- किशोरियों के कौशल विकास के लिए भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MWCD) और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) की एक संयुक्त पायलट पहल।
- 24 जून को कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी और महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर द्वारा संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश के सोनभद्र से शुभारंभ।
- **उद्देश्य** - 16 से 18 वर्ष की आयु की किशोरियों को कक्षा 10 की न्यूनतम योग्यता के साथ मुख्य रूप से गैर-पारंपरिक नौकरी भूमिकाओं में व्यावसायिक प्रशिक्षण मुहैया कराना।
- 19 राज्यों के 27 आकांक्षी जिलों में लागू किया जाएगा।
- पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर 9 राज्यों - महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड और हिमाचल प्रदेश के 9 जिलों में प्रारंभ।

- प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के माध्यम से ग्राफिक डिजाइनर, स्मार्टफोन टेक्नीशियन, ड्रोन असेंबली एक्सपर्ट, सीसीटीवी इन्स्टॉलेशन टेक्नीशियन और प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट का प्रशिक्षण देकर गैर-पारंपरिक और आधुनिक व्यवसायों का प्रशिक्षण।
- चार प्रमुख क्षेत्रों पर केन्द्रित 7 घंटे का पूरक प्रशिक्षण मॉड्यूल।
  - पारस्परिक कौशल - स्वच्छता, आत्म-प्रस्तुति, संघर्ष प्रबंधन
  - संचार कौशल - ध्यानपूर्वक सुनना और प्रभावी संचार
  - कार्यस्थल सुरक्षा - पॉश और पोक्सो कानूनों का ज्ञान
  - वित्तीय साक्षरता - बजट बनाना, आजीविका और बुनियादी वित्तीय अवधारणाएँ

## सिटी एक्सेलेरेटर प्रोग्राम

- नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) के सचिव संतोष कुमार सारंगी द्वारा 20 जून को नई दिल्ली में आयोजित नवीकरणीय ऊर्जा कार्यबल के लिए कौशल विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान शुभारंभ।
- नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) द्वारा शक्ति सस्टेनेबल एनर्जी फाउंडेशन (SSEF) के सहयोग से प्रारंभ।
- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (PMSGMBY) के तहत एक प्रमुख पहल।
  - विश्व की सबसे बड़ी घरेलू रूफटॉप सोलर (RTS) योजना।
  - **उद्देश्य** - भारतीय शहरों में आरटीएस को तेजी से अपनाना।
  - **लक्ष्य** - 1 करोड़ घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ना।
- **इस कार्यक्रम को**
  - शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) और डिस्कॉम को तकनीक सहायता
  - क्षमता निर्माण और संस्थाओं को मजबूत बनाने
  - शहर स्तर पर नीति और विनियामक ढांचे को सक्षम बनाने में सहायता करने के लिए डिजाइन किया गया है।
- पहले चरण में 10 राज्यों के 30 शहरों में प्रारंभ (भविष्य में 100 शहरों में प्रारंभ किया जाएगा)
- **मुख्य उद्देश्य** -
  - तकनीकी सहायता के माध्यम से आरटीएस अपनाने में शहर-स्तरीय बाधाओं की पहचान करना और उनका समाधान करना।
  - हितधारकों को लाभ के बारे में बताने के लिए आर्थिक मॉडल और माध्यम विकसित करना।
  - लक्षित जागरूकता, कौशल विकास और आउटरीच अभियानों में सहयोग करना।
  - टूलकिट, जानकारी और सफलता की कहानियाँ बनाना और उनका प्रसार करना।
  - नीतिगत सुधारों और नवीन व्यवसाय मॉडल पर शहरों को सलाह देना।
  - शहर के प्रशासकों, डिस्कॉमों और राज्य की नोडल एजेंसियों (एसएनए) के बीच सहयोग को सुविधजनक बनाना।

## अरावली ग्रीन वॉल परियोजना

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में एक पेड़ माँ के नाम पहल के अंतर्गत बरगद का पौधा लगाया गया।
- यह पौधा अरावली ग्रीन वॉल परियोजना के तहत लगाया गया।
- मार्च 2023 से प्रारंभ।
- भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की पहल।
- **उद्देश्य** -
  - दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात सहित चार राज्यों के 29 जिलों में (700 किलोमीटर क्षेत्र में) अरावली पर्वत श्रृंखला के आसपास के पाँच किलोमीटर के बफर क्षेत्र में हरियाली फैलाना।
  - वनारोपण, पुनर्वनीकरण और जल निकायों के जीर्णोद्धार के साथ अरावली की जैव विविधता को बढ़ावा देना।

➢ क्षेत्र की मिट्टी की उर्वरता, जल उपलब्धता और जलवायु लचीलापन में सुधार करना।
➢ स्थानीय समुदायों को रोजगार और आय सृजन के अवसर पर प्रदान करना।

## धरती आबा जनभागीदारी अभियान (DAJA)

❒ भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय (Ministry of Tribal Affairs-MoTA) द्वारा प्रारंभ देश का सबसे बड़ा जनजातीय सशक्तिकरण और लाभ-संतृप्ति कार्यक्रम।
❒ 15-30 जून तक संचालित।
❒ 549 आदिवासी बहुल जिलों और 207 विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूह (PVTG) बहुल जिलों के लगभग 100,000 से अधिक गांव और बस्तियां कवर।
❒ जनजातीय गौरव वर्ष के तहत एक प्रमुख पहल।
❒ जिला प्रशासन के माध्यम से जमीनी स्तर पर विभिन्न हितधारकों को शामिल करते हुए डोरस्टेप आउटरीच की शुरूआत।
❒ **DAJA के पाँच स्तम्भ** –
1. जनभागीदारी – जनजातीय समुदायों द्वारा संचालित
2. परिपूर्णता – हर पात्र परिवार को अधिकार प्राप्त
3. सांस्कृतिक समावेशन – जनजातीय भाषाओं और कला का उपयोग करके जुड़ना
4. अभिसरण – मंत्रालय, सीएसओ, युवा समूहों का एक साथ काम करना
5. अंतिम मील वितरण – सेवाओं के साथ दूर-दराज के इलाकों तक पहुँचना

❒ **गाँव और बस्ती स्तर पर लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन**
➢ आधार कार्ड नामांकन और अपडेट
➢ आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड जारी करना
➢ जन धन बैंक खाते खोलना
➢ पीएम किसान योजना नामांकन
➢ पेंशन योजना नामांकन
➢ छात्रवृत्ति, बीमा योजनाए, कौशल प्रशिक्षण, आजीविका कार्यक्रम नामांकन।

## योगांध्र 2025

❒ 3 जून को आंध्र प्रदेश के चित्तूर में पुलिगुंडु द्विन हिल्स के बीच आयोजित योग कार्यक्रम।
❒ **उद्देश्य** – पूरे राज्य में 2 करोड़ से अधिक नागरिकों के लिए योग को दैनिक अभ्यास में बदलना।
❒ जन जागरूकता अभियान, स्कूलों और विश्वविद्यालयों में योग शिविर और 20 लाख योग प्रैक्टिसनर का प्रमाणित पूल बनाने की लक्षित योजना शामिल।

## एक पेड़ माँ के नाम 2.0

❒ 5 जून को केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा नई दिल्ली में शुभारंभ।
❒ मिशन लाइफ वेब पोर्टल के लिए इको क्लब और एक पेड़ माँ के नाम द्वितीय चरण के लिए एक माइक्रोसाइट का भी शुभारंभ।
❒ इस अभियान को मिशन लाइफ के तहत संचालित किया जाएगा। स्कूलों में ईको क्लब की मदद से इसे लागू किया जाएगा।
❒ स्कूलों में मिशन लाइफ के लिए इको क्लब छात्रों को पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से संबंधित मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाएँगे और उनमें पर्यावरण अनुकूल व्यवहार और मूल्यों को बढ़ावा देंगे।

## थल्लिकी वंदनम योजना

❒ आंध्र प्रदेश सरकार की योजना।
❒ **उद्देश्य** – बच्चों की शिक्षा के लिए माताओं को प्रोत्साहित करना।
❒ स्कूल जाने वाले बच्चों की माता को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) के माध्यम से 15000 रुपये वार्षिक प्रदान करना।
❒ लगभग 67 लाख माताएँ लाभान्वित।
❒ कुल बजटीय व्यय – 8,745 करोड़ रुपये।

## ग्रीन स्किल्स एवं इलेक्ट्रिक वाहन (EV) प्रशिक्षण कार्यक्रम

❒ कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत प्रशिक्षण महानिदेशालय तथा शेल इंडिया द्वारा प्रारंभ।

- **उद्देश्य** – छात्रों एवं शिक्षकों को ग्रीन एनर्जी एवं ई-मेबिलिटी में भविष्य के लिए तैयार क्षमताओं से लैस करना।
- **क्रियान्वयन** – शेल के प्रशिक्षण भागीदार एडुनेट फाउंडेशन द्वारा 12 जून 2025 को दिल्ली-एनसीआर, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक में चुनिंदा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITIs) एवं राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (NSTIs) में।
- चुनिंदा आईटीआई और एमएसटीआई के भीतर विशेष ईवी कौशल प्रयोगशालाओं की स्थापना।

## सुकरा साइंस हाई स्कूल कार्यक्रम 2025

- जापान विज्ञान और प्रौद्योगिकी एजेंसी (JST) द्वारा 15 से 21 जून 2025 की अवधि के लिए भारत के 20 स्कूली छात्रों और 2 पर्यवेक्षकों के साथ-साथ तीन अन्य देशों (मलेशिया, ताइवान और यूक्रेन) के प्रतिभागी आमंत्रित।
- भारत के 20 छात्र (7 लड़के और 13 लड़कियाँ) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लद्दाख, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा के जवाहर नवोदय विद्यालयों और सरकारी स्कूलों से लिए गये हैं।
- जापान विज्ञान और प्रौद्योगिकी एजेंसी (JST) 2014 से 'जापान-एशिया युवा विज्ञान विनिमय कार्यक्रम' को लागू कर रही है, जिसे 'सुकरा विज्ञान कार्यक्रम' के रूप में भी जाना जाता है।
- **उद्देश्य** – युवा विद्यार्थियों के बीच बौद्धिक दृष्टिकोण को व्यापक बनाना और वैज्ञानिक अन्वेषण को बढ़ावा देना।
- भारत 2016 में सुकरा कार्यक्रम में शामिल।
- अब तक 619 छात्र 91 पर्यवेक्षकों के साथ इस कार्यक्रम के तहत जापान का दौरा कर चुके हैं।

## महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना

- भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा निर्भया फंड के तहत वित्त पोषित।
- मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा क्रियान्वित।
- परियोजना में मध्य प्रदेश के 33 जिलों के 50 पर्यटन स्थल शामिल।
- **उद्देश्य** – लक्षित बुनियादी ढांचे, कौशल एवं संवेदीकरण और एडवोकेसी पहल यानी संकल्प सुरक्षित पर्यटन के माध्यम से महिलाओं के लिए सुरक्षित, समावेशी और आर्थिक रूप से सशक्त स्थान बनाना।

## महाएग्री-एआई (MahaAgri-AI) 2025-29

- महाराष्ट्र मंत्रिमंडल द्वारा राज्य की कृषि-कृत्रिम बुद्धिमत्ता नीति महाएग्री-एआई 2025-29 को मंजूरी।
- **उद्देश्य** – कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जनरेटिव एआई, ड्रोन, कंप्यूटर विजन, रोबोटिक्स और प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स के उपयोग के माध्यम से कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाना।
- यह नीति एग्रीस्टैक, महा-एग्रीटेक, महावेध, CropSAPP, एग्मार्कनेट, डिजिटल फार्मिंग स्कूल और महा-डीबीटी सहित प्रमुख डिजिटल कृषि पहलों का समर्थन करेगी।

## ग्राम पंचायतों द्वारा स्वयं के स्रोत से राजस्व सृजन पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

- **आयोजन** – 23 से 25 जून तक भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (IIPA), नई दिल्ली में।
- **उद्घाटन** – पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज द्वारा।
- आईआईएम अहमदाबाद के सहयोग से राष्ट्रीय ग्राम राजस्व अभियान (RGSA) के तहत पंचायती राज मंत्रालय द्वारा आयोजित।
- **उद्देश्य** – पंचायतों को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर और विकास के लिए तैयार संस्थान बनाना।
- 16 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 65 मास्टर ट्रेनर शामिल।

## फुटबॉल फॉर स्कूल्स (F4S)

- फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) का कार्यक्रम।
- **उद्देश्य** – स्कूली प्रणाली के भीतर विद्यार्थियों के लिए खेल को अधिक सुलभ बनाकर जमीनी स्तर पर फुटबॉल को बढ़ावा देना।
- फीफा द्वारा भारत के अलावा 129 अन्य देशों (जनवरी 2025 तक) के स्कूली विद्यार्थियों के लिए 9.6 लाख से अधिक फुटबॉल का योगदान।

- भारत में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) और भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के समर्थन से डिपार्टमेंट ऑफ स्कूल एजुकेशन एंड लिटरेसी (DoSEL) द्वारा कार्यान्वित।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में 29 जून को पश्चिम बंगाल के कोलकाता के फोर्ट विलियम स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में फुटबॉल फॉर स्कूल्स (F4S) के अंतर्गत फीफा फुटबॉल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ।
- कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा मंत्रालय और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) द्वारा।
- पूरे राज्य में कुल 88113 फुटबॉल वितरित किए जाएंगे।

### माझी वसुंधरा 6.0

- महाराष्ट्र सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण प्रयासों को मजबूत करने के लिए 1 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक 28,317 स्थानीय स्वशासी निकायों में माझी वसुंधरा अभियान 6.0 का शुभारंभ।
- **उद्देश्य** – जलवायु जागरूकता और टिकाऊ जीवन को बढ़ावा देना।

### भारत में पहली योग नीति

- उत्तराखंड सरकार द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारत की पहली योग नीति लॉन्च की गई।
- पहाड़ी क्षेत्रों में स्थापित योग केंद्रों को परियोजना लागत का 50% या अधिकतम 20 लाख रुपये का अनुदान।
- मैदानी इलाकों में स्थापित केंद्रों को 25% या अधिकतम 10 लाख रुपये तक का अनुदान।
- राज्य में पांच नए अंतरराष्ट्रीय योग केंद्रों (जागेश्वर, मुक्तेश्वर, व्यास घाटी, टिहरी झील और कोलीढेक झील में) की स्थापना।
- योग और प्राकृतिक चिकित्सा निदेशालय की स्थापना।

### अखंड गोदावरी पर्यटन परियोजना

- आंध्र प्रदेश सरकार की योजना।
- 26 जून को केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तथा आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने राजामहेंद्रवरम में पुष्कर घाट के पास अखंड गोदावरी पर्यटन परियोजना की आधारशिला रखी।
- **उद्देश्य** – राजामहेंद्रवरम को एक प्रमुख आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र में बदलना।
- **अनुमानित लागत** – 94 करोड़ रुपये से अधिक।
- लगभग 8,000 लोगों के लिए रोजगार।
- 2035 तक 35 लाख पर्यटको के आने की संभावना।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना

- बिहार कैबिनेट द्वारा 24 जून को राज्य की सभी 8,053 ग्राम पंचायतों में 4,026 करोड़ रुपये के अनुमानित परिव्यय के साथ विवाह हॉल के निर्माण को मंजूरी।
- प्रत्येक ग्राम पंचायत को 50 लाख रुपये का आवंटन।
- **अवधि** – 5 वर्ष।

### पढ़ाई विद एआई (Padhai with AI)

- राजस्थान के टोंक जिले के सरकारी स्कूलों में कठिन विषयों में छात्रों की मदद करने के उद्देश्य से शुरू की गई कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) आधारित पहल।
- सरकारी स्कूलों के परिणामों में सुधार (क्रियान्वयन के पहले शैक्षण्कि सत्र में, 95% माध्यमिक छात्र शानदार अंकों के साथ उत्तीर्ण)।

### जन औषधि केन्द्र (JAK) अनुभव के आधार पर सीखने का कार्यक्रम

- भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा औषधि विभाग के सहयोग से, राष्ट्रीय अभियान 'सेवा से सीखें-करके सीखें' के अंतर्गत 1 जून 2025 से प्रारंभ।
- 15-दिवसीय अनुभावात्मक पहल में देश भर के प्रत्येक जिले में 5 जन औषधि केन्द्रों में पांच युवा स्वयंसेवकों को रखा जाता है, जिससे उन्हें इन केन्द्रों के कामकाज का सीधा अनुभव प्राप्त होता है।
- इस कार्यक्रम में MY Bharat, NSS, MYB Kendra, फार्मेसी कॉलेज और अन्य युवा संगठनों जैसे मंचों से प्रतिभागी शामिल होते हैं।

# आयोजन/सम्मेलन/बैठक

## अर्बन अड्डा 2025

- केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा 3 जून को नई दिल्ली में अर्बन अड्डा 2025 सम्मेलन का उद्घाटन।
- **उद्देश्य** – युवाओं, विशेषज्ञों और लीडर्स को एकजुट करके बेहतर शहरी भविष्य बनाना।

## नेशनल एग्रो-आरई समिट 2025

- **आयोजन** – 4 जून को नई दिल्ली में।
- **आयोजक** – नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया (NSEFI)

## वैश्विक युवा वैज्ञानिक सम्मेलन

- **आयोजन** – 8 से 14 जून तक आईआईटी हैदराबाद में।
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद (IITH), ग्लोबल यंग एकेडमी (GYA), इंडियन नेशनल यंग एकेडमी ऑफ साइंस (INYAS) और इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी (INSA) के सहयोग से आयोजित।

## अपतटीय सुरक्षा समन्वय समिति की 137वीं बैठक

- 12 जून को नई दिल्ली में आयोजित।
- **अध्यक्षता** – भारतीय तटरक्षक बल द्वारा।

## एग्री स्टैक पर राष्ट्रीय सम्मेलन

- 13 जून को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में आयोजित।
- **डिजिटली वेरिफिएबल क्रेडेंशियल (DVC) लॉन्च**
  - किसान पहचान पत्र।
  - डिजिटल आधार पर सत्यापन की जाने वाली पहचान।
  - किसानों को विशिष्ट लैंड पार्सल और फसलों के लिए प्रमाणित पहचान बनाने की अनुमति देता है।
  - डीवीसी डिजिलॉकर के साथ एकीकृत हैं और भूमि म्यूटेशन पर गतिशील रूप से निरस्त हो जाते हैं।

## अंतर्देशीय मत्स्य पालन और जलीय कृषि सम्मेलन 2025

- **आयोजन** – 13 जून को मध्य प्रदेश के इंदौर में।
- भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत मत्स्य पालन विभाग द्वारा आयोजित।
- **उद्घाटन** – केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी तथा पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ललन सिंह द्वारा।
- भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक।
- भारत का वार्षिक मछली उत्पादन वित्त वर्ष 2013-14 में 95.79 लाख टन से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 195 लाख टन (104% की वृद्धि) हो गया है।
- कुल उत्पादन में 75% से अधिक की हिस्सेदारी अंतर्देशीय मत्स्य पालन और जलीय कृषि की है।
- अंतर्देशीय मत्स्य पालन के अंतर्गत ताजे और खारे पानी में प्राकृतिक रूप से उपलब्ध मछलियाँ पकड़ी जाती हैं, जबकि जलीय कृषि में तालाब और केज कल्चर जैसे मछली पालन के नियंत्रित तरीकों का उपयोग किया जाता है।

## दूसरा पॉलिसीमेकर्स फोरम

- **आयोजन** – 16 जून को नई दिल्ली में।
- भारतीय फार्माकोपिया आयोग (IPC) द्वारा भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में विदेश मंत्रालय और भारत की प्रमुख किफायती दवा पहल प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (PMBJP) के सहयोग से आयोजित।
- 24 देशों के नीति निर्माताओं और दवा नियामकों के एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी।
- वर्तमान में दुनिया के 15 देश भारतीय फार्माकोपिया को एक 'बुक ऑफ स्टैण्डर्ड फॉर ड्रग्स' के रूप में मान्यता देते हैं।
- क्यूबा हाल ही में भारतीय फार्माकोपिया को मान्यता देने वाला 15वाँ देश बना है।

## चीफ्स चिंतन

- 17-18 जून को नई दिल्ली में आयोजित।
- थल सेना अध्यक्ष (COAS) जनरल उपेन्द्र द्विवेदी और पूर्व सेना प्रमुखों (CsOAS) का दो दिवसीय विचार-विमर्श कार्यक्रम।

- **उद्देश्य** – पूर्व सेना प्रमुखों के संस्थागत अनुभव और ज्ञान का लाभ उठाने के लिए एक मंच प्रदान करना।

## राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा मोचन बलों का वार्षिक सम्मेलन

- **आयोजन** – 16 से 17 जून को नई दिल्ली में।
- भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित।

## प्रथम दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास निधि (TTDF) संगोष्ठी 2025

- **आयोजन** – 19 से 21 जून तक आईआईटी मद्रास रिसर्च पार्क, चेन्नई में।
- आईआईटी मद्रास और दूरसंचार उत्कृष्टता केन्द्र (TCoE) इंडिया के सहयोग से आयोजित।
- TTDF संगोष्ठी 2025 में वित्त पोषण लाभार्थी एक साथ आकर अपने अनुसंधान एवं विकास को न केवल सार्थक बनाने के लिए तालमेल और संभावित तरीकों पर चर्चा कर रहे हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि संपूर्ण इको-सिस्टम इससे लाभान्वित हो सके।
- **मल्टीकोर फाइबर (MCF) टेस्टबेड परियोजना**
  - TTDF संगोष्ठी 2025 के दौरान घोषणा।
  - **उद्देश्य** – भारत के ऑप्टिकल संचार बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाना।
  - आईआईटी मद्रास और एसटीएल टेक्नोलॉजी द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित।
  - भूमिगत (4.07 किमी) और हवाई (1.20 किमी) दोनों केबल इंस्टॉलेशन शामिल।
  - केबल में 12 मल्टी-कोर फाइबर (प्रत्येक में 4 कोर) के साथ-साथ 12 मानक सिंगल मोड फाइबर शामिल।
  - मल्टीकोर फाइबर टेस्टबेड सुविधा अकादमिक और उद्योग भागीदारों के लिए उपयोग के मामलों का आकलन करने और मल्टीकोर फाइबर इको-सिस्टम के भीतर घटक अंतर-संचालन क्षमता का परीक्षण करने के लिए सुलभ।

### *दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास निधि (TTDF)*

- *1 अक्टूबर 2022 को प्रारंभ भारत सरकार के दूरसंचार विभाग की एक प्रमुख योजना।*
- ***क्रियान्वयन** – डिजिटल भारत निधि (DBN) द्वारा।*
- ***उद्देश्य** –*
  - ✓ *दूरसंचार इकोसिस्टम का निर्माण और विकास करने के लिए शिक्षाविदों, स्टार्ट-अप्स, शोध संस्थानों और उद्योग के बीच तालमेल बिठाना।*
  - ✓ *प्रौद्योगिकी स्वामित्व और स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देना।*
  - ✓ *आयात कम करना।*
  - ✓ *निर्यात के अवसरों को बढ़ावा देना।*
  - ✓ *बौद्धिक संपदा का निर्माण करना।*

## चौथा अखिल महाराष्ट्र पंढरपुर साइकिल वारी सम्मेलन-2025

- 22 जून को आयोजित फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का मेगा इवेंट।
- भारतीय खेल प्राधिकरण, क्षेत्रीय केन्द्र-मुम्बई और पंढरपुर साइकिल वारी संघ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित।
- महाराष्ट्र, कर्नाटक और मध्य प्रदेश के 90 से अधिक साइक्लिंग क्लबों का प्रतिनिधित्व करने वाले 5000 से अधिक साइकिल चलाने वालों ने भाग लिया।
- भारत में अब तक के सबसे बड़े साइकिलिंग का रिकॉर्ड जिसमें प्रतिभागियों ने 7 दिनों से अधिक समय तक साइकिल चलाकर 10 लाख किलोमीटर से अधिक की यात्रा की।

## मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक

- **आयोजन** – 24 जून को वाराणसी, उत्तर प्रदेश में।
- **अध्यक्षता** – केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा।
- गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन अंतर-राज्य परिषद सचिवालय द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित।
- सदस्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ-साथ प्रत्येक राज्य से दो वरिष्ठ मंत्रियों की भागीदारी।

**क्षेत्रीय परिषद**

- *राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 15 से 22 के तहत पांच क्षेत्रीय परिषदों की स्थापना–*
  - मध्य क्षेत्रीय परिषद् – उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड।
  - उत्तरी क्षेत्रीय परिषद् – हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, चंडीगढ़।
  - पूर्वी क्षेत्रीय परिषद–बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल।
  - पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद – राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव।
  - दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद – आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी।
- सात पूर्वोत्तर राज्यों के लिए पूर्वोत्तर परिषद् अधिनियम, 1972 के अंतर्गत पूर्वोत्तर परिषद् का गठन किया गया है।
- केन्द्रीय गृह मंत्री इन पांचों क्षेत्रीय परिषदों के अध्यक्ष हैं।
- सदस्य राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री/ उप-राज्यपाल/प्रशासक इनके सदस्य हैं।
- सदस्य राज्यों से एक राज्य के मुख्यमंत्री (हर साल बारी-बारी से) उपाध्यक्ष होते हैं।
- प्रत्येक सदस्य राज्य से राज्यपाल द्वारा 2 मंत्री परिषद् के सदस्य के रूप में नामित।
- प्रत्येक क्षेत्रीय परिषद ने मुख्य सचिवों के स्तर पर एक स्थायी समिति का भी गठन किया है।

## श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक बातचीत का शताब्दी समारोह

- 24 जून को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित।
- **आयोजक** – श्री नारायण धर्म संघम ट्रस्ट।
- भारत के दो महान आध्यात्मिक और सदाचारी नेताओं श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक बातचीत 12 मार्च 1925 को शिवगिरी मठ में महात्मा गांधी की यात्रा के दौरान हुई थी।
- यह बातचीत वायकोम सत्याग्रह, धार्मिक रूपांतरण, अहिंसा, अस्पृश्यता उन्मूलन, मोक्ष की प्राप्ति, दलितों के उत्थान आदि पर केन्द्रित थी।
- श्री नारायण गुरु की प्रमुख रचनाएँ–निवृत्ति पंचकम और आत्मोपदेश शतकम।

## 7वाँ हेलीकॉप्टर एवं लघु विमान शिखर सम्मेलन

- 24 जून को पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित।
- भारत सरकार के नागर विमानन मंत्रालय द्वारा महाराष्ट्र सरकार, पवन हंस और फिक्की के सहयोग से आयोजित।
- **अध्यक्षता** – केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु द्वारा।
- नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) के तहत एक समर्पित हेलीकॉप्टर निदेशालय की स्थापना की घोषणा।

## भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) की 198वीं बोर्ड बैठक

- 25 जून को नई दिल्ली में आयोजित।
- पूर्वोत्तर में अंतर्देशीय जल परिवहन (IWT) विकास के लिए सिलघाट, विश्वनाथ घाट और गुइजान में तीन पर्यटक जेटी और असम के नेमाटी में एक पर्यटक-सह-कार्गो जेटी स्थापित करने को मंजूरी।
- असम के डिब्रूगढ़ के बोगीबील में क्षेत्रीय उत्कृष्टता केन्द्र (RCoE) का विकास।
- बिहार के पटना में स्थापित की जाने वाली जहाज मरम्मत सुविधा के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) तैयार करने का काम NTCPWC (बंदरगाहों, जलमार्गों और तटों के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी केन्द्र), IIT मद्रास को सौंपा गया है।
- श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट द्वारा पश्चिम बंगाल के बालागढ़ में विकसित किए जाने वाले विस्तारित पोर्ट गेट सिस्टम को मंजूरी।
- भारतीय सड़क कांग्रेस की तर्ज पर भारतीय जलमार्ग कांग्रेस की स्थापना।

## समुद्री सुरक्षा पर हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (IONS) कार्य समूह की बैठक (IWG-MARSEC)

- **आयोजन** – 23 से 25 जून, 2025 तक नई दिल्ली में।
- भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित।

- 13 IONS सदस्य देशों के प्रतिनिधियों-ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, फ्रांस, भारत, केन्या, मोजाम्बिक, ओमान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, तंजानिया और थाईलैंड की भागीदारी।

## पूर्वोत्तर क्षेत्र के भूविज्ञान और खनन मंत्रियों का दूसरा सम्मेलन

- **आयोजन** – 27 से 28 जून को असम के गुवाहाटी में।
- भारत सरकार के खान मंत्रालय, कोयला मंत्रालय और असम सरकार के सहयोग से आयोजित।

## संसद और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विधान निकायों की प्राक्कलन समितियों का राष्ट्रीय सम्मेलन

- 23-24 जून को महाराष्ट्र विधान भवन, मुंबई में।
- **उद्घाटन** – लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा।
- संसद की प्राक्कलन समिति की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित।
- 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्राक्कलन समितियों के अध्यक्षों और सदस्यों की भागीदारी।
- **सम्मेलन का विषय** – 'प्रशासन में दक्षता और मितव्ययिता सुनिश्चित करने के लिए बजट अनुमानों की प्रभावी निगरानी और समीक्षा में प्राक्कलन समिति की भूमिका'।
- **भारतीय संसद की प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष** – संजय जायसवाल।

## राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (CPA) भारत क्षेत्र के जोन II का वार्षिक सम्मेलन

- **आयोजन** – 30 जून को धर्मशाला के तपोवन में।
- **उद्घाटन** – लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा।
- **विषय** – "डिजिटल युग में सुशासन: संसाधनों का प्रबंधन, लोकतंत्र की रक्षा और नवाचार को अपनाना"।
- भारत क्षेत्र के जोन II में दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर तथा पंजाब राज्य शामिल है।

> - *सीपीए एक वैश्विक संगठन है जो संसदीय लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सांसदों को एक साथ लाता है।*
> - *सीपीए के वैश्विक स्तर पर नौ क्षेत्र हैं- अफ्रीका, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटिश द्वीप और भूमध्यसागरीय (BIM), कनाडा, कैरिबियन, अमेरिका और अटलांटिक (CAA), भारत, प्रशांत, और दक्षिण-पूर्व एशिया।*
> - *सीपीए भारत क्षेत्र के भीतर, नौ क्षेत्र हैं, जिनमें से प्रत्येक एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र को कवर करता है।*

## आदि अन्वेषण

- **आयोजन** – 26 और 27 जून को वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में।
- जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित।
- भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 'कर्मयोगी बीटा संस्करण - एक उत्तरदायी शासन पहल' का शुभारंभ।
  - **उद्देश्य** – जमीनी स्तर पर बदलाव के लिए समर्पित अत्यधिक प्रेरित अधिकारियों और परिवर्तन करने वालों का एक कैडर तैयार करना।
  - 180 से अधिक राज्य मास्टर प्रशिक्षकों, 3,000 जिला प्रशिक्षकों और 15,000 ब्लॉक प्रशिक्षकों के मजबूत ढांचे के माध्यम से लगभग 20 लाख हितधारकों की क्षमता निर्माण करना

## टूरिज्म टेक एआई 2.0 कॉन्क्लेव

- **आयोजन**–26 से 27 जून तक आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में।
- आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा ग्लोबल फोरम फॉर सस्टेनेबल टूरिज्म (जीएफएसटी) के साथ साझेदारी में आयोजित।
- **उद्देश्य** – आंध्र प्रदेश को टिकाऊ, सांस्कृतिक, तटीय और स्वास्थ्य पर्यटन के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना।

## निवेशक शिविर

- कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के अंतर्गत द इनवेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फण्ड अथॉरिटी (IEPFA) द्वारा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) के सहयोग से 1 जून को पुणे में निवेशक शिविर के पायलट चैप्टर का शुभारंभ।
- निवेशक शिविर की संकल्पना निवेशकों को अनक्लेम्ड डिविडेंड और शेयरों से संबंधित लंबित मुद्दों को हल करने, केवाईसी और नामांकन विवरणों को अपडेट करने और एक ही जगह पर दावों के तेजी से निपटान की सुविधा प्रदान करने में सहायता करने के लिए की गई है।

### इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (IATA) की 81वीं वार्षिक आम बैठक (AGM) और वर्ल्ड एयर ट्रांसपोर्ट समिट (WATS)

- 1 से 3 जून तक नई दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित।
- भारत में पिछली वार्षिक आम बैठक 42 साल पहले 1983 में आयोजित की गई थी।
- भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार है।

### टेक वर्स 2025

- भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा 27-28 जून को Tec-Verse 2025 का पहला संस्करण लॉन्च।
- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के प्रमुख R&D संगठनों, C-DAC, C-MET और SAMEER द्वारा विकसित 150 से अधिक अत्याधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन।
- सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित अनुसंधान को बाजार तैयार उत्पादों में बदलने में एक निर्णायक कदम।
- शुरूआती चरणों से ही अनुसंधान को उद्योग से जोड़ने की एक रणनीतिक पहल।

## समझौते

- सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (SCCL) तथा भुवनेश्वर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ मिनरल्स एंड मैटेरियल्स टेक्नोलॉजी (IMMT) के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर
  - आधुनिक तकनीक का उपयोग करके सिंगरेनी खदानों में पाए जाने वाले महत्वपूर्ण खनिजों की खोज और उत्पादन करने के लिए।
- डिजिटल इंडिया भाषिणी डिविजन (DIBD) और मिजोरम सरकार के मध्य बहुभाषी शासन को बढ़ावा देने और मिजो समुदाय को उनकी मूल भाषा में प्रौद्योगिकी के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- पंचायती राज मंत्रालय द्वारा जमीनी स्तर पर ई-गवर्नेंस में बहुभाषी पहुंच को बढ़ाने के लिए भाषिणी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर
  - **उद्देश्य** – ई-ग्रामस्वराज प्लेटफॉर्म पर वास्तविक समय की बहुभाषी पहुंच को सक्षम करना।

> - *भाषिणी एक एआई संचालित भाषा अनुवाद मंच है, जो साक्षरता, भाषा और डिजिटल विभाजन को पाटता है।*
> - *भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा अपने ''राष्ट्रीय भाषा अनुवाद मिशन'' के तहत विकसित।*

- भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (DEPwD), राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (NIOS) और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (NCERT) के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर
  - NIOS दिव्यांगजनों की शिक्षा के लिए विशेष मान्यता प्राप्त संस्थान (SAIEDs) स्थापित करेगा, जो डीईपीडब्ल्यूडी की दीनदयाल दिव्यांग पुनर्वास योजना (DDRS) के तहत वित्त पोषित गैर सरकारी संगठनों द्वारा संचालित विशेष स्कूलों को मान्यता देगा।
- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) द्वारा समावेशी उद्यमिता को प्रोत्साहन देने और स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त करने के लिए, स्टार्टअप, नवाचार और उद्यमिता पर ध्यान केन्द्रित करते हुए एक निजी डिजिटल प्लेटफॉर्म, योर स्टोरी मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर।
  - **उद्देश्य** – द भारत प्रोजेक्ट के तहत एआई संचालित टूल, वेंचर लॉन्चपैड और क्षेत्रीय सफलता की गाथा कहने की पहल के माध्यम से 10 लाख उद्यमियों को सशक्त बनाना।
- सीएसआईआर नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी साइंस एंड टेक्नोलॉजी (CSIR-NIIST) तिरुवनंतपुरम द्वारा भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत एक स्वायत्त निकाय, नॉर्थ ईस्ट सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन एंड रीच (NECTAR) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर

- CSIR-NIIST की वनस्पति आधारित शाकाहारी चमड़ा प्रौद्योगिकी का NECTAR को हस्तांतरण।
- CSIR-NIIST की तकनीक बायोमास को पौधे-आधारित चमड़े में परिवर्तित करके एक स्थायी समाधान प्रदान करती है, जो सिंथेटिक चमड़े में इस्तेमाल होने वाले 50-70% रसायनों की जगह लेती है और चमड़ा उद्योग के पर्यावरणीय फुटप्रिंट को काफी कम करती है।

❒ सीएसआईआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा इंडो-जर्मन ऊर्जा कार्यक्रम के तहत डॉयचे गेसेलशाफ्ट फर इंटरनेशनल जुसामेनार्बेट (जीआईजेड) के साथ संयुक्त आशय की घोषणा।

- बिल्डिंग इंटीग्रेटेड फोटोवोल्टिक्स (BIPV) के लिए उत्कृष्टता केन्द्र (CoE) की स्थापना।
- बिल्डिंग इंटीग्रेटेड फोटोवोल्टिक्स (BIPV) तकनीक छतों, दीवारों और खिड़कियों का उपयोग सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए करती है।
- CSIR-NIIST और GIZ इंडिया का लक्ष्य BIPV नवाचार को तेजी से आगे स्वच्छ ऊर्जा क्षमता को अनलॉक करना है।

❒ ग्रामीण विकास मंत्रालय (MoRD) और कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (MSDE) के बीच नई दिल्ली में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- **उद्देश्य** –
  - ✓ कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की तकनीकी विशेषज्ञता और संस्थागत संरचना को, दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की व्यापक जमीनी पहुँच और क्रियान्वयन क्षमताओं के साथ जोड़ कर, ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के अवसरों को सशक्त बनाना।
  - ✓ स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के कौशल, बाजार पहुँच और उद्यमशीलता क्षमताओं को इस प्रकार विकसित करना ताकि वे वैश्विक कार्यबल का हिस्सा बन सके।

❒ राष्ट्रीय रक्षा अनुप्रयोगों के लिए संयुक्त अनुसंधान, नवाचार और स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए, भारतीय सेना की पश्चिमी कमान द्वारा आईआईटी रोपड़ और आईआईटी कानपुर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।

❒ तेलंगाना सरकार और जापान के किताकियुशू शहर प्रशासन के प्रतिनिधियों के मध्य मुख्यमंत्री और किताकियुशू शहर के मेयर काजुहिसा ताकेची की मौजूदगी में हरित नवाचार और शहरी विकास को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर।

❒ डिजिटल इंडिया भाषिणी प्रभाग (DIBD) और रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र (CRIS) के मध्य प्रमुख सार्वजनिक रेलवे प्लेटफार्मों पर बहुभाषी कृत्रिम बुद्धिमत्ता समाधानों के विकास एवं तैनाती के संबंध में सहयोग करने हेतु एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर।

❒ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM), CSIR केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (CSIR-CRRI) और नई दिल्ली के स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (SPA) के मध्य शहरी सड़क पुनर्विकास के माध्यम से धूल प्रदूषण को कम करने के लिए त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर।

- पहले चरण में NCR के नौ अत्यधिक शहरीकृत/औद्योगिकीकरण वाले शहर-दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम, सोनीपत, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, भिवाड़ी और नीमराना शामिल।

# पुरस्कार

## बाल साहित्य पुरस्कार 2025

❒ भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की स्वायत्तशासी संस्था साहित्य अकादमी द्वारा 24 भाषाओं के लेखकों का चयन।

❒ पुरस्कार उन पुस्तकों से संबंधित है जो पुरस्कार वर्ष के तत्काल पूर्ववर्ती वर्ष के अंतिम पाँच वर्षों में (1 जनवरी 2019 से 31 दिसम्बर 2023 के मध्य) प्रथम बार प्रकाशित हुई है।

❒ पुरस्कार स्वरूप एक उत्कीर्ण ताम्रफलक तथा 50000/- की सम्मान राशि प्रदान।

❐ **प्रमुख पुरस्कार**

| भाषा | शीर्षक एवं विधा | लेखक |
|---|---|---|
| अंग्रेजी | दक्षिण, साउथ इंडियन मिथ्स एंड फैब्लस रीटोल्ड (कहानी) | नितिन कुशलप्पा एमपी |
| गुजराती | टिंचक (कविता) | कीर्तिदा ब्रह्मभट्ट |
| हिन्दी | एक बटे बारह (कहानी) | सुशील शुक्ल |
| नेपाली | शांति वन (उपन्यास) | साड्मु लेप्चा |
| पंजाबी | जादू पत्ता (उपन्यास) | पाली खादिम (अमृत पाल सिंह) |
| राजस्थानी | पंखेरूवं नी पीड़ा (नाटक) | भोगीलाल पाटीदार |
| संस्कृत | बालविश्रवम् (कविता) | प्रीति पुजारा |
| उर्दू | कौमी सितारे (लेख) | गजनफर इकबाल |

## साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2025

❐ भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की स्वायत्तशासी संस्था साहित्य अकादमी द्वारा 23 भाषाओं के लेखकों का चयन।

❐ इस वर्ष डोगरा भाषा में कोई पुरस्कार नहीं दिया जाएगा।

❐ पुरस्कार स्वरूप एक उत्कीर्ण ताम्रफलक तथा 50000/- रुपये की सम्मान राशि प्रदान।

❐ **प्रमुख पुरस्कार**

| भाषा | शीर्षक एवं विधा | लेखक |
|---|---|---|
| अंग्रेजी | सिद्धार्थ : द ब्यॉय हू बिकेम द बुद्ध (उपन्यास) | अद्वैत कोट्टरी |
| गुजराती | नरसिंह टेकरी (निबंध) | मयूर खावडू |
| हिन्दी | फिर उगना (कविता) | पार्वती तिर्की |
| नेपाली | जूनको आँसू (कविता) | सुवास ठकुरी |
| पंजाबी | गर्ल्स हॉस्टल (कविता) | मनदीप औलख |
| राजस्थानी | अंतस रै आंगणै (कविता) | पूनम चंद गोदारा |
| संस्कृत | पारिभाषिकशब्दस्वारस्यम् (वेदान्तपरिभाषासन्दर्भे) (आलोचना) | धीरज कुमार पाण्डेय |
| उर्दू | मजहरुल हक : तारीक-ए-आजादी-ए-हिंद : हिंद का फरामोश कर्दा कायद (उपन्यास) | नेहा रुबाब |

## डिजिटल भुगतान पुरस्कार 2024-25

❐ वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (DFS) द्वारा प्रदान।

❐ वित्त वर्ष 2024-25 में डिजिटल भुगतान लेनदेन, मर्चेंट अधिग्रहण, धोखाधड़ी एवं शिकायतें, स्वीकृति अवसंचरचना, उत्पाद नवाचार और सिस्टम लचीलापन जैसे प्रमुख मापदंडों में उनकी उपलब्धियों के लिए शीर्ष प्रदर्शन करने वाले बैंकों को कुल 10 पुरस्कार।

❐ तीन श्रेणियों उभरते थर्ड-पार्टी एप्लिकेशन प्रदाता (TPAPs), डिजिटल भुगतान स्वीकृति अवसंरचना और तकनीकी सेवा प्रदाता में अग्रणी फिनटेक को 11 पुरस्कार।

❐ **प्रमुख पुरस्कार**

- ➢ सार्वजनिक क्षेत्र - पंजाब नेशनल बैंक
- ➢ निजी क्षेत्र - एचडीएफसी बैंक
- ➢ स्मॉल फाइनेंस बैंक - इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक
- ➢ उभरते हुए थर्ड पार्टी ऐप - व्हाट्सएप
- ➢ डिजिटल भुगतान स्वीकृति अवसंरचना - फोनपे
- ➢ तकनीकी सेवा प्रदाता - माइंडगेट
- ➢ विशेष उल्लेख - केनरा बैंक (सार्वजनिक क्षेत्र) और यस बैंक (निजी क्षेत्र)

## राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2025 के अंतर्गत एक विशेष श्रेणी

❐ पंचायती राज संस्थाओं (PRIs) द्वारा की गई उत्कृष्ट डिजिटल पहलों को मान्यता देने के लिए ''ग्राम पंचायतों का समकक्ष पारंपरिक स्थानीय निकायों में सेवा वितरण को विस्तृत बनाने के लिए जमीनी स्तर की पहल'' नामक एक नई पुरस्कार श्रेणी प्रारंभ।

❐ **चार विजेता ग्राम पंचायतें-**

- ➢ स्वर्ण पुरस्कार - रोहिणी ग्राम पंचायत, जिला धुले, महाराष्ट्र।
- ➢ रजत पुरस्कार - पश्चिम मजलिशपुर ग्राम पंचायत, जिला पश्चिम त्रिपुरा, त्रिपुरा।
- ➢ जूरी पुरस्कार - पलसाना ग्राम पंचायत, जिला सूरत, गुजरात।
- ➢ जूरी पुरस्कार - सुआकाती ग्राम पंचायत, जिला केंदुझार, ओडिशा।

❐ ई-गवर्नेंस (NAeG) 2025 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों में (i) एक ट्रॉफी (ii) एक प्रमाण पत्र और (iii) स्वर्ण पुरस्कार विजेताओं के लिए 10 लाख रुपये और रजत पुरस्कार विजेताओं के लिए 5 लाख रुपये की वित्तीय प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

## श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार

- शास्त्रीय नृत्यांगना डॉ. सोनल मानसिंह को प्रदान।
- असम के सर्वोच्च सांस्कृतिक सम्मानों में से एक, श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है जो कला, संस्कृति और समाज में अपने योगदान के माध्यम से शंकरदेव के मूल्यों के प्रतीक रहे हैं।

## देसी ऊन

- फ्रांस के एनेसी इंटरनेशनल एनिमेशन फेस्टिवल 2025 में सर्वश्रेष्ठ कमीशन्ड फिल्म के लिए जूरी पुरस्कार विजेता।
- एनीमेशन फिल्म निर्माता सुरेश एरियात की फिल्म।
- क्रिएट इन इंडिया चैलेंज के तहत भारत के अग्रणी एनीमेशन और डिजाइन मान्यता प्लेटफॉर्म वेव्स अवार्ड्स ऑफ एक्सीलेंस 2025 में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का खिताब।
- फिल्म क्राफ्ट लायंस श्रेणी में कान लायंस 2025 में शॉर्टलिस्ट।

## रक्षा अलंकरण समारोह 2025 (II)

- 04 जून को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सशस्त्र बलों, भारतीय तट रक्षक (ICG) और सीमा सड़क संगठन (BRO) के कर्मियों को 92 विशिष्ट सेवा अलंकरण (30 परम विशिष्ट सेवा मेडल, पांच उत्तम युद्ध सेवा मेडल और 57 अति विशिष्ट सेवा मेडल) प्रदान।
- मई 2025 में रक्षा अलंकरण समारोह 2025 (चरण-I) के दौरान सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य/संघ शासित प्रदेश पुलिस के कर्मियों को चार मरणोपरांत सहित छह कीर्ति चक्र और सात मरणोपरांत सहित 33 शौर्य चक्र प्रदान किये गये।

## नौसेना अलंकरण समारोह-2025

- 27 जून को नई दिल्ली में नवनिर्मित नौसेना भवन में पहली बार आयोजित।
- नौसेना प्रमुख (सीएनएस) एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी द्वारा राष्ट्रपति की ओर से कुल 51 कार्मिकों को पुरस्कार एक युद्ध सेवा पदक, तेरह नौसेना पदक (वीरता), आठ नौसेना पदक (कर्त्तव्य के प्रति समर्पण) और सत्रह विशिष्ट सेवा पदक प्रदान।
- सर्वश्रेष्ठ हरित अभ्यास के लिए सीएनसी ट्रॉफी क्रमशः औद्योगिक और गैर-औद्योगिक श्रेणियों में मैटेरियल ऑर्गनाइजेशन (विजाग) और आईएनएस शिवाजी को।
- नौसेना का आदर्श वाक्य - 'राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा-कभी भी-कहीं भी'।

## संकल्प से सिद्धि इंफ्रास्ट्रक्चर सम्मान

- पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के तहत भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) को जलमार्ग विकास परियोजना (JMVP) के कार्यान्वयन हेतु।
- 26-27 जून को नई दिल्ली में आयोजित ईटी एज सप्लाई चेन मैनेजमेंट फेस्ट-2025 के दौरान प्रदान।
- राष्ट्रीय जलमार्ग-1 (गंगा नदी) की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार की गई जलमार्ग विकास परियोजना (JMVP) वर्तमान में उत्तर प्रदेश के वाराणसी से पश्चिम बंगाल के हल्दिया तक गंगा नदी के 1390 किलोमीटर लंबे खंड पर जारी है और झारखंड तथा बिहार से होकर गुजरेगी।

## सांख्यिकी में प्रो. सी.आर. राव राष्ट्रीय पुरस्कार 2025

- आईआईएम कलकत्ता के सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रजामित्र भुयान को।
- 19वें सांख्यिकी दिवस पर 29 जून को नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में आयोजित समारोह में प्रदान।
- भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा प्रदान।

## शक्ति भट्ट पुरस्कार 2025

- जारा चौधरी को उनके संस्मरण, 'The lucky ones' के लिए प्रदान।
- उपमहाद्वीप के नवोदित लेखकों को मान्यता देने के लिए शक्ति भट्ट फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2008 में पहली बार स्थापित शक्ति भट्ट पुरस्कार इस वर्ष के बाद बंद कर दिया जायेगा।

# उत्सव/महोत्सव

## लोक सवंर्धन पर्व

- अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा 11 से 15 जून तक नई दिल्ली में राजघाट पर बिरसा मुंडा लॉन में आयोजित।
- सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में।
- भारत के उत्तरी राज्यों के 50 से अधिक दस्तकारों और कारीगरों को अपने पारंपरिक शिल्प के प्रदर्शन और बिक्री के लिए मंच प्रदान।

## पहला लद्दाख एस्ट्रो फेस्टिवल

- **आयोजन** - 27 से 28 जून तक लेह में।
- केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के पर्यटन विभाग द्वारा भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान बैंगलोर के सहयोग से आयोजित।
  - पर्यटकों को तारामंडल, ग्रहों को देखना, दूरबीन-निर्देशित अवलोकन के माध्यम से गहरे आकाश को देखने का अनुभव प्रदान किया गया।

## सिंहस्थ कुंभ मेला

- 31 अक्टूबर, 2026 को नासिक-त्र्यंबकेश्वर में प्रारंभ होगा।
- गोदावरी नदी पर।
- नासिक-त्र्यंबकेश्वर कुंभ अद्वितीय है क्योंकि यहाँ वैष्णव अखाड़े और शैव अखाड़े अलग-अलग स्नान करते हैं।

## लैवेंडर महोत्सव 2025

- 1-2 जून को जम्मू-कश्मीर के भद्रवाह शहर में आयोजित।
- **आयोजक** - वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्-भारतीय एकीकृत चिकित्सा संस्थान (CSIR-IIIM) जम्मू।
- **उद्घाटन** - केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह।

# अभ्यास/ऑपरेशन/अभियान

## साइबर सुरक्षा

- 16-27 जून तक आयोजित एक बहु-चरणीय साइबर सुरक्षा अभ्यास।
- हेडक्वार्टर इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के तत्वावधान में डिफेंस साइबर एजेंसी द्वारा आयोजित।

## ऑपरेशन सिंधु

- ईरान और इजराइल संघर्ष के मद्देनजर भारत द्वारा ईरान और इजरायल से भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए अभियान।
- 18 जून को आधिकारिक तौर पर ऑपरेशन सिंधु की शुरूआत।

## ऑपरेशन डीप मैनिफेस्ट

- भारत सरकार के राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) द्वारा अन्य देशों, मुख्य रूप से दुबई, संयुक्त अरब अमीरात के माध्यम से पाकिस्तान में तैयार की गई सामग्रियों के अवैध आयात को रोकने के लिए प्रारंभ।
- पहलगाम आतंकवादी हमलों के बाद, भारत सरकार ने अन्य देशों, मुख्य रूप से दुबई, संयुक्त अरब अमीरात के माध्यम से पाकिस्तान में तैयार की गई सामग्रियों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# पर्यावरण

## काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान

- असम कैबिनेट ने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के विस्तार को मंजूरी प्रदान की है।
- क्षेत्रफल में 47,306.33 हेक्टेयर की वृद्धि।
- लुप्तप्राय एक सींग वाले गैंडों की सबसे बड़ी आबादी को आश्रय देने के लिए विश्व प्रसिद्ध (वर्तमान अनुमानित संख्या 2,613)।

## भारत का पहला एकीकृत ई-वेस्ट इको पार्क

- दिल्ली सरकार द्वारा उत्तर-पश्चिम दिल्ली के होलंबी कलां में (11.4 करोड़ में) स्थापित किया जाएगा।
- दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंचरना विकास निगम द्वारा डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण मॉडल के तहत 15 वर्ष की रियासत अवधि के साथ विकसित।
- सालाना 51,000 मीट्रिक टन ई-कचरे को संसाधित करने की क्षमता।

## इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (IBCA) की पहली बैठक

- 16 जून को नई दिल्ली में आयोजित।
- **अध्यक्षता** – भारत के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा।
- बैठक में सर्वसम्मति से भूपेंद्र यादव का IBCA के अध्यक्ष और महानिदेशक के रूप में अनुमोदन।
- 9 देशों (भूटान, कंबोडिया, इस्वातिनी, गिनी, भारत, लाइबेरिया, सूरीनाम, सोमालिया और कजाकिस्तान) के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी।

### इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस

- *भारत सरकार द्वारा बनाया गया, इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (IBCA) 95 रेंज देशों का एक गठबंधन है।*
- ***स्थापना*** *– भारत सरकार द्वारा नोडल संगठन राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के माध्यम से दिनांक 12.03.2024 के आदेश के तहत।*
- ***मुख्यालय*** *– भारत*
- ***उद्देश्य***
  - *वैश्विक स्तर पर सात बिग कैट (बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा) के संरक्षण के साझा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सफल संरक्षण प्रणालियों और विशेषज्ञता को समेकित करते हुए रेंज देशों और अन्य हितधारकों के बीच सहयोग और तालमेल को सुविधाजनक बनाना।*
  - *जैव विविधता संरक्षण के एजेंडे को बढ़ावा देना।*
  - *बिग कैट की आबादी में गिरावट को रोकना।*
  - *हमारी इकोलॉजी को संरक्षित करना।*

## घड़ियाल प्रजाति संरक्षण कार्यक्रम

- केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव द्वारा 20 जून को उत्तर प्रदेश के बहराइच के कतर्नियाघाट में गेरुआ नदी में घड़ियाल के सात बच्चे छोड़कर घड़ियाल प्रजाति संरक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ।
- भारत में मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में फैले राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में वैश्विक घड़ियाल आबादी का लगभग 77% हिस्सा निवास करता है।
- घड़ियाल भारतीय उपमहाद्वीप में स्थानिक है और गंगा की तीन सहायक नदियों – चंबल और गेरुआ नदियों तथा राप्ती-नारायणी (नेपाल) नदी में पाया जाता है।
- IUCN रेड लिस्ट-क्रिटिकली एंडेंजर्ड तथा वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची 1 में शामिल।

## पोर्टुलाका भारत

- जयपुर के निकट अरावली पहाड़ियों के चट्टानी और अर्ध-शुष्क परिदृश्य में ऐतिहासिक गलताजी मंदिर के पास नई पुष्प प्रजाति की खोज।
- IUCN रेड लिस्ट में **'डेटा की कमी'** के रूप में वर्गीकृत।

## प्रोजेक्ट एलीफेंट की 21वीं संचालन समिति की बैठक

- 26 जून को देहरादून के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी (IGNFA) में आयोजित।
- **अध्यक्षता** – केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा।
- **प्रोजेक्ट एलीफैंट**
  - भारत सरकार द्वारा 1991-92 में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अंतर्गत एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना के रूप में प्रारंभ।
- **उद्देश्य** –
  - हाथियो, उनके आवास और गलियारों की सुरक्षा करना।
  - मानव-जानवर संघर्ष के मुद्दों को संबोधित करना।
  - कैद में रखे गए हाथियों की भलाई।
- वर्तमान में 22 राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में लागू।

## कुमराम भीम संरक्षण रिजर्व

- तेलंगाना ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के अनुसार, राज्य में कवाल टाइगर रिजर्व को महाराष्ट्र में ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व से जोड़ने वाले बाघ गलियारे क्षेत्र को 'कुमराम भीम संरक्षण रिजर्व' घोषित किया है।

❑ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 36 (ए) के अनुसार, राज्य सरकार अपने स्वामित्व वाले किसी भी क्षेत्र को, विशेष रूप से राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों के निकटवर्ती क्षेत्रों तथा उन क्षेत्रों को जो एक संरक्षित क्षेत्र को दूसरे से जोड़ते हैं, संरक्षण रिजर्व घोषित कर सकती है।

# पोर्टल/एप

## आयुष निवेश सारथी पोर्टल

❑ 29 मई को वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में आयोजित आयुष हितधारक/उद्योग संपर्क बैठक के दौरान लॉन्च।

❑ एक समर्पित, निवेशक-केंद्रित डिजिटल प्लेटफॉर्म।

❑ भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा इन्वेस्ट इंडिया के सहयोग से विकसित।

## इंडेक्स कार्ड

❑ निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव संपन्न होने के बाद इंडेक्स कार्ड और विभिन्न सांख्यिकी रिपोर्ट तैयार करने के लिए सुव्यवस्थित और प्रौद्योगिकी संचालित प्रणाली का विकास।

❑ इंडेक्स कार्ड एक गैर-सांविधिक चुनाव-पश्चात सांख्यिकी रिपोर्टिंग प्रारूप है, जिसे निवार्चन आयोग (ECI) ने शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं, पत्रकारों और आम जनता सहित सभी हितधारकों के लिए निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर चुनाव संबंधी डेटा उपलब्ध कराने के लिए एक स्वप्रेरणा पहल के रूप में विकसित किया है।

❑ लोकसभा चुनावों के लिए लगभग 35 और राज्य विधानसभा चुनावों के लिए 14 सांख्यिकी रिपोर्ट तैयार करने का आधार।

❑ इन रिपोर्टों में राज्य/पीसी/एसी-वार मतदाता विवरण, मतदान केन्द्रों की संख्या, राज्य और निर्वाचन क्षेत्र-वार मतदाता मतदान, महिला मतदाताओं की भागीदारी, राष्ट्रीय/राज्यीय दलों और पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (RUPP) का प्रदर्शन, विजयी उम्मीदवारों का विश्लेषण, निर्वाचन क्षेत्रवार विस्तृत नतीजे और आंकड़ों के संक्षिप्त विवरण शामिल हैं।

## वेस्ट पिकर एन्यूमरेशन ऐप

❑ नमस्ते योजना के तहत कचरा बीनने वालों की प्रोफाइलिंग हेतु एक राष्ट्रव्यापी डिजिटल एप्लीकेशन।

❑ 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (MoSJE) द्वारा नई दिल्ली में लॉन्च।

***NAMASTE योजना***

- *नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम।*
- *केन्द्रीय क्षेत्र की योजना।*
- *सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) द्वारा संयुक्त रूप से क्रियान्वित।*
- *जून 2024 से कचरा बीनने वाले भी शामिल।*
- *विस्तारित NAMASTE योजना का लक्ष्य-*
  - ➢ *कचरा बीनने वालों को पेशेवर फोटो पहचान पत्र जारी करना।*
  - ➢ *आयुष्मान भारत (PM-JAY) के तहत स्वास्थ्य बीमा प्रदान करना।*
  - ➢ *पीपीई किट, कौशन विकास और पूंजीगत सब्सिडी सुलभ कराना।*
  - ➢ *750 सूखा कचरा संग्रह केन्द्रों (DWCCs) का प्रबंधन करने हेतु कचरा बीनने वालों के समूहों को मजबूत करना।*

## सी केयर्स (C-CARES) 2.0

❑ कोयला खान भविष्य निधि संगठन (CMPFO) का एक वेब पोर्टल।

❑ सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (C-DAC) द्वारा विकसित।

❑ यह CMPFO के सदस्यों के खातों में सीधे भविष्य निधि राशि और पेंशन वितरित करने में मदद करेगा।

## माइनिंग डैशबोर्ड

❑ भारत सरकार के खान मंत्रालय द्वारा विकसित एक केन्द्रीयकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म।

- डैशबोर्ड एक संरचित और वास्तविक समय आधारित निगरानी प्रणाली के माध्यम से अवरोधों की पहचान करने, समय पर समाधान करने और खनन कार्यों की शुरूआत में तेजी लाने में मदद करता है।

## उम्मीद (UMEED) सेंट्रल पोर्टल

- UMEED - Unified Waqf Management, Empowermant, Efficiency and Development Act, 1995.
- वक्फ संपत्तियों की वास्तविक समय पर अपलोडिंग, सत्यापन और निगरानी के लिए केंद्रीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म।
- भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा विकसित।

## GoIStats

- सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के अंतर्गत राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (NSO) द्वारा राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस 2025 पर 29 जून को नई दिल्ली में GoIStats मोबाइल एप्लिकेशन का शुभारंभ।
- **उद्देश्य** – सभी नागरिकों के लिए आधिकारिक सांख्यिकी को सुलभ और उपयोगकर्ता-केंद्रित बनाना।

# रिपोर्ट/सूचकांक

## सतत विकास लक्ष्य-राष्ट्रीय संकेतक फ्रेमवर्क प्रगति रिपोर्ट, 2025

- 29 जून को 19वें सांख्यिकी दिवस के अवसर पर , सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी।
- 17 एसडीजी की राष्ट्रीय स्तर की प्रगति की निगरानी।
- **प्रमुख निष्कर्ष**–
  - सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों/स्तरों द्वारा कवर की गई जनसंख्या 2016 में 22% से बढ़कर 2025 में 64.3%।
  - कृषि में प्रति श्रमिक सकल मूल्य संवर्धन 2015-16 में 61,247 रुपये से बढ़कर 2024-25 में 94,110 रुपये।
  - ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत पेयजल स्रोत का उपयोग करने वाली जनसंख्या का प्रतिशत 2015-16 में 94.57% से बढ़कर 2024-25 में 99.62%।
  - कुल स्थापित बिजली उत्पादन में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 2015-16 में 16.02 से बढ़कर 2024-25 में 22.13%।
  - देश में स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता 2014-15 में 64.04 वाट प्रति व्यक्ति से बढ़कर 2024-25 तक 156.31 वाट प्रति व्यक्ति।
  - स्थापित अपशिष्ट पुनर्चक्रण संयंत्रों की संख्या 2019-20 में 829 से बढ़कर 2024-25 में 3036।
  - स्टार्ट-अप इंडिया के तहत मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप की संख्या 2016 में 453 से बढ़कर 2024 में 34,293।
  - ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू व्यय का गिनी गुणांक 2011-12 में 0.283 से घटकर 2023-24 में 0.237 तथा शहरी क्षेत्रों के लिए 2011-12 में 0.363 से घटकर 2023-24 में 0.284 हो गया है (अधिक समान व्यय और कम आय असमानता)।
  - 2005 के स्तर की तुलना में 2020 में सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता में 36% की कमी।
  - इंटरनेट उपभोक्ताओं की कुल संख्या (मिलियन में) 2015 में 302.36 से बढ़कर 2024 में 954.40 ।
  - संसाधित अपशिष्ट का प्रतिशत 2015-16 में 17.97% से बढ़कर 2024-25 में 80.7%।
  - कुल भौगोलिक क्षेत्र में वन क्षेत्र का प्रतिशत 2015 में 21.34% से बढ़कर 2023 में 21.76%।

## कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों से उत्पादन के मूल्य पर सांख्यिकीय रिपोर्ट (2011-12 से 2023-24)

- सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के तहत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा जारी।
- **प्रमुख निष्कर्ष**–
  - वर्तमान मूल्यों पर कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों का सकल मूल्य संवर्धन (GVA)-2011-12 में 1,502 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 4,878 हजार करोड़ रुपये (लगभग 225 प्रतिशत की वृद्धि)।
  - स्थिर मूल्यों पर कृषि और संबद्ध क्षेत्र से उत्पादन का सकल मूल्य (GVO)-2011-12 में 1,908 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 2,949 हजार करोड़ रुपये (लगभग 54.6 प्रतिशत की समग्र वृद्धि)।

❐ स्थिर मूल्यों पर कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के कुल जी.वी.ओ. में फसल, पशुधन, वानिकी एवं मत्स्य पालन का हिस्सा (प्रतिशत)-

| | 2011-12 | 2023-24 |
|---|---|---|
| **फसल** | 62.4 | 54.1 |
| **पशुधन** | 25.6 | 31.2 |
| **वानिकी** | 7.8 | 7.7 |
| **मत्स्यपालन** | 4.2 | 7.0 |

❐ पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, तेलंगाना और हरियाणा ने 2023-24 में अनाज के जीवीओ (स्थिर मूल्यों पर) में लगभग 53 प्रतिशत का योगदान दिया।
  - ➢ उत्तर प्रदेश (2011-12 में 18.6 प्रतिशत से 2023-24 में 17.2 प्रतिशत) शीर्ष स्थान पर।

❐ 2023-24 में अनाज और फल एवं सब्जियों का कुल मिलाकर कुल फसल जीवीओ में 52.5 प्रतिशत हिस्सा।

❐ अनाजों में से केवल धान और गेहूं ही 2023-24 में सभी अनाजों के जी.वी.ओ. (स्थिर मूल्यों पर) का लगभग 85 प्रतिशत हिस्सा हैं।

❐ 2023-24 में 'मसालों' के जीवीओ में मध्य प्रदेश 19.2 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ इस समूह में शीर्ष योगदानकर्ता बन गया, जबकि कर्नाटक और गुजरात क्रमश: 16.6 प्रतिशत और 15.5 प्रतिशत के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

## एनवीस्टैट्स इंडिया 2025 : पर्यावरण सांख्यिकी

❐ राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा जारी।

❐ 8वाँ संस्करण।

❐ **मुख्य बिन्दु** -
  - ➢ औसत वार्षिक तापमान 2001 में 25.05 डिग्री सेंटीग्रेड से बढ़कर 2024 में 25.74 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया है।
  - ➢ वार्षिक वर्षा डेटा में 2001 से 2024 तक की अवधि में मानसून पैटर्न से प्रभावित होकर साल-दर-साल महत्वपूर्ण परिवर्तनशीलता यद्यपि कुल वार्षिक वर्षा में कोई स्पष्ट दीर्घकालिक वृद्धि या कमी का रूझान नहीं।
  - ➢ वैश्विक स्तर पर 2,47,605 समुद्री जीव प्रजातियाँ हैं, जबकि भारत में 20,613 प्रजातियाँ पाई जाती हैं।
  - ➢ अंतर्देशीय मछली उत्पादन 2013-14 में 61.36 लाख टन से बढ़कर 2023-24 में 139.07 लाख टन हो गया है (समुद्री उत्पादन 34.43 लाख टन से बढ़कर 44.95 लाख टन)।
  - ➢ पर्यावरण सस्टेनेबिलिटी क्षेत्र में 2021-22 में 2433.24 करोड़ रुपये के साथ सबसे अधिक व्यय हिस्सेदारी दर्ज की गई।
  - ➢ प्राकृतिक संसाधन संरक्षण क्षेत्र में ऊपर की ओर रूझान और कृषि-वानिकी क्षेत्र (तीनों क्षेत्रों-वानिकी, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और पर्यावरण स्थिरता) में सबसे कम व्यय।
  - ➢ तापीय ऊर्जा उत्पादन 792053 गीगावाट से बढ़कर 1326549 गीगावाट हो गया और वैकल्पिक स्त्रोतों में ऊर्जा उत्पादन 2013-14 से 2023-24 के बीच 65520 गीगावाट से बढ़कर 225835 गीगावाट हो गया है।

## परफॉरमेंस ग्रेडिंग इंडेक्स (PGI) 2.0

❐ शिक्षा मंत्रालय द्वारा 18 जून को जारी।

❐ शैक्षणिक वर्ष 2022-23 और 2023-24 के लिए।

❐ स्कूली शिक्षा में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए डेटा-संचालित ढांचा।

❐ वर्ष 2017-18 में प्रारंभ।

❐ PGI 2.0 में 6 प्रमुख क्षेत्रों (Domains) के अंतर्गत कुल 73 संकेतक (कुल स्कोर-1000)
  - ➢ **6 प्रमुख क्षेत्र (Domains)**
    - ✓ **पहुंच (Access) :** स्कूलों में नामांकन एवं पहुंच
    - ✓ **बुनियादी ढांचा एवं सुविधाएँ :** स्कूलों में भौतिक संसाधन
    - ✓ **समानता :** लिंग, जाति एवं सामाजिक समूहों के बीच समान अवसर
    - ✓ **शासन प्रक्रिया :** नीति कार्यान्वयन व प्रबंधन
    - ✓ **अधिगम परिणाम :** छात्रों की शैक्षिक उपलब्धियाँ

- ✓ **शिक्षक शिक्षण एवं प्रशिक्षण :** शिक्षकों की गुणवत्ता एवं प्रशिक्षण
- ❐ स्कूली शिक्षा में राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रदर्शन को 10 ग्रेड के आधार पर मापा जाता है-
  - ➢ सर्वोच्च ग्रेड-दक्ष (स्तर-1) : 951-1,000 अंक
  - ➢ अंतिम ग्रेड-आकांक्षी-3 (स्तर 10) : 401-460 अंक।
- ❐ **प्रमुख निष्कर्ष**
  - ➢ शीर्ष चार स्तरों पर कोई भी राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश नहीं।
  - ➢ चंडीगढ़ 703 (2023-24) अंक प्राप्त कर ग्रेड प्रचेस्टा-1 तक पहुँचने वाला एकमात्र राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश।
  - ➢ राजस्थान 549.5 (2022-23) और 581.5 (2023-24) के स्कोर के साथ प्रचेस्टा-3 ग्रेड (581-640) में शामिल।
  - ➢ मेघालय 417.9 (2023-24) अंक प्राप्त कर अंतिम स्तर आकांक्षी-3 (स्तर 10) पर रहा।

## क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी इंडेक्स, 2025

- ❐ अमेरिका के हार्वर्ड केनेडी स्कूल के बेलफर सेंटर फॉर साइंस एंड इंटरनेशनल अफेयर्स द्वारा जारी।
- ❐ 25 देशों के पांच महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी क्षेत्रों-सेमीकंडक्टर (35%), कृत्रिम बुद्धिमत्ता (25%), जैव प्रौद्योगिकी (20%), अंतरिक्ष (15%) एवं क्वांटम प्रौद्योगिकी (5%) में प्रदर्शन का मूल्यांकन।
- ❐ भारत 15.2 के स्कोर के साथ 10वें स्थान पर।
- ❐ **शीर्ष स्थान** - अमेरिका।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टर वार्षिक रिपोर्ट 2024-25

- ❐ भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (PSA) प्रो. अजय कुमार सूद द्वारा 26 जून को नई दिल्ली में आयोजित एक बैठक में जारी।
- ❐ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टर पहल, भारत सरकार के लिए प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार का कार्यालय (OPSA) का एक प्रमुख कार्यक्रम।
  - ➢ प्रधानमंत्री की विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सलाहकार परिषद् (PM-STIAC) की सिफारिशों के आधार पर 2020 में प्रारंभ।
  - ➢ **उद्देश्य** - अकादमिक संस्थानों, अनुसंधान एवं विकास संगठनों, उद्योग, स्टार्टअप और स्थानीय सरकारों जैसे हितधारकों को एक साथ लाना ताकि नवीन विचारों के माध्यम से मांग-संचालित समाधान प्रदान किये जा सके।
  - ➢ वर्तमान में पूरे देश में आठ क्लस्टर सक्रिय - आंध्र प्रदेश मेडटेक जोन, बेंगलुरू विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्लस्टर, भुवनेश्वर सिटी नॉलेज एंड इनोवेशन क्लस्टर, दिल्ली रिसर्च इम्प्लीमेंटेशन एंड इनोवेशन क्लस्टर, जोधपुर सिटी नॉलेज एंड इनोवेशन क्लस्टर, पंजाब यूनिवर्सिटी-आईआईटी रोपड़ रीजनल एक्सेलरेटर फॉर होलिस्टिक इनोवेशन, पुणे नॉलेज क्लस्टर और रिसर्च एंड इनोवेशन सर्कल ऑफ हैदराबाद।

## बाल मृत्यु दर अनुमान के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतर-एजेंसी समूह की 2024 की रिपोर्ट (UNIGME 2024 Report)

- ❐ भारत में कुल जनसंख्या में शून्य खुराक वाले बच्चों का प्रतिशत 2023 में 0.11% से घटकर 2024 में 0.06% हो गया है।
- ❐ भारत ने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर (U5MR) में 78% की गिरावट हासिल की है, जो वैश्विक कमी 61% से ज्यादा है।
- ❐ नवजात मृत्यु दर (NMR) में 70% की गिरावट आई है, जबकि 1990-2023 के दौरान वैश्विक स्तर पर यह 54% थी।

# समिति/आयोग

## विनीत जोशी पैनल

- ❐ केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित।
- ❐ कोचिंग सेंटरों पर छात्रों को निर्भरता कम करने और प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं की प्रभावशीलता और निष्पक्षता का आकलन करने के उपाय सुझाने के लिए।

### डॉ. नरेंद्र जाधव समिति

- महाराष्ट्र सरकार द्वारा स्कूलों में त्रिभाषा नीति पर सिफारिशें करने के लिए गठित।
- हाल ही में महाराष्ट्र सरकार ने त्रिभाषा नीति पर 16 अप्रैल और 17 जून को जारी सरकारी संकल्पों को रद्द कर दिया, जिसमें प्राथमिक विद्यालयों में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में शामिल किया गया था।

## नियुक्तियाँ

### टी. रबी शंकर

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के डिप्टी गवर्नर।
- 16वें वित्त आयोग के अंशकालिक सदस्य नियुक्त।
- 16वें वित्त आयोग के पूर्णकालिक सदस्यों में एक अजय नारायण झा के व्यक्तिगत कारणों से त्यागपत्र देने के परिणामस्वरूप।

> - *16वें वित्त आयोग का गठन 31 दिसम्बर, 2023 को किया गया था।*
> - *अध्यक्ष – नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया।*
> - *16वें वित्त आयोग को 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि के लिए 31 अक्टूबर, 2025 तक अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करनी है।*

- **श्री शिवसुब्रमण्यम रमण** – 20 जून को पेंशन फण्ड विनियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण।
- **अरुण श्रीनिवास** – भारत में मेटा के प्रबंध निदेशक और प्रमुख के रूप में नियुक्त
- **लेफ्टिनेंट जनरल दिनेश सिंह राणा** –
  - अंडमान और निकोबार कमान के कमांडर-इन-चीफ।
  - गढ़वाल राइफल्स के 23वें कर्नल ऑफ द रेजिमेंट के रूप में नियुक्त।
  - उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि का स्थान लिया।
  - श्रीविजयपुरम स्थित अंडमान निकोबार कमान, भारत की पहली और एकमात्र त्रि-सेवा ऑपरेशनल कमान है जो थलसेना, नौसेना, वायुसेना और तटरक्षक बल को आपस में जोड़ती है।
- **पराग जैन**
  - रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (R&AW) के प्रमुख नियुक्त।
  - पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी।
  - रवि सिन्हा का स्थान लिया।

### एयर मार्शल मनीष खन्ना

- साउदर्न एयर कमांड के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ नियुक्त।

### राजीव मेमानी

- 2025-26 के कार्यकाल के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के अध्यक्ष नियुक्त।

### शैलेन्द्रनाथ गुप्ता

- रक्षा संपदा महानिदेशक नियुक्त।
- 1990 बैच के भारतीय रक्षा संपदा सेवा के अधिकारी।

### एयर मार्शल जसवीर सिह मान

- भारतीय वायुसेना की पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ एयर स्टॉफ ऑफिसर नियुक्त।

## निधन

### मारुति चितमपल्ली

- प्रसिद्ध पर्यावरणविद् और वन्यजीव विशेषज्ञ।
- अरण्य ऋषि के नाम से प्रसिद्ध।
- **प्रसिद्ध पुस्तकें** – पक्षीकोश (Encyclopedia of Birds), पशुकोश (Encyclopedia of Animals), और मत्स्यकोश (Encyclopedia Fish)
- 30 अप्रैल 2025 को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित।

### वाल्मीक थापर

- भारतीय पर्यावरणविद् वाल्मीक थापर का निधन।
- बाघ संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका।

- वन्यजीव संरक्षण पर दो दर्जन से अधिक पुस्तकों के लेखक।
- सरिस्का से बाघों के गायब होने के बाद सुधारों को सुझाने के लिए गठित टाइगर टास्क फोर्स के सदस्य।
- 1987 में रणथंभौर फाउंडेशन की स्थापना।
- **प्रमुख पुस्तक** – 'टाइगर माई लाइफ, रणथंभौर एंड बियॉन्ड'।

# विविध

## चिनाब रेल पुल

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 6 जून को उद्घाटन।
- जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में बक्कल और कौरी के बीच चिनाब नदी पर बना आर्च ब्रिज।
- विश्व का सबसे ऊँचा सिंगल आर्च रेलवे ब्रिज (359 मीटर/1,178 फीट)।
- पेरिस के एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊँचा।
- 1315 मीटर लंबा।
- 266 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज गति की हवा की गति का सामना करने के लिए डिजाइन।
- 120 साल तक चलने के लिए बनाया गया है।
- माइनस 10 से 40 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान के लिए उपयुक्त स्ट्रक्चरल स्टील का इस्तेमाल।
- स्ट्रक्चरल डिटेलिंग के लिए सबसे अत्याधुनिक 'टेक्ला' सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल।
- उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेलवे लिंक (USBRL) का हिस्सा (कटरा से बनिहाल)।
- पुल पर चलने वाली वंदेभारत ट्रेन के जरिए कटरा और श्रीनगर के बीच यात्रा करने में सिर्फ 3 घंटे लगेंगे, जिससे मौजूदा यात्रा समय में 2-3 घंटे की कमी आएगी।

## अंजी ब्रिज

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 6 जून को उद्घाटन।
- भारत का पहला केबल स्टेड रेलवे पुल।
- जम्मू-कश्मीर में जम्मू शहर से लगभग 80 किलोमीटर दूर चिनाब के दक्षिण में गहरी अंजी नदी घाटी में स्थित।
- उधमपुर-श्रीनगर-बारमूला रेल लाइन के कटरा बनिहाल खंड को जोड़ता है।
- नदी तल से 331 मीटर ऊँचाई पर स्थित और 725 मीटर चौड़ाई में विस्तृत यह पुल 96 हाई टेन्सिल केबलों पर टिका है।
- इसमें केन्द्र में एक औंधा वाई आकार का स्तंभ है जो इसकी नींव से 193 मीटर ऊपर तक है।

## उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (USBRL)

- जम्मू और कश्मीर घाटी के बीच में ऑल वेदर बाधा रहित रेल कनेक्टिविटी।
- कुल लम्बाई – 272 किलोमीटर।
- **परियोजना लागत** – 43,780 करोड़ रुपये।
- 119 किलोमीटर तक फैली 36 सुरंगे और घाटियों, चोटियों और पहाड़ी दर्रों को जोड़ने वाले 943 पुल शामिल।
- वंदेभारत एक्सप्रेस का संचालन।
- **टी-50 सुरंग** –
  - भारत की सबसे लम्बी परिवहन सुरंग (उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना के तहत बनाई गई सबसे लंबी सुरंग)
  - जम्मू-कश्मीर में खारी और सुंबर को जोड़ने वाली 12.77 किलोमीटर लंबी सुरंग।
  - न्यू-ऑस्ट्रियन टनलिंग विधि का उपयोग करके निर्मित।
- जम्मू-कश्मीर ने अपने रेलवे ट्रैक का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल कर लिया है।

## ICRISAT सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर साउथ-साउथ को ऑपरेशन इन एग्रीकल्चर (ISSCA)

- इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर द सेमी-एरिड ट्रॉपिक्स (ICRISAT), हैदराबाद और रिसर्च एंड इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कंट्रीज (RIS), नई दिल्ली के साझे प्रयास से ISSCA की आधिकारिक शुरूआत।
- वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) और त्रिकोणीय सहयोग पर सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली में लॉन्च।

- ज्ञान के आदान-प्रदान, नवाचारों को बढ़ावा देने तथा समान कृषि, जलवायु और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे देशों के बीच साझेदारी बनाने के लिए एक समर्पित मंच।
- क्षमता निर्माण और विकास के माध्यम से दक्षिण-दक्षिण साझेदारी को मजबूत करने के लिए ICRISAT और DAKSHIN (भारत सरकार की एक पहल) के बीच समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर।
  - कृषि प्रणालियों को मजबूत करने और जलवायु के अनुकूल खेती को बढ़ावा देने के लिए।

### पुणे एग्री हैकाथॉन

- भारत का पहला अंतर्राष्ट्रीय कृषि हैकाथॉन।
- 3 जून को पुणे में समापन।

### परमाणु विद्युत दीर्घा:राष्ट्र की सेवा में परमाणु

- राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, नई दिल्ली में स्थित पुनर्निर्मित स्थायी गैलरी।
- 5 जून को उद्घाटन (मूल रूप से 2016 में उद्घाटन)
- भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड (NPCIL) द्वारा समर्थित इस पहल का उद्देश्य परमाणु ऊर्जा के सहस्य को उजागर करना और भारत के ऊर्जा परिदृश्य में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में लोगों को जानकारी देना है।

### जनगणना 2027

- आयोजन दो चरणों में।
- **संदर्भ तिथि** - 01 मार्च, 2027 को 00:00 बजे।
- केन्द्रशासित प्रदेश लद्दाख और केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के असमकालिक बर्फीले क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि 01 अक्टूबर, 2026 को 00:00 बजे।
- भारत की जनगणना, जनगणना अधिनियम, 1948 और जनगणना नियम, 1990 के प्रावधानों के अंतर्गत की जाती है।

### भारत का पहला वैरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज प्लांट

- टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (THDCIL) द्वारा उत्तराखंड के टिहरी में 1000 मेगावाट वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज प्लांट (PSP) की पहली इकाई (250 मेगावाट) की सीओडी प्रक्रिया के सफल शुभारंभ की घोषणा।
- किसी भी केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (CPSE) द्वारा स्थापित भारत का सबसे बड़ा पंप स्टोरेज प्लांट।
- **शुभारंभ** - 4 जून को केन्द्रीय विद्युत, आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल द्वारा वर्चुअल माध्यम से।
- पूरी तरह कार्यान्वित हो जाने पर, यह परियोजना टिहरी हाइड्रो पावर कॉम्पलेक्स की क्षमता को 2400 मेगावाट तक बढ़ा देगी, जिससे यह भारत का सबसे बड़ा हाइड्रो पावर कॉम्पलेक्स बन जाएगा।
- वैरिएबल स्पीड तकनीक सटीकता के साथ बिजली प्रवाह का प्रबंधन करने में मदद करती है।
- यह परियोजना ऑफ-पीक अधिशेष ऊर्जा को पीकिंग पावर में बदलने, ग्रिड अनुकूलता बढ़ाने और चौबीसों घंटे बिजली की उपलब्धता को सुनिश्चित करने में सहायक होगी।

### जन्म के समय लिंगानुपात (SRB)

- सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (CRS) रिपोर्ट के अनुसार बिहार में वर्ष 2022 में सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में सबसे कम जन्म के समय लिंगानुपात (SRB) दर्ज किया गया है (प्रत्येक 1,000 लड़कों पर सिर्फ 891 लड़कियों का जन्म)।
  - बिहार देश का एकमात्र ऐसा राज्य है, जिसने 2020 से जन्म के समय लिंगानुपात में लगातार साल-दर-साल गिरावट दर्ज की है।
- नागालैंड (1,068) में वर्ष 2022 में सबसे अधिक SRB दर्ज।
- समग्र राष्ट्रीय औसत प्रति 1,000 लड़कों पर 943 लड़कियाँ हैं।

### एमएससी इरिना

- क्षमता के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज एमएससी इरिना पहली बार विझिनजाम इंटरनेशनल सीपोर्ट पर पहुंचा है।
- विझिनजाम इंटरनेशनल सीपोर्ट, केरल भारत का पहला ट्रांसशिपमेंट पोर्ट है।

### लद्दाख आधिकारिक भाषा विनियमन 2025

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मंजूरी।
- अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, भोटी और पुरगी को केन्द्र शासित प्रदेश के सभी या किसी भी आधिकारिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली आधिकारिक भाषाओं के रूप में मान्यता।

## लद्दाख हिल काउंसिल में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं के लिए कुल सीटों में से एक तिहाई सीटें आरक्षित करने के लिए लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद् अधिनियम, 1997 में संशोधन के लिए लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (संशोधन) विनियमन नियम, 2025 को लागू किया है।
- लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय परिषद् एक वैधानिक निकाय है, जिसकी जनरल काउंसिल में तीस सदस्य हैं।

## सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिकी घटक विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) नियमों में सुधार

- न्यूनतम भूमि की आवश्यकता 10 हेक्टेयर (पहले 50 हेक्टेयर)।
- एसईजेड के लिए अनुमोदन बोर्ड को एसईजेड भूमि को केंद्र या राज्य सरकार या उनकी अधिकृत एजेंसियों के पास बंधक या पट्टे पर दिए जाने के मामले में ऋण मुक्त होने की शर्त में ढील देने की अनुमति।
- नि:शुल्क आधार पर प्राप्त और आपूर्ति की गई वस्तुओं के मूल्य को शुद्ध विदेशी मुद्रा (NFE) गणना में शामिल किया जाएगा और लागू सीमा शुल्क मूल्यांकन नियमों का उपयोग करके उसका मूल्यांकन किया जाएगा।
- सेमीकंडक्टर के साथ-साथ इलेक्ट्रानिकी घटक विनिर्माण क्षेत्र में एसईजेड इकाइयों को लागू शुल्कों के भुगतान के बाद घरेलू टैरिफ क्षेत्र में भी घरेलू आपूर्ति करने की अनुमति।
- नियमों में संशोधनों के बाद सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक घटकों के विनिर्माण एसईजेड की स्थापना को अनुमति।
  - सेमीकंडक्टर-माइक्रोन सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, गुजरात के साणंद में।
  - इलेक्ट्रॉनिक-हुबली ड्यूरेबल गुड्स क्लस्टर प्राइवेट लिमिटेड (एक्वस ग्रुप), कर्नाटक के धारवाड़ में।

## भारत में ऊर्जा उत्पादन की स्थिति

- भारत ने 9 जून को 241 गीगावाट की अधिकतम बिजली मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया है।
- भारत ने 2024-25 के दौरान 34 गीगावाट की अपनी अब तक की सबसे अधिक उत्पादन क्षमता जोड़ी है, जिसमें अक्षय ऊर्जा का योगदान 29.5 गीगावाट है।
- वर्ष 2025 के अंत तक देश की कुल ऊर्जा उत्पादन क्षमता में गैर-जीवाश्म स्त्रोतों की हिस्सेदारी 50% से अधिक हो जाएगी।
- पिछले 11 वर्षों में देश में बिजली की अधिकतम मांग लगभग दोगुनी होकर 130 गीगावाट से 250 गीगावाट हो गई है (वर्ष 2025 के अंत तक 270 गीगावाट तक पहुंचने की उम्मीद)।
- अधिकतम मांग के दौरान ऊर्जा की कमी वर्ष 2013 में 4.2% से घटकर वर्ष 2024 में 0.1 प्रतिशत।

## इन्फ्रा आईडी

- महाराष्ट्र सरकार द्वारा 1 अक्टूबर 2025 को जियो-टैग्ड 13-अंकीय अल्फान्यूमेरिक इन्फ्रा आईडी लॉन्च।
- प्रत्येक इंफ्रास्ट्रक्चर विकास परियोजना के लिए विशिष्ट आईडी।
- 13-अंकीय अल्फान्यूमेरिक विशिष्ट आईडी में एक अक्षर का राज्य कोड, दो अंकों का स्वीकृति वर्ष कोड, योजना/कार्यक्रम के लिए चार-अक्षर का कोड, तीन-अक्षर का जिला कोड, दो अक्षर का संपत्ति प्रकार का संक्षिप्त नाम और अनुक्रमिक सीरियल नंबर होगा।
- निगरानी और प्रबंधन उद्देश्यों के लिए महाराष्ट्र रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर (MRSAC) प्लेटफॉर्म का उपयोग।

## भारत का पहला अंडरवाटर म्यूजियम

- महाराष्ट्र के सिंधु दुर्ग जिले के वेंगुर्ला में निवती रॉक्स के पास सेवामुक्त युद्धपोत आईएनएस गुलदार में विकसित।
- कृत्रिम कोरल रीफ का विकास।
- 10 जून को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा वर्चुअली रूप से परियोजना की शुरूआत।
- **विकास** – महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम द्वारा (केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा समर्थित – 46.91 करोड़ रुपये मंजूर)।
- 1,120 टन वजनी आईएनएस गुलदार को जनवरी 2024 में सेवामुक्त किया गया था।

## ईज ऑफ डूइंग रिसर्च को बढ़ाने के लिए नीतिगत सुधार

- वैज्ञानिक संगठनों के निदेशकों और विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को विशेष शोध उपकरणों और सामग्रियों के लिए गैर-जीईएम (सरकारी ई-मार्केटप्लेस) खरीद करने का अधिकार।
- **प्रमुख वित्तीय सीमाओं में संशोधन**
  - प्रत्यक्ष खरीद की सीमा - 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 2 लाख रुपये।
  - विभागीय समितियों के माध्यम से खरीद की सीमा - 1-10 लाख से बढ़ाकर 2-25 लाख रुपये।
  - लिमिटेड टेंडर इंक्वायरीज और विज्ञापित निविदाओं की सीमा - 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये।
  - ग्लोबल टेंडर इंक्वायरीज (GTEs) को मंजूरी - 200 करोड़ रुपये तक।

## श्रेणी ए रिंडरपेस्ट होल्डिंग फैसिलिटी (RHF)

- मध्य प्रदेश के भोपाल में स्थित ICAR-नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हाई सिक्योरिटी एनिमल डिजीज (NIHSAD) को श्रेणी ए RHF की मान्यता (एक साल की अवधि के लिए)।
- विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH) और संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) द्वारा।
- **घोषणा** - 29 मई को पेरिस में आयोजित WOAH के 92वें सत्र के दौरान।
- भारत विश्व के 6 देशों के समूह में शामिल जिनकों रिंडरपेस्ट वायरस सामग्री को सुरक्षित रखने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

> - *रिंडरपेस्ट एक अत्यंत संक्रामक वायरल रोग है जो मुख्यत: मवेशियों एवं भैंसों जैसे खुर वाले पशुओं को प्रभावित करता था।*
> - *'मवेशी प्लेग' के नाम से जाना जाता है।*
> - *रिंडरपेस्ट वायरस मोर्बिलिवायरस जीनस का एक पैरामाइक्सोवायरस था, जो पेस्टे डेस पेट्टिस रूमिनेंट्स, कैनाइन डिस्पेंटर और मानव रोग खसरा का कारण बनने वाले वायरस से बहुत करीब संबंधित था।*
> - *वर्ष 2011 में वैश्विक स्तर पर उन्मूलन।*

## भारत का सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल गति शक्ति-मॉडल कार्गो टर्मिनल

- हरियाणा के मानेसर स्थित मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड में स्थापित।
- **उद्घाटन** - केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा।
- यह संयंत्र 10 किलोमीटर के समर्पित रेल लिंक के माध्यम से पटली रेलवे स्टेशन से जुड़ा हुआ है, जो हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम (HRIDC) द्वारा विकसित किए जा रहे 121.7 किलोमीटर लंबे हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर का हिस्सा है।
- भारत में सर्वाधिक लोडिंग क्षमता (प्रति वर्ष 4.5 लाख ऑटोमोबाइल)

## जेंडर बजटिंग नॉलेज हब

- भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा विकसित वेब पोर्टल।
- जेंडर बजटिंग प्रक्रियाओं से संबंधित सभी सूचनाओं का एक डिजिटल संग्रह।
- केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा लॉन्च।

> - *जेंडर बजटिंग या जेंडर रिस्पॉन्सिव बजटिंग, एक दृष्टिकोण है जो लैंगिक समानता पर सरकारी बजट के प्रभाव का आकलन करके लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए राजकोषीय नीति का उपयोग करता है।*
> - *2005-06 में भारत ने जेंडर बजट पेश किया गया।*

## टोल संग्रहण के लिए फास्टैग आधारित वार्षिक पास

- भारत सरकार 15 अगस्त से तीन हजार रुपये की कीमत वाला फास्टैग आधारित वार्षिक पास पेश करेगी।
- पूरे देश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध और किफायती यात्रा।
- एक्टिवेशन की तारीख से एक साल या 200 यात्राओं तक के लिए वैध।

- विशेष रूप से गैर-व्यावसायकि निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए।

## गूगल सेफ्टी इंजीनियरिंग सेंटर (GSEC)

- 17 जून को हैदराबाद (तेलंगाना) में शुभारंभ।
- **उद्घाटन** – तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी द्वारा।
- गूगल का एशिया प्रशांत क्षेत्र में पहला और विश्व स्तर पर चौथा सुरक्षा इंजीनियरिंग केन्द्र।
- GSEC उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने, उद्यम और सरकारी बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने और जिम्मेदार AI के निर्माण पर ध्यान केन्द्रित करेगा।

## फ्लोटिंग योग कार्यक्रम

- आंध्र प्रदेश ने विजयवाड़ा में कृष्णा नदी पर आयोजित।
- 11 जून को राज्य के योगांध्र 2025 अभियान के हिस्से के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम में एक हजार से अधिक योग साधकों ने 200 कयाक, जेट स्की और तैरते हुए प्लेटफार्मों पर आसन किए।
- वर्ल्ड रिकॉर्ड्स यूनियन द्वारा जिला कलेक्टर को प्रमाण पत्र प्रदान।

## शहरी निकाय चुनावों में ई-वोटिंग

- 28 जून को आयोजित नगर निगम और शहरी निकाय चुनावों में बिहार राज्य चुनाव आयोग द्वारा एंड्रॉयड आधारित मोबाइल के माध्यम से ई-वोटिंग प्रणाली का प्रारंभ।
- शहरी निकाय चुनावों के लिए ई-वोटिंग प्रणाली अपनाने वाला भारत का पहला राज्य।
- सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (C-DAC) द्वारा विकसित "ई-वोटिंग SECBHR" एप के माध्यम से ई-वोटिंग प्रक्रिया का संचालन।
- ईस्ट चम्पारन जिले के निवासी बिभा कुमारी ने स्थानीय निकाय चुनाव में देश का पहला ई-वोट डाला।
- प्रवासी मजदूर, प्रवासी मतदाता, दिव्यांग मतदाता, गर्भवती महिला मतदाता, बुजुर्ग और वरिष्ठ नागरिक और गंभीर रूप से बीमार मतदाता ई-वोटिंग प्रक्रिया का उपयोग करके वोट डालने के पात्र।
- वैश्विक स्तर पर अभी तक केवल यूरोपीय देश एस्टोनिया ने ई-वोटिंग प्रणाली का उपयोग किया है।

## पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (MoPSW) द्वारा प्रारंभ प्रमुख तकनीकी पहल

- MoPSW और सी-डैक के मध्य समुद्री क्षेत्र के लिए डिजिटल उत्कृष्टता केन्द्र (D-COE) स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- **सागर सेतु प्लेटफॉर्म**–
  - पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ संयोजित सागर सेतु कई सेवा प्रदाताओं को एकीकृत करता है ताकि निर्बाध एक्जिम संबंधित सेवाएँ प्रदान की जा सकें।
  - पोत और कार्गो दस्तावेजीकरण के लिए प्रसंस्करण समय को उल्लेखनीय रूप से कम करने के लिए डिजाइन।
  - 80 से अधिक बंदरगाहों और 40 प्रमुख हितधारकों को जोड़ता है।
- **गेटवे टू ग्रीन :** असेसिंग पोर्ट रेडिनेस फॉर ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन इन इंडिया रिपोर्ट का प्रकाशन–
  - भारतीय बंदरगाह संघ (आईपीए) के सहयोग से तैयार रिपोर्ट।
  - भारतीय बंदरगाह को ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन, भंडारण और निर्यात के केन्द्रों में बदलने के लिए एक रोडमैप की रूपरेखा प्रस्तुत करती है।
- DRISHTI (Data driven decision support-Review Institutional Information System for Hastening and Tracking Implementation)
  - समुद्री भारत विजन 2030 और अमृत काल विजन 2047 के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए एक व्यापक निगरानी ढांचा।
  - चार रणनीतिक स्तंभों - केपीआई मॉनिटरिंग, उपलब्धियों की ट्रैकिंग, संगठनात्मक निगरानी और कार्यात्मक सेल ओवरसाइट पर निर्मित।

## सागरमाला वित्त निगम लिमिटेड (SMFCL)

- समुद्री क्षेत्र में भारत की पहली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC)
- 26 जून को केन्द्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री (MoPSW) सर्बानंद सोनोवाल द्वारा उद्घाटन।

- एक मिनी रत्न, श्रेणी-1, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम।
- **उद्देश्य** – समुद्री क्षेत्र में वित्तपोषण की कमी को पूरा करना और बंदरगाह प्राधिकरणों, शिपिंग कंपनियों, एमएसएमई, स्टार्टअप और समुद्री शैक्षणिक संस्थानों जैसे विविध हितधारकों को लघु, मध्यम ओर दीर्घकालिक वित्तपोषण प्रदान करना।

## अंतर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र (CIP) का दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केन्द्र

- उत्तर प्रदेश के आगरा के सिंगना में स्थापित किया जाएगा।
- **उद्देश्य** – आलू और शकरकंद की उत्पादकता, कटाई के बाद प्रबंधन और मूल्य संवर्द्धन में सुधार करके खाद्य एवं पोषण सुरक्षा, किसानों की आय और रोजगार सृजन को बढ़ाना।

## इंडिया एनर्जी स्टैक (IES)

- भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय की पहल।
- **उद्देश्य** – भारत के ऊर्जा क्षेत्र के लिए एकीकृत, सुरक्षित और अंतर-संचालनीय डिजिटल बुनियादी ढांचे का निर्माण करना।
- विद्युत मंत्रालय इंडिया एनर्जी स्टैक के जरिए विद्युत क्षेत्र के डिजिटल आधार को फिर से तैयार कर रहा है - एक ऐसी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) जो विद्युत मूल्य श्रृंखला में प्रबंधन, निगरानी और नवाचार के लिए एक मानकीकृत, सुरक्षित और खुला मंच प्रदान करेगी।
- **आईईएस निम्नलिखित पेशकश करेगा–**
  - उपभोक्ताओं, परिसंपत्तियों और लेन-देन हेतु विशिष्ट आईडी।
  - वास्तविक एवं सहमति-आधारित डेटा का साझाकरण।
  - निर्बाध प्रणालीगत एकीकरण हेतु ओपन एपीआई।
  - उपभोक्ता सशक्तिकरण, बाजार की सुलभता और नवाचार हेतु उपकरण।
- IES का मार्गदर्शन करने हेतु विद्युत मंत्रालय द्वारा प्रौद्योगिकी, विद्युत क्षेत्र और नियामक क्षेत्रों के विशेषज्ञों को शामिल करते हुए नंदन नीलेकणी के नेतृत्व में एक समर्पित कार्य दल (टास्क फोर्स) का गठन।

## राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड

- 29 जून को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा तेलंगाना के निजामाबाद में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के मुख्यालय का उद्घाटन।
- अक्टूबर 2023 में अधिसूचित, राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड को जनवरी 2025 में लॉन्च किया गया था।
- बोर्ड केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन स्थापित।
- हल्दी को 'गोल्डन स्पाइस' के नाम से भी जाना जाता है।
- हल्दी एक एंटी-वायरल, एंटी-कैंसर और सूजन रोधी औषधि है।
- भारत दुनिया में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक (वैश्विक हल्दी उत्पादन का 75 प्रतिशत से अधिक), उपभोक्ता और निर्यातक है।
- हल्दी के विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 62 प्रतिशत से अधिक।
- भारत के शीर्ष हल्दी उत्पादक राज्य-महाराष्ट्र, तेलंगाना।
- भारत सरकार का वर्ष 2030 तक एक अरब डॉलर हल्दी निर्यात का लक्ष्य।

## सरहद शौर्यथॉन 2025

- **आयोजन** - 22 जून को लद्दाख के द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर।
- भारतीय सेना द्वारा पुणे के सरहद फाउंडेशन और कारगिल के स्थानीय नागरिक प्रशासन के सहयोग से आयोजित।

## माय भारत पोर्टल पर व्हाट्सएप चौटबॉट

- भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत पोर्टल (https://mybharat.gov.in) के साथ व्हाट्सएप एकीकरण शुरू।
- व्हाट्सएप चौटबॉट अब माय भारत पोर्टल पर लाइव है और इसे सीधे व्हाट्सएप (7289001515) के द्वारा भी इस्तेमाल किया जा सकता है, जो उपयोगकर्ताओं को प्लेटफॉर्म के साथ बातचीत करने का अधिक आसान, वास्तविक समय और उपयोगकर्ता के अनुकूल तरीका प्रदान करता है।

- माय भारत एक प्रौद्योगिकी मंच है जिसे युवा मामलों के विभाग (DoYA) द्वारा डिजाइन किया गया है और डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन (DIC), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकसित ताकि देश की युवा शक्ति को जोड़ने के लिए एक संस्थागत पद्धति स्थापित की जा सके।
- 'सेवा भाव' और 'कर्तव्य बोध' के भारतीय लोकाचार के साथ युवाओं को सशक्त बनाने के मुख्य प्रयोजन से यह मंच विभिन्न स्वयंसेवा और सीखने की गतिविधियों में सहभागिता, विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करने, युवा प्रोफाइल और सीवी बनाने, अन्य युवाओं से जुड़ने और अन्य रोमांचक क्षमता निर्माण गतिविधियों के विकल्प प्रदान करता है।

### हेजिंग डेस्क

- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा बालासाहेब ठाकरे कृषि व्यवसाय और ग्रामीण परिवर्तन परियोजना के तहत पुणे में उद्घाटन।
- प्रारंभ में कपास, हल्दी और मक्का की फसलों को प्राथमिकता।
- नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज और इसकी शोध शाखा, एनआईसीआर के सहयोग से, इस पहल का उद्देश्य किसानों को बाजार मूल्य में उतार-चढ़ाव के कारण होने वाले नुकसान से बचाना है।

### बिहार का पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र

- केंद्रीय बजट 2025-26 में 20,000 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ घोषित परमाणु ऊर्जा मिशन के अंतर्गत।
- केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा केंद्र की मंजूरी के बाद राज्य में लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR) आधारित परमाणु ऊर्जा संयंत्र की घोषणा।
- लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR) एक उन्नत परमाणु रिएक्टर हैं जिनकी विद्युत क्षमता प्रति यूनिट 300 मेगावाट तक होती है, जो परंपरागत परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों की उत्पादन क्षमता का लगभग एक तिहाई है।

## अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- भारत सरकार के कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के तहत भारतीय कॉर्पोरेट कार्य संस्थान (IICA) का पहला क्षेत्रीय परिसर-मेघालय के न्यू शिलांग टाउनशिप में स्थापित किया जाएगा।
- भारत सरकार द्वारा केंद्रीय गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के अन्तर्गत 6 जून को भारतीय भाषा अनुभाग का शुभारंभ (केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा) किया गया।
- केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन द्वारा पुडुचेरी विधानसभा के लिए राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (NeVA) का उद्घाटन।
  - NeVA संसदीय कार्य मंत्रालय की पहल है, जिसका उद्देश्य एकीकृत प्लेटफॉर्म द्वारा सभी 37 राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों की विधायी प्रक्रियाओं को डिजिटल रूप देना और इन्हें सुव्यवस्थित करना है।
- चौथा इंडिया-सेंट्रल एशिया डायलॉग - 6 जून को भारत के विदेश मंत्री की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित।
- राजस्थान और दिल्ली पुलिस देश में पहली ऐसी पुलिस बन गई है जो गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के बायोमेट्रिक डेटा को रिकॉर्ड, स्टोर और एनालिसिस करती है।
- वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) ने घोषणा की है कि 1 जनवरी 2026 से दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में संचालित ई-कॉमर्स कंपनियों और वाहन एग्रीगेटर्स के बेड़े में कोई भी नया डीजल या पेट्रोल वाहन (दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया) शामिल नहीं किया जा सकेगा।
  - केवल इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को ही अनुमति।
- महाराष्ट्र सरकार द्वारा पहली कक्षा से ही बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण देने की घोषणा।
- सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में 92% ऑनलाइन बाह्य-रोगी विभाग (ओपीडी) पंजीकरण दर के साथ बिहार ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) के तहत रोगी सेवाओं के लिए क्यूआर कोड स्कैन की सबसे अधिक संख्या दर्ज की है, जो स्कैन और शेयर सुविधा के लिए देश में अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है।
- राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान का समापन 12 जून को गुजरात के ऐतिहासिक स्थान बारदोली में किसान सम्मेलन के साथ हुआ।
- मेघालय ने राज्य बजट का 8% स्वास्थ्य के लिए (1,700 करोड़ रुपये) आवंटित किया है, जो भारत में सर्वाधिक है।
- मिजोरम और गोवा के बाद त्रिपुरा (साक्षरता दर 95.6%) पूर्ण कार्यात्मक साक्षरता हासिल करने वाला भारत का तीसरा राज्य बन गया है।

- हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (HCL) में चिली की सरकारी स्वामित्व वाली कॉपर खनन कंपनी कोडेल्को के एक प्रतिनिधिमंडल का दौरा-
  - ➢ विभिन्न खनन और परिचालन पहलुओं का आकलन करने के लिए।
  - ➢ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट की मौजूदगी में 01.04.2025 को HCL और कोडेल्को के बीच आदान-प्रदान किए गए ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (MoU) के अंतर्गत।
- भारत सरकार का सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) ने घोषणा की है कि राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (NSS) 2026 में अपना पहला पूर्ण घरेलू आय सर्वेक्षण करेगा।
- भारत निर्वाचन आयोग ने केरल, गुजरात, पंजाब और पश्चिम बंगाल राज्यों में पांच विधानसभा क्षेत्रों में हाल ही में संपन्न हुए उपचुनावों में नए डिजिटल प्लेटफॉर्म ECINET को शुरू किया है।
  - ➢ ECI द्वारा 4 मई को ECINET नामक एक नए वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म के विकास की घोषणा।
  - ➢ ECI के 40 से अधिक मौजूदा मोबाइल और वेब एप्लिकेशन को एकीकृत किया गया है।
  - ➢ इंडेक्स कार्ड का तेजी से प्रकाशन मतदान के नतीजों की घोषणा के 72 घंटों के भीतर उपलब्ध।
- केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी द्वारा गुवाहाटी में भारतीय खान ब्यूरो (IBM) के नए क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन।
- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 25 से 27 जून तक मेडागास्कर में राजधानी अन्टाननरीवो की आधिकारिक यात्रा की और मेडागास्कर के स्वतंत्रता दिवस की 65वीं वर्षगांठ और मालागासी सशस्त्र बलों के गठन समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा नई दिल्ली के भारत मंडपम में राजभाषा विभाग की 50वीं वर्षगांठ मनाई गई।
- हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य की सभी पंचायतों में आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र स्थापित करेगी।
- भारतीय अभिनेता कमल हसन ऑस्कर प्रशासन द्वारा ऑस्कर वोटिंग कमेटी में शामिल होने के लिए आमंत्रित।
- केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख ने लद्दाख आरक्षण (संशोधन) विनियमन, 2025 द्वारा नियंत्रण रेखा (LOC) और वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) के साथ स्थित लेह के 18 राजस्व गांव और LOC के साथ स्थित कारगिल जिले के 34 राजस्व गांवों को आरक्षित क्षेत्र घोषित किया है ताकि इन क्षेत्रों के निवासियों को सरकारी नौकरी और अन्य क्षेत्रों में आरक्षण का लाभ मिल सके।
- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा अगले साल से कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं दो सत्रों में आयोजित करवाने की घोषणा।
  - ➢ प्रारंभिक परीक्षा (अनिवार्य)-फरवरी में।
  - ➢ मई में होने वाली अगली परीक्षा उन छात्रों के लिए वैकल्पिक होगी जो अपना प्रदर्शन बेहतर करना चाहते हैं।
  - ➢ सभी उत्तीर्ण छात्रों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने की अनुमति दी जाएगी।
- भारत सरकार ने बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (IBPS) द्वारा आयोजित परीक्षाओं में उम्मीदवारों के सत्यापन के लिए आधार प्रमाणीकरण के उपयोग को अधिकृत किया है।
- भारत द्वारा मोजाम्बिक को 3300 हॉर्स पावर के दस डीजल इलेक्ट्रिक इंजन (बनारस लोकोमोटिव वर्क्स द्वारा निर्मित) का निर्यात किया गया है।
- तेलंगाना सरकार द्वारा तेलंगाना औद्योगिक परियोजना अनुमोदन और स्व-प्रमाणन प्रणाली (TG-iPASS) में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) उपकरणों को एकीकृत करने की घोषणा।
- बिहार सरकार ने सीतामढ़ी जिले में देवी सीता की जन्मस्थली पुनौरा धाम में 'मां जानकी मंदिर' के निर्माण एवं पुनर्विकास के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय ट्रस्ट का गठन किया है।
- सिकल सेल और एनिमिया से पीड़ित रोगियों को प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा देशभर के एम्स सहित 15 तृतीयक देखभाल अस्पतालों में सक्षमता केन्द्र (सीओसी) प्रारंभ।
- भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा एम्स दिल्ली के अंतर्गत आदिवासी स्वास्थ्य और अनुसंधान के लिए एक अत्याधुनिक केन्द्र की स्थापना की जाएगी।
- जनजातीय कार्य मंत्रालय ने सिकल सेल बिमारी की दवा के विकास के लिए भगवान बिरसा मुंडा पुरस्कार (1-10 करोड़ तक की पुरस्कार राशि) की घोषणा की है।

# 03 अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

## चर्चित यात्राएँ

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्राएँ

- **कनाडा का दौरा**
  - कनाडा के कनानास्किस में आयोजित जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन (51वां जी-7 शिखर सम्मेलन) में भाग लिया।



  - कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ द्विपक्षीय बैठक की।
  - दोनों देशों ने 2023 के बाद पहली बार नए उच्चायुक्तों की नियुक्ति करने पर सहमति जताई, जिससे राजनयिक संबंध बहाल होंगे।
  - प्रारंभिक प्रगति व्यापार समझौता वार्ता को पुन: आरंभ करने पर सहमति व्यक्त की गई, जिससे व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) का मार्ग प्रशस्त होगा।
- **साइप्रस यात्रा**
  - यह 23 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा है।
  - प्रधानमंत्री को साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान – 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस III' से सम्मानित किया गया।
  - दोनों देशों ने व्यापक भागीदारी के कार्यान्वयन पर एक संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए।
- **क्रोएशिया की यात्रा**
  - यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा है।
  - **प्रमुख परिणाम**
    - ✓ कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों पर समझौता ज्ञापन
    - ✓ सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम
    - ✓ जाग्रेब विश्वविद्यालय में आईसीसीआर हिंदी चेयर का विस्तार।
    - ✓ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग का कार्यक्रम।

### पैराग्वे राष्ट्रपति की भारत यात्रा

- राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस 2 से 4 जून 2025 तक भारत की राजकीय यात्रा पर आए।
  - यह पैराग्वे के किसी राष्ट्रपति की भारत की दूसरी यात्रा है।
- **मुख्य परिणाम–**
  - पारस्परिक हित के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा करने और उसे आगे बढ़ाने के लिए सचिव स्तर पर एक संयुक्त आयोग तंत्र की स्थापना की गई।

### एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष का दौरा

- अध्यक्ष मसातो कांडा ने भारत की पहली आधिकारिक यात्रा की।
- **मुख्य परिणाम**
  - भारत में शहरी बुनियादी ढांचे के रूपांतरण के लिए पांच वर्षीय, 10 अरब डॉलर की पहल, जिसमें संप्रभु ऋण, निजी वित्तपोषण और तृतीय-पक्ष पूंजी को शामिल किया जाएगा।



  - यह कार्यक्रम अर्बन चैलेंज फंड पर आधारित है और मेट्रो विस्तार, क्षेत्रीय तीव्र परिवहन गलियारों और शहरी सेवाओं में सुधार का समर्थन करेगा।

### एडीबी के बारे में

- *एक बहुपक्षीय विकास बैंक, जो एशिया और प्रशांत क्षेत्र में समावेशी, लचीले और सतत विकास का समर्थन करता है।*
- ***स्थापना:** 1966 (भारत इसका संस्थापक सदस्य है)*
- ***सदस्य:** 69*
- ***मुख्यालय:** मनीला, फिलीपींस*

# चर्चित व्यक्तित्व

## एनालेना बैरबॉक



- जर्मनी की पूर्व विदेश मंत्री, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र में अगले अध्यक्ष के रूप में चुना गया।
- वह इस पद को संभालने वाली पश्चिमी यूरोपीय समूह की पहली महिला और महासभा का नेतृत्व करने वाली कुल पांचवीं महिला बनी।
- वह वर्तमान अध्यक्ष फिलेमोन यांग (कैमरून के पूर्व प्रधानमंत्री) का स्थान लेंगी।

## ली जे-म्यांग

- कोरिया की डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता को दक्षिण कोरिया का 14वां राष्ट्रपति चुना गया।

## करोल नवरोकी

- पोलैंड के नए राष्ट्रपति चुने गए।
- उन्हें राष्ट्रवादी-रूढ़िवादी लॉ एंड जस्टिस पार्टी (पीआईएस) का समर्थन प्राप्त है और उन्होंने मध्यमार्गी प्रतिद्वंद्वी राफेल ट्रजास्कोवस्की को हराया है।

## डिक शूफ

- नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक शूफ ने इस्तीफा दिया।
- इसका कारण गीर्ट वाइल्डर्स की दक्षिणपंथी फ्रीडम पार्टी (पीवीवी) ने सत्तारूढ़ गठबंधन से अपना समर्थन वापस ले लिया, जिससे 11 महीने पुरानी सरकार गिर गई।
- जुलाई 2024 में गठित सत्तारूढ़ गठबंधन - जिसमें 4 दल शामिल थे, शरण और आव्रजन नीतियों के मुद्दों पर विभाजित था।

## लुइस मोंटेनेग्रो

- पुर्तगाल के प्रधानमंत्री के रूप में पुन: नियुक्त।
- वे सेंटर-राइट सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी और डेमोक्रेटिक अलायंस का नेतृत्व करते हैं।

## सिदी औलद ताह

- मॉरीशस के अर्थशास्त्री, जिन्हें अफ्रीकी विकास बैंक का 9वां अध्यक्ष चुना गया।
- वे 1 सितंबर 2025 को पांच साल के कार्यकाल के लिए पदभार ग्रहण करेंगे।

## ब्लेज मेट्रेवेली



- वह ब्रिटेन की विदेशी खुफिया एजेंसी एमआई6 की 18वीं प्रमुख बनीं।
- 116 साल के इतिहास में पहली बार संगठन का नेतृत्व कोई महिला करेगी।

## ओपल सुचाता चुआंग्सरी



- हैदराबाद में आयोजित मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के 72वें संस्करण में मिस वर्ल्ड 2025 का खिताब जीता।
- इससे पहले उन्होंने मिस वर्ल्ड थाईलैंड 2025 का खिताब भी जीता था।
- मिस वर्ल्ड 2025 के लिए भारत की प्रतिनिधि, कोटा की नंदिनी गुप्ता, शीर्ष 8 फाइनलिस्टों में आगे नहीं बढ़ पाईं।

## टॉम क्रूज



- हॉलीवुड एक्टर जिन्होंने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।
- 'मिशन इम्पॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग' की शूटिंग के दौरान जलते पैराशूट के साथ सबसे अधिक 16 छलांगें लगाने का रिकॉर्ड बनाया।

### एटियेन-एमिल बॉल्यू

- फ्रांसीसी वैज्ञानिक और गर्भपात की गोली के आविष्कारक, का हाल ही में निधन।
- उन्होंने आरयू-486 (माइफेप्रिस्टोन) विकसित की, जो सर्जिकल गर्भपात का एक सुरक्षित और किफायती विकल्प साबित हुई।

### फ्रेडरिक फोर्सिथ

- ब्रिटिश लेखक और पूर्व जासूस, का हाल ही में निधन।
- उन्हें 1962 में फ्रांसीसी राष्ट्रपति चार्ल्स डी गॉल की हत्या के प्रयास से प्रेरित एक राजनीतिक थ्रिलर 'द डे ऑफ द जैकल' के लिए जाना जाता था।
- अन्य पुस्तकें- द ओडेसा फाइल, द डॉग्स ऑफ वॉर।

### उरीया रेनी

- प्रीमियर लीग में पहले अश्वेत रेफरी, का हाल ही में निधन।
- वे जमैका में जन्मे थे, उन्होंने 1997 में डर्बी काउंटी और विंबलडन के बीच प्रीमियर लीग मैच में रेफरी की भूमिका निभाई थी।

### आलियावती लोंगकुमेर

- उन्हें उत्तर कोरिया का राजदूत नियुक्त किया गया है।
- भारत ने जुलाई 2021 में उत्तर कोरिया में अपना दूतावास बंद कर दिया और दिसंबर 2024 में इसे फिर से खोल दिया।

### अनंथा चंद्रकासन

- उन्हें मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का प्रोवोस्ट नियुक्त किया गया है।
- वे यह पद संभालने वाले पहले भारतीय मूल के शैक्षणिक विद्वान बने।
- वे शैक्षणिक कार्यों, वित्तीय योजना और रणनीतिक पहलों की निगरानी करेंगे।

## चर्चित स्थान

### इजराइल-ईरान युद्ध

- 12-दिवसीय युद्ध, जिसे इजराइल ने ईरान पर शुरू किया था, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा थोपे गए संघर्षविराम के साथ अचानक समाप्त हुआ।
- **पृष्ठभूमि**
  - ईरान की 1979 की क्रांति ने इजराइल के साथ उसके पुराने संबंधों को समाप्त कर दिया और दोनों देशों के बीच विरोध की एक गहरी रेखा खींच दी।
  - धार्मिक मतभेद गहरे हैं -जहाँ इजराइल एक यहूदी राष्ट्र है, वहीं ईरान शिया इस्लामी सिद्धांतों द्वारा शासित होता है।
  - ईरान ने फिलिस्तीनी कारणों का समर्थन किया है, जिसमें हमास और हिज्बुल्लाह जैसे संगठनों को समर्थन देना शामिल है, जिन्हें इजराइल आतंकी संगठन मानता है।
  - इजराइल ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। IAEA की रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने 60% तक यूरेनियम संवर्धन किया है, जो परमाणु अप्रसार संधि के उल्लंघन के अंतर्गत आता है।
- **ऑपरेशन राइजिंग लायन:** इजराइल द्वारा 13 जून 2025 को शुरू किया गया। इस अभियान में ईरान की परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले और ड्रोन हमले किए गए। निशाने पर यूरेनियम संवर्धन केंद्र, मिसाइल निर्माण स्थल और वरिष्ठ सैन्य अधिकारी थे।
- **ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 3:** ईरान द्वारा जवाबी कार्रवाई में शुरू किया गया अभियान। इसमें बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गईं, जिससे जेरूसलम और तेल अवीव में विस्फोट हुए।
- **ऑपरेशन मिडनाइट हैमर:** अमेरिका द्वारा चलाया गया। इसमें B-2 बॉम्बर और बंकर-बस्टर बमों का इस्तेमाल कर ईरान के प्रमुख परमाणु ठिकानों - फोर्दो, नतांज और इस्फहान - पर सटीक हमले किए गए।
- **समाधान**
  - संयुक्त राष्ट्र की तटस्थ मध्यस्थता से ईरान और इजरायल के बीच सीधी बातचीत से विश्वास बहाली हो सकती है और संवाद व कूटनीति के माध्यम से सार्थक वार्ता को बढ़ावा मिल सकता है।
  - परमाणु प्रसार की समस्या से निपटने के लिए, ईरान को पूर्ण निरीक्षणों के साथ JCPOA (संयुक्त व्यापक कार्य योजना) के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरानी चाहिए, जबकि इजरायल को शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा के अधिकार को स्वीकार करना चाहिए।

- इजरायल को गाजा में एक स्थायी संघर्षविराम के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए, मानवीय सहायता की अनुमति देनी चाहिए, और स्थायी शांति के लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के अनुरूप दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन करना चाहिए।

## हॉर्मुज जलडमरूमध्य

- ईरानी ठिकानों पर अमेरिका के हमलों के बाद, ईरान की संसद ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का प्रस्ताव मंजूर किया है, जिसे अंतिम स्वीकृति के लिए सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के पास भेजा गया है।
- यह जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है।
- यह दुनिया के सबसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है।
- वैश्विक तेल का 20% और बड़ी मात्रा में एलएनजी निर्यात इसी मार्ग से होता है; इसके बंद होने से व्यापार बाधित होगा और तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हो सकती है।
- **भारत पर प्रभाव**
  - भारत का लगभग 40% तेल और 50% प्राकृतिक गैस आयात इसी जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है, जिससे ऊर्जा सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडराता है।
  - ऊर्जा कीमतों में वृद्धि से आयात लागत बढ़ती है, जिससे व्यापार घाटा बढ़ता है।
  - कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें भारतीय अर्थव्यवस्था पर दबाव बनाती हैं, रुपया कमजोर होता है और वित्तीय बाजारों में अस्थिरता आती है।




## केर्च जलसंधि

- यूक्रेन ने रूस और क्रीमिया के बीच स्थित केर्च ब्रिज को निशाना बनाया।
- ब्रिज 19 किलोमीटर लंबा है और इसमें दो समानांतर रेल और राजमार्ग हैं।
- पुतिन द्वारा 2018 में शुरू किया गया, केर्च ब्रिज क्रीमिया पर रूसी नियंत्रण का प्रतीक है, जिसे विवादित 2014 के जनमत संग्रह में यूक्रेन से अलग कर दिया गया था।
- यह रूसी मुख्य भूमि और क्रीमिया के बीच सीधा संपर्क स्थापित करता है।

### केर्च जलसंधि

- ***स्थान:*** *यह एकमात्र जल निकाय है जो काला सागर को आजोव सागर से जोड़ता है।*
- ***महत्व:*** *यह एक महत्वपूर्ण वैश्विक शिपिंग मार्ग है, जो आजोव सागर से काला सागर तक मार्ग प्रदान करता है।*




## पाकिस्तान

- 2025 के लिए यूएनएससी 1988 तालिबान प्रतिबंध समिति के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया।
- परिषद के गैर-स्थायी सदस्य के रूप में 2025-26 के कार्यकाल के दौरान यूएनएससी आतंकवाद-रोधी समिति के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा।

## माउंट एटना

- हाल ही में ज्वालामुखी विस्फोट हुआ।
- **स्थान** – सिसिली द्वीप, इटली।

- यह भूमध्यसागरीय द्वीप का सबसे ऊँचा पर्वत है।
- यह विश्व का सबसे सक्रिय स्ट्रेटोवोलकैनो (संयुक्त ज्वालामुखी) और यूरोप का सबसे सक्रिय ज्वालामुखी है।
- यह यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल है।

### वियतनाम

- यह 10वां ब्रिक्स साझेदार बना।
- साझेदारों की वर्तमान सूची में वियतनाम, बेलारूस, बोलीविया, कजाकिस्तान, क्यूबा, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, युगांडा और उज्बेकिस्तान शामिल हैं।

## संगठन/समिति

### 51वां G7 शिखर सम्मेलन

- **स्थान:** कानानास्किस, कनाडा
- **तिथि:** 15-17 जून, 2025
- **मुख्य निष्कर्ष:**
  - कानानास्किस वाइल्डफायर चार्टर: विनाशकारी जंगल की आग के प्रभावों को प्रबंधित करने हेतु सहयोग करने पर सहमति। भारत ने इस चार्टर का समर्थन किया।
  - जी7 क्रिटिकल मिनरल्स एक्शन प्लान: महत्वपूर्ण खनिजों के उत्पादन को विविधतापूर्ण बनाने की योजना। भारत ने इसका समर्थन किया।
  - जी7 आप्रवासी तस्करी रोकथाम और प्रतिरोध गठबंधन
- भारत ने लगातार छठी बार (कुल 12वीं बार) आउटरीच देश के रूप में भाग लिया।
- प्रधानमंत्री ने 'ऊर्जा सुरक्षा: बदलती दुनिया में पहुंच और वहनीयता सुनिश्चित करने के लिए विविधता, प्रौद्योगिकी और अवसंरचना' विषय पर एक सत्र को संबोधित किया।

### एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक

- **स्थान:** चिंगदाओ, चीन (25 से 26 जून, 2025)
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसमें भाग लिया।
- भारत ने एससीओ रक्षा मंत्रियों की संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया, दस्तावेज की भाषा और हालिया पहलगाम हमले सहित सीमा पार आतंकवाद के उल्लेख की अनुपस्थिति पर आपत्ति जताई।

### उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) शिखर सम्मेलन 2025

- **आयोजित:** हेग, नीदरलैंड
- सदस्य 2035 तक सकल घरेलू उत्पाद के 2% से 5% तक रक्षा और सुरक्षा व्यय बढ़ाने पर सहमत हुए।
  - मुख्य रक्षा आवश्यकताओं पर सकल घरेलू उत्पाद का 3.5%
  - बुनियादी ढांचे और उद्योग जैसे रक्षा और सुरक्षा संबंधी निवेशों पर 1.5%

- ***नाटो** यूरोप और उत्तरी अमेरिका के 32 देशों (मूल रूप से 12) का एक राजनीतिक और सैन्य गठबंधन है। स्वीडन नाटो में शामिल होने वाला नवीनतम सदस्य देश है।*
- ***स्थापना:** 1949 में, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप में सोवियत विस्तार का मुकाबला करने के लिए उत्तरी अटलांटिक संधि (वाशिंगटन संधि) पर हस्ताक्षर के साथ।*
- ***मुख्यालय:** ब्रुसेल्स (बेल्जियम)*
- ***मुख्य सिद्धांत:** अनुच्छेद 5 के तहत सामूहिक रक्षा, जिसका अर्थ है कि एक नाटो देश पर हमला सभी पर हमला माना जाता है। 9/11 हमलों (2001) के बाद केवल एक बार लागू किया गया।*
- ***नाटो महासचिव:** मार्क रूटे*

### ग्लेशियर संरक्षण पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

- 29 से 31 मई 2025 तक आयोजित।
- **आयोजन** – दुशांबे, ताजिकिस्तान।
- **आयोजक** – ताजिकिस्तान गणराज्य, यूनेस्को और विश्व मौसम विज्ञान संगठन।
- **उद्देश्य** – यह ग्लेशियर के पिघलने से निपटने और क्रायोस्फेरिक स्रोतों से स्थायी मीठे पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कार्रवाई पर केंद्रित है।
- केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने भारत का प्रतिनिधित्व किया।

- *यूएन द्वारा वर्ष 2025 को ग्लेशियरों के संरक्षण का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित।*
- *क्रायोस्फेरिक विज्ञान के लिए कार्रवाई का दशक (2025-2034) घोषित।*

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में नए अस्थायी देश

- संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) ने बहरीन, कोलंबिया, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, लातविया और लाइबेरिया को 1 जनवरी 2026 से शुरू होने वाले 2 साल के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के गैर-स्थायी सदस्यों के रूप में चुना है।
  - ये देश अल्जीरिया, गुयाना, कोरिया गणराज्य, सिएरा लियोन और स्लोवेनिया का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल दिसंबर 2025 में समाप्त हो रहा है।
- अन्य 5 गैर-स्थायी सदस्यः डेनमार्क, ग्रीस, पाकिस्तान, पनामा, सोमालिया (सभी 2024 में चुने गए, 2026 तक सेवा करेंगे)।

## अंतर्राष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान

- भारत को 2025-2028 के कार्यकाल के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान (आईआईएएस) का अध्यक्ष चुना गया है।
- आईआईएएस के 100 वर्षों के इतिहास में यह पहली बार है कि अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मतपत्र प्रक्रिया से हुआ।
- **आईआईएएस के बारे में**
  - स्थापनाः 1930
  - मुख्यालयः ब्रुसेल्स, बेल्जियम
  - यह 31 सदस्य देशों, 20 राष्ट्रीय अनुभागों और 15 शैक्षणिक अनुसंधान केंद्रों का एक वैश्विक संघ है।
  - यह संयुक्त राष्ट्र का औपचारिक रूप से संबद्ध निकाय नहीं है।
  - यह लोक प्रशासन में संयुक्त राष्ट्र के कार्य से सक्रिय रूप से जुड़ा है
  - प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग 1998 से आईआईएएस के सदस्य राज्य के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करता है।

## ईसीओएसओसी

- भारत को 2026-2028 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) के लिए चुना गया है।
- भारत को लेबनान, तुर्कमेनिस्तान और चीन के साथ एशिया प्रांत राज्यों की श्रेणी में चुना गया।

## नॉर-शिपिंग, 2025

- नॉर्वे में 1965 से हर दो साल में आयोजित होने वाला एक प्रमुख वैश्विक समुद्री व्यापार मेला।
- केंद्रीय शिपिंग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और नॉर्वे के क्राउन प्रिंस हाकोन ने संयुक्त रूप से ओस्लो में इंडिया पैवेलियन का उद्घाटन किया।
- इस प्रमुख समुद्री आयोजन में भारत की यह पहली भागीदारी है।
- कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड और नॉर्वे के कोंग्सबर्ग के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जो भारत के लिए स्वदेशी रूप से अपना पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत (पीआरवी) बनाने का मार्ग प्रशस्त करता है।
- सोनोवाल नॉर्वे के स्टावर्न में 'मिन्नेहेलन मेमोरियल' का दौरा करने वाले पहले भारतीय मंत्री बने, जहाँ उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध में शहीद हुए 86 भारतीय नाविकों को श्रद्धांजलि दी।

## संयुक्त राष्ट्र महासभा

- वर्ष 2026 को अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान वर्ष घोषित किया है।
- संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा प्रस्तावित और सर्वसम्मति से अपनाया गया।
- **उद्देश्य** – खाद्य सुरक्षा और गरीबी उन्मूलन में महिला किसानों की प्रमुख भूमिका को उजागर करना तथा लैंगिक समानता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना।

## आपदा रोधी अवसंरचना पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (ICDRI) 2025

- 6 और 7 जून को नीस, फ्रांस में आयोजित (यूरोप में पहली बार)।

- **थीम** – तटीय क्षेत्रों के लिए एक लचीले भविष्य को आकार देना।
- पीएम मोदी ने वर्चुअल रूप से भाग लिया और भारत की 5 वैश्विक प्राथमिकताओं को रेखांकित किया–
    1. कुशल कार्यबल बनाने के लिए उच्च शिक्षा में आपदा रोधी पाठ्यक्रमों को एकीकृत करना।
    2. आपदा के बाद पुनर्निर्माण के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं का एक वैश्विक डिजिटल भंडार तैयार करना।
    3. विकासशील देशों को आवश्यक धन तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए अभिनव वित्तपोषण को बढ़ावा देना।
    4. छोटे द्वीपीय विकासशील देशों को बड़े महासागर देशों के रूप में मान्यता देना और उनकी कमजोरियों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता।
    5. समय पर आपदा प्रतिक्रिया के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली और समन्वय को मजबूत करना।

## पश्चिमी अफ्रीकी राज्यों का आर्थिक समुदाय

- इस समुदाय ने अपनी 50वीं वर्षगांठ मनाई।
- इसकी स्थापना 1975 में लागोस की संधि पर हस्ताक्षर के माध्यम से की गई थी।
- वर्तमान सदस्य– 12 राष्ट्र (मूलत: 15 – बुर्किना फासो, माली और नाइजर जनवरी 2024 में हटे)।
- **मुख्यालय** – अबुजा, नाइजीरिया
- **उद्देश्य** – पश्चिमी अफ्रीकी उप-क्षेत्र के आर्थिक एकीकरण और साझा विकास को बढ़ावा देना।

## वर्ल्ड एक्सपो 2025

- **आयोजन** – ओसाका, जापान
- **थीम** – हमारे जीवन के लिए भावी समाज का डिजाइन तैयार करना।
- भारत का मंडप – संस्कृति मंत्रालय के तहत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र द्वारा क्यूरेट किया गया।
- मंडप अजंता गुफाओं से 'बोधिसत्व पद्मपाणि' पर केंद्रित है।

## तीसरा संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन

- फ्रांस और कोस्टा रिका द्वारा सह-मेजबानी।
- नीस, फ्रांस में आयोजित।
- **थीम** – महासागर के संरक्षण और सतत उपयोग के लिए सभी अभिनेताओं को संगठित करना और कार्रवाई में तेजी लाना।
- यह महासागर संरक्षण पर कार्रवाई को आगे बढ़ाने के लिए एक वैश्विक मंच है।
- **परिणाम**–
    - महासागरों और समुद्री संसाधनों के संरक्षण और सतत उपयोग के लिए नीस महासागर कार्य योजना शुरू की गई।
    - समुद्री संरक्षण और सतत मत्स्य पालन के लिए €1 बिलियन यूरोपीय संघ निधि।
    - रीफ बहाली के लिए इंडोनेशिया और विश्व बैंक द्वारा कोरल बॉन्ड।
    - महासागरों को वैश्विक जलवायु रणनीतियों के केंद्र में रखने के लिए फ्रांस और ब्राजील द्वारा संयुक्त रूप से ब्लू नेशनली डिटरमाइंड कंट्रीब्यूशन चैलेंज शुरू किया गया।
- केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- चौथा संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन 2028 में चिली और कोरिया गणराज्य द्वारा सह-मेजबानी किया जाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन (ILC)

- यह अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन का सर्वोच्च नीति निर्धारण निकाय है।
- इसका 113वां पूर्ण अधिवेशन 2 जून से 13 जून 2025 के बीच जिनेवा, स्विटजरलैंड में आयोजित किया गया।
- भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने किया।
- **मुख्य परिणाम**–
    - भारत की बेरोजगारी दर वर्ष 2017 में 6% से घटकर 2024 में 3.2% हो गई।
    - भारत का सामाजिक सुरक्षा कवरेज वर्ष 2019 में 24.4% से बढ़कर 2025 में 64.3% हो गया।
    - भारत अब लगभग 94 करोड़ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हुए दुनिया में दूसरे स्थान पर।

- भारत का सामाजिक संरक्षण कवरेज 2015 में 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64.3 प्रतिशत हो जाएगा।
- भारत ILOSTAT डेटाबेस में अपने 2025 सामाजिक संरक्षण कवरेज डेटा को अपडेट करने वाला विश्व स्तर पर पहला देश भी है।

> - *सामाजिक सुरक्षा एक ऐसी व्यवस्था है जो नागरिकों को स्वास्थ्य, आजीविका, वृद्धावस्था, बेरोजगारी और आपदा जैसी स्थितियों में सुरक्षा और सहायता प्रदान करती है।*
> - *इसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, अटल पेंशन योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि योजनाएं शामिल हैं।*

### अंतर्राष्ट्रीय समुद्री नौवहन सहायता संगठन (आईएएलए)

- भारत ने फ्रांस के नीस में आयोजित आईएएलए के दूसरे सत्र में भाग लिया।
  - भारत वर्तमान में आईएएलए का उपाध्यक्ष है। ब्राजील इसका अध्यक्ष है।
- आईएएलए परिषद नौवहन सहायता के लिए जिम्मेदार अंतर-सरकारी संगठन का प्रमुख निर्णय लेने वाला निकाय है।

### 11वां ब्रिक्स संसदीय मंच

- ब्रासीलिया, ब्राजील में आयोजित।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।
- सदस्य देशों के बीच आतंकवाद के प्रति शून्य-सहिष्णुता की नीति अपनाने पर सामूहिक सहमति।
- भारत को आधिकारिक तौर पर 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच की अध्यक्षता सौंपी गई, जो 2026 में आयोजित किया जाना है।

### 9वीं संयुक्त रक्षा समिति की बैठक

- जोहान्सबर्ग में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच आयोजित की गई।
- भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने किया।
- पनडुब्बी सहयोग के क्षेत्र में दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

### यूएन-हैबिटेट महासभा

- नैरोबी, केन्या में आयोजित।
- शहरों और समुदायों में समावेशी, जलवायु अनुकूल, न्यायसंगत विकास को गति देने के लिए यूएन-हैबिटेट की रणनीतिक योजना 2026-2029 को अपनाया गया।
- मलेशिया 2025 से 2027 तक राष्ट्रपति पद संभालेगा।

## रिपोर्ट/सूचकांक

### 10वीं सतत विकास रिपोर्ट 2025

- **जारीकर्ता:** संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क
- **थीम:** 2030 और मध्य शताब्दी तक सतत विकास का वित्तपोषण
- **शीर्ष रैंकर:** फिनलैंड (प्रथम), स्वीडन (द्वितीय), डेनमार्क (तृतीय)
- **सबसे निचले देश:** दक्षिण सूडान (167), मध्य अफ्रीकी गणराज्य (166), चाड (165)
- **भारत की रैंक:**
  - 67.0 के स्कोर के साथ 99वीं (2024 में 109वीं)।
  - पहली बार शीर्ष 100 में स्थान बनाया गया

### भारत-किर्गिस्तान द्विपक्षीय निवेश संधि

- जून, 2019 में हस्ताक्षरित द्विपक्षीय निवेश संधि 5 जून 2025 से लागू होगी।
- इसने 2000 में लागू पहले समझौते का स्थान लिया।
- **उद्देश्य** – दोनों देशों के बीच निरंतर निवेश संरक्षण सुनिश्चित करना।

### भारत-जापान समुद्री संबंध

- भारत और जापान ने एक स्थायी और पारस्परिक लाभकारी भविष्य के लिए समुद्री संबंधों को सुदृढ़ करने पर सहमति जताई।
- जापान अंडमान निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप को टिकाऊ प्रौद्योगिकियों, आपदा-रोधी बुनियादी ढांचे और बेहतर कनेक्टिविटी का उपयोग करके स्मार्ट द्वीप में बदलने में भारत की सहायता करेगा।

- गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत संग्रहालय विकसित करने के लिए जापान का सहयोग।
- जापान की इमाबारी शिपबिल्डिंग ने आंध्र प्रदेश में एक ग्रीनफील्ड शिपयार्ड परियोजना का प्रस्ताव रखा।

## विश्व जनसंख्या की स्थिति 2025 रिपोर्ट

- संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा जारी।
- **शीर्षक** – वास्तविक प्रजनन संकट।
- **वैश्विक सांख्यिकी–**
  - वैश्विक जनसंख्या 820 करोड़ तक पहुँच गई है, जिसमें वृद्धि दर धीमी हो रही है।
  - शीर्ष 5 सबसे अधिक आबादी वाले देश (2025)
    - ✓ भारत – 1.46 करोड़
    - ✓ चीन – 1.42 करोड़ (घटते हुए)
    - ✓ यूएसए – 35 करोड़
    - ✓ इंडोनेशिया – 29 करोड़
    - ✓ पाकिस्तान – 26 करोड़
- **भारत सांख्यिकी–**
  - **कुल प्रजनन दर** – 1.9 (2.1 के प्रतिस्थापन स्तर से नीचे)।
  - 68% कामकाजी आयु वर्ग की आबादी (15-64 वर्ष)
  - **किशोर (10-19):** 17%
  - **बुजुर्ग (65+ वर्ष):** 7%
  - **जीवन प्रत्याशा:** पुरुष– 71 वर्ष और महिलाएँ– 74 वर्ष।

## वैश्विक लैंगिक अंतर रिपोर्ट 2025

- विश्व आर्थिक मंच द्वारा जारी।
- आइसलैंड लगातार 16वें वर्ष दुनिया की सबसे अधिक लैंगिक समानता वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है, जिसके बाद फिनलैंड, नॉर्वे, यूनाइटेड किंगडम और न्यूजीलैंड का स्थान है।
- वैश्विक लैंगिक अंतर 68.8% के करीब पहुंच गया है, लेकिन पूर्ण समानता अभी भी 123 साल दूर है।
- वैश्विक कार्यबल में महिलाओं की हिस्सेदारी 41.2 प्रतिशत है।
- शीर्ष नेतृत्व पदों पर महिलाओं की हिस्सेदारी 28.8 प्रतिशत है।
- **भारत की रैंक**– 148 देशों में से 131वीं (2024-129वीं), 64.1% के समानता स्कोर के साथ।
- दक्षिण एशिया में बांग्लादेश सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला देश बनकर उभरा।

## गरीबी रेखा संशोधित

- विश्व बैंक ने अंतर्राष्ट्रीय गरीबी रेखा को पहले के 2.15 डॉलर प्रति दिन (2017 पीपीपी) से बढ़ाकर 3 डॉलर प्रति दिन (2021 पीपीपी) कर दिया है।
- इससे वैश्विक स्तर पर अत्यधिक गरीबी में 125 मिलियन लोगों की वृद्धि हुई।
- भारत की अत्यधिक गरीबी दर 27.1% (2011-12) से घटकर 5.25% (2022-23) हो गई, यानी गरीबी 344.47 मिलियन (2011-12) से घटकर 75.24 मिलियन (2022-23) हो गई।
- **गरीबी रेखा को संशोधित किया गया क्योंकि–**
  - निम्न आय वाले देशों में संशोधित राष्ट्रीय गरीबी रेखाएँ।
  - उपभोग का बेहतर मापन, विशेष रूप से खाद्य और गैर-खाद्य वस्तुओं का।
  - 2021 क्रय शक्ति समता (पीपीपी) अनुमानों का एकीकरण।

## वैश्विक सूखा परिदृश्य 2025

- आर्थिक सहयोग और विकास संगठन द्वारा जारी।
- **मुख्य निष्कर्ष:**
  - 40% विश्व के भू-भाग का एक बड़ा हिस्सा गंभीर सूखे की चपेट में है
  - 3%-7.5% औसत सूखे की आर्थिक लागत में वार्षिक वृद्धि
  - आपदा से संबंधित सभी मौतों में से 34% सूखे के कारण होती हैं

## विश्व निवेश रिपोर्ट 2025

- संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (UNCTAD) द्वारा जारी।

- **मुख्य निष्कर्ष**
  - 2024 में वैश्विक एफडीआई में 11 प्रतिशत की गिरावट आई, जो गिरावट का लगातार दूसरा वर्ष है।
  - शीर्ष एफडीआई प्राप्तकर्ता: अमेरिका, चीन, सिंगापुर, हांगकांग, ब्राजील।
  - भारत को 2024 में 28 बिलियन डॉलर का एफडीआई प्राप्त हुआ।
  - भारत वैश्विक स्तर पर 15वें स्थान पर पहुंच गया (2023 में 16वें स्थान से)।

## क्यूएस विश्व रैंकिंग 2026

- लंदन स्थित क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित।
- रैंकिंग में भारत के 54 विश्वविद्यालय हैं; भारत चौथा सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश है (अमेरिका, ब्रिटेन और चीन के बाद)
- 8 भारतीय विश्वविद्यालयों को पहली बार रैंकिंग में स्थान दिया गया है, जो इस वर्ष किसी भी देश के लिए सर्वाधिक है।
- आईआईटी दिल्ली भारत का शीर्ष रैंक वाला संस्थान है, जो वैश्विक स्तर पर 123वें स्थान पर है, जो 2025 में 150वें स्थान थी।

## ऊर्जा संक्रमण सूचकांक रैंकिंग

- विश्व आर्थिक मंच द्वारा जारी।
- यह 118 देशों में जीवाश्म ईंधन से स्वच्छ ऊर्जा में ऊर्जा संक्रमण की दिशा में प्रगति का आकलन करता है।
- **शीर्ष राष्ट्र** – स्वीडन, फिनलैंड, डेनमार्क, नॉर्वे।
- **भारत की रैंक** – 71 (2024 में 63)।

## वैश्विक शांति सूचकांक 2025

- **जारीकर्ता** – अर्थशास्त्र और शांति संस्थान।
- यह 23 गुणात्मक और मात्रात्मक संकेतकों के आधार पर 163 देशों की सापेक्ष शांति को मापता है।
- **मुख्य निष्कर्ष**
  - वैश्विक शांति में निरंतर गिरावट का उल्लेख – द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से सबसे अधिक गिरावट।
  - **शीर्ष देश** – आइसलैंड (प्रथम), आयरलैंड (द्वितीय), न्यूजीलैंड (तृतीय)।
  - **भारत की रैंक** – 115वीं (2024 में 116वीं)।
  - **सबसे निचले देश** – रूस (163वीं), यूक्रेन (162वीं), सूडान (161वीं)।

## ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स 2025

- इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट द्वारा जारी।
- यह दुनिया भर के 173 शहरों का उनके जीवन की गुणवत्ता के आधार पर मूल्यांकन करता है।
- **शीर्ष शहर** – कोपेनहेगन (प्रथम), वियना और ज्यूरिख (संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर), मेलबर्न (चौथा) और जिनेवा (पांचवां)
- **सबसे निचले देश** – दमिश्क (173), त्रिपोली (172), ढाका (171), कराची (170)
- **भारत की स्थिति** – दिल्ली और मुंबई दोनों 173 शहरों में से 141वें स्थान पर हैं।

## एशिया में जलवायु की स्थिति 2024 रिपोर्ट

- विश्व मौसम विज्ञान संगठन द्वारा जारी।
- 2024 एशिया का अब तक का सबसे गर्म वर्ष था।
- एशिया वैश्विक औसत से दुगुनी गति से गर्म हो रहा है।

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी

## ऑपरेशन स्पाइडर वेब

- यूक्रेन की एसबीयू (सुरक्षा सेवा) द्वारा संचालित।
- यह रूसी एयरबेसों पर एक उच्च सटीकता लंबी दूरी का ड्रोन हमला (प्रथम-व्यक्ति दृश्य (एफपीवी) ड्रोन का उपयोग करके) है।
- चार हवाई ठिकानों- बेलाया (इरकुत्स्क), ओलेन्या (मरमंस्क), डायगिलेवो (रियाजान) और इवानोवो सेवर्नी पर हमले किए गए।
- इस ऑपरेशन में 41 रूसी (लगभग 7 बिलियन डॉलर मूल्य के) विमान नष्ट हो गए, जिनमें टीयू-95, टीयू-160, टीयू-22एम बमवर्षक और ए-50 पूर्व चेतावनी विमान शामिल हैं, जो क्रूज मिसाइलों और परमाणु पेलोड को लॉन्च करने में सक्षम हैं।

- इसमें 117 एफपीवी ड्रोन का इस्तेमाल किया गया, जिन्हें लकड़ी के कंटेनरों में छिपाकर रूस में तस्करी करके लाया गया था।
- एफपीवी ड्रोन दूर से संचालित मानव रहित हवाई वाहन हैं, जो सामने की ओर कैमरे से लैस होते हैं, जो ऑपरेटर को लाइव वीडियो फीड प्रसारित करते हैं।




## B-2 स्टेल्थ बॉम्बर

- ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के तहत, अमेरिका ने ईरान में फोर्डो जैसे मजबूत भूमिगत ठिकानों को निशाना बनाने के लिए जीबीयू-57बी मैसिव ऑर्डनेंस पेनिट्रेटर से लैस बी-2 स्पिरिट स्टेल्थ बॉम्बर्स तैनात किए।
- यह अमेरिकी वायु सेना का एक रणनीतिक स्टेल्थ बॉम्बर है, जिसे दुश्मन के कब्जे वाले हवाई क्षेत्र में गहरे प्रवेश करने वाले मिशनों के लिए डिजाइन किया गया है।
- **निर्माता** – नॉर्थरोप ग्रुम्मन
- पहली उड़ान – जुलाई 1989 में हुई थी, जो शीत युद्ध के अंतिम चरण में थी। कुल 21 इकाइयाँ बनाई गईं, जिनमें से 19 अभी भी सक्रिय सेवा में हैं।
- **रेंज** – बिना रीफ्यूलिंग के 6000 समुद्री मील (11,000 किलोमीटर) है, जबकि एक बार हवा में ईंधन भरने के बाद यह 19,000 किलोमीटर से अधिक उड़ान भर सकता है।
- **पेलोड** – 40,000 पाउंड (18,144 किग्रा), जिसमें पारंपरिक और परमाणु हथियार दोनों शामिल हैं।
- **स्टेल्थ क्षमता** – चमगादड़ जैसी डिजाइन, सभी कोणों से कम दृश्यता, रडार-अवशोषक सामग्री और कम इन्फ्रारेड सिग्नेचर के कारण इसे रक्षा प्रणालियों द्वारा पहचानना, ट्रैक करना और निशाना बनाना बेहद कठिन होता है।



## GBU-57 मैसिव ऑर्डनेंस पेनिट्रेटर (MOP)

- यह बम बंकर बस्टर है, जिसे गहराई में स्थित ठोस बंकरों और सुरंगों पर हमला करने के लिए डिजाइन किया गया है।
- **देश:** अमेरिका
- **प्रकार:** Massive Ordnance Penetrator (भारी विस्फोटक भेदी बम)
- इसकी लंबाई 20.5 फीट और व्यास 31.5 इंच है
- **वजन:** लगभग 13,600 किलोग्राम
- **भेदन क्षमता:**
  - लगभग 18 मीटर (60 फीट) कंक्रीट
  - लगभग 61 मीटर (200 फीट) मिट्टी
- **वाहक प्लेटफॉर्म:** B-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर
- इसे सबसे शक्तिशाली गैर-परमाणु हथियार माना जाता है।

## ग्वाडा नेगेटिव

- इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन (ISBT) द्वारा आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त रक्त समूह, जो 48वां रक्त समूह प्रणाली बना।
- यह EMM नेगेटिव ब्लड ग्रुप सिस्टम है,, जिसमें लाल रक्त कोशिकाओं पर EMM एंटीजन की अनुपस्थिति होती है। यह एंटीजन एक उच्च-प्रसार वाला एंटीजन है, जो लगभग सभी मनुष्यों में पाया जाता है।
- यह दुर्लभ रक्त प्रकार, ग्वाडेलूप (कैरेबियाई द्वीप) की एक फ्रांसीसी महिला में पाया गया, जो इस प्रकार की एकमात्र ज्ञात वाहक हैं।

### रसायन, अपशिष्ट और प्रदूषण पर अंतर-सरकारी विज्ञान-नीति पैनल की स्थापना

- यह स्थापना 2022 में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा द्वारा अपनाए गए एक प्रस्ताव के अनुसार की गई है, जिसमें इस प्रकार के एक अंतर-सरकारी निकाय के गठन का आह्वान किया गया था।
- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) इस पैनल की मेजबानी करेगा।
- यह देशों को रसायनों, अपशिष्ट और प्रदूषण की रोकथाम पर स्वतंत्र, नीति-प्रासंगिक वैज्ञानिक सलाह प्रदान करेगा।

### मिनटमैन III

- अमेरिकी वायु सेना ने कैलिफोर्निया के वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से मिनटमैन III अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
- इसे लंबी दूरी की परमाणु हमले की क्षमताओं के लिए डिजाइन किया गया है।
- यह तीन - चरणीय, ठोस-ईंधन रॉकेट इंजन का उपयोग करके संचालित होता है।
- **गति** - 23 मैक
- **अधिकतम सीमा** - लगभग 13,000 किलोमीटर
- **निर्माता** - बोइंग कॉर्पोरेशन

### XChat

- एलन मस्क के X (पूर्व में ट्विटर) द्वारा शुरू की गई एक नई मैसेजिंग सेवा।
- सुरक्षित मैसेजिंग के लिए बिटकॉइन-शैली एन्क्रिप्शन के साथ रस्ट प्रोग्रामिंग भाषा का उपयोग करके बनाया गया।
- शुरुआत में केवल X के प्रीमियम (भुगतान किए गए) उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध रहेगा।

### एवीलिस्ट

- यह पक्षी प्रजातियों की पहली एकीकृत वैश्विक चेकलिस्ट है।
- इसका उद्देश्य विभिन्न सूचियों के कारण उत्पन्न भ्रांति को कम करना तथा पक्षी संरक्षण एवं अनुसंधान में वैश्विक प्रयासों को एकीकृत करना है।
- यह अंतर्राष्ट्रीय पक्षीविज्ञान समिति और क्लेमेंट्स सूचियों की जगह लेगा और इसे प्रतिवर्ष अपडेट किया जाएगा।

## युद्धाभ्यास

### 22वाँ बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास खान क्वेस्ट

- यह संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत शांति समर्थन अभियानों के लिए सैन्य तत्परता पर केंद्रित है।
- 14 जून से 28 जून तक मंगोलिया के उलानबटार में आयोजित किया गया।
- इसमें भारतीय सेना (मुख्य रूप से कुमाऊं रेजिमेंट) ने भाग लिया।

### 8वाँ अभ्यास शक्ति 2025

- **तिथि:** 18 जून - 1 जुलाई 2025
- **स्थान:** ला कैवेलरी, फ्रांस
- भारत और फ्रांस के बीच आयोजित द्विपक्षीय संयुक्त सैन्य अभ्यास।

### 53वां BALTOPS 25

- उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने लातविया में बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास बाल्टिक ऑपरेशन 2025 (BALTOPS 25) शुरू किया।

### यूनाफॉर जहाजों की पहली भारत यात्रा

- यूरोपीय संघ नौसेना बल (EUNAVFOR) के दो जहाज-ईएसपीएस रीना सोफिया (स्पेनिश नौसेना) और आईटीएस एंटोनियो मार्सेग्लिया (इटैलियन नौसेना) - भारतीय नौसेना के साथ मुंबई में टेबल टॉप अभ्यास में शामिल हुए।

## पुरस्कार

### दोस्तोवस्की स्टार अवार्ड

- **विजेता** - जावेद अख्तर
- सांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देने और साहित्यिक विरासत को संरक्षित करने में उनकी भूमिका के लिए।

## संयुक्त राष्ट्र ससाकावा पुरस्कार

- **विजेता** – डॉ. मृत्युंजय महापात्रा, मौसम विज्ञान महानिदेशक, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (भारत के चक्रवात पुरुष)।
- निप्पॉन फाउंडेशन के सहयोग से 1986 में स्थापित संयुक्त राष्ट्र सासाकावा पुरस्कार आपदा जोखिम न्यूनीकरण में सर्वोच्च अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

## 2025 PRME ग्लोबल स्टूडेंट्स सस्टेनेबिलिटी अवार्ड्स

- **विजेता** – BIMTECH नोएडा की छात्र टीम "BIMTECH - UFE" जिसमें नीर सोनी, अरुणोज्य वत्स और देवल कम्बलिया शामिल हैं।
- यह उन छात्र संगठनों को सम्मानित करता है जो प्रभावशाली स्थिरता पहलों का प्रदर्शन करते हैं।
- पुरस्कार समारोह का आयोजन न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में।

## फूड प्लैनेट पुरस्कार 2025

- पुरस्कार विजेता- स्वीडिश स्टार्टअप, नाइट्रोकैप्ट
- स्वीडन के स्टॉकहोम में कर्ट बर्गफोर्स फाउंडेशन द्वारा सम्मानित

## स्काईट्रैक्स पुरस्कार 2025

- दुनिया की सर्वश्रेष्ठ एयरलाइन - कतर एयरवेज
- भारत की इंडिगो एयरलाइंस 2025 में दुनिया की शीर्ष कम लागत वाली एयरलाइनों में तीसरे स्थान पर है।

# अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- वियतनाम ने कम जन्म दर के कारण दो-बच्चे की नीति को समाप्त कर दिया।
- बांग्लादेश ने नए करेंसी नोट जारी किए हैं जिनमें देश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की छवि नहीं है।
- चीन दुनिया का पहला हाइब्रिड फ्यूजन-विखंडन परमाणु संयंत्र बनाएगा जिसका नाम जिंगहुओ है।
- अमेरिकी आईवियर ब्रांड ओकले ने भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल को भारत का अपना नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।
- जर्मनी 34 वर्षों के बाद जापान को पछाड़कर दुनिया का शीर्ष ऋणदाता बना।
- निकारागुआ मत्स्य पालन सब्सिडी समझौते को स्वीकार करने वाला 101वां WTO सदस्य बना
- त्रिनिदाद और टोबैगो ने 30 मई को भारतीय आगमन दिवस पर भारतीय प्रवासियों के आगमन की 180वीं वर्षगांठ मनाई।
- भारत ने लखनऊ को इसकी प्रसिद्ध अवधी व्यंजन परंपरा के लिए यूनेस्को की क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी (रसोई कला) के लिए नामांकित किया है
- ब्रिटेन में एक दुर्लभ ऑर्किड (फूल) प्रजाति, 'लेडी स्लिपर' ऑर्किड, जिसे विलुप्त समझा जाता था, 100 वर्षों बाद फिर से प्राकृतिक रूप से खिलती हुई देखी गई।
- केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने फ्रांसीसी दूतावास वीजा धोखाधड़ी मामले में अपराध से जुड़े धन की खोज के लिए भारत का पहला इंटरपोल सिल्वर नोटिस प्राप्त किया।
- भारत में फिनलैंड के राजदूत किम्मो लाहदेविर्ता ने फिनलैंड और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए गुजरात के अहमदाबाद में फिनलैंड के मानद वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया।
- भारत ने इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड को जापान के साथ अपने 13 साल पुराने दुर्लभ पृथ्वी निर्यात समझौते को निलंबित करने का निर्देश दिया है ताकि घरेलू स्तर पर आवश्यक खनिज सुरक्षित किए जा सकें और चीन पर निर्भरता कम की जा सके।
- हवाई अमेरिका का पहला राज्य बना जिसने ग्रीन फीस लागू की, जो होटल और रिसॉर्ट्स पर जलवायु प्रभाव शुल्क है, जबकि क्रूज जहाज इससे मुक्त हैं।
- OpenAI (ChatGPT के निर्माता) ने राष्ट्रीय सुरक्षा और सैन्य उपयोग के लिए उन्नत AI उपकरण विकसित करने के लिए अमेरिकी रक्षा विभाग से 200 मिलियन डॉलर का अनुबंध किया हैं।
- एस्टोनिया, लिथुआनिया, लातविया और पोलैंड के बाद फिनलैंड ओटावा लैंडमाइन (बारूदी सुरंग) संधि से बाहर निकलने वाला 5वां यूरोपीय देश बना।
- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्वीडन में चुनावी अखंडता पर स्टॉकहोम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- श्रीलंका ने 10-11 जून, 2025 को पोसोन पोया उत्सव मनाया, जो द्वीप पर बौद्ध धर्म के आगमन के 2,000 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है।

- टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने बैंक के परिचालन को आधुनिक बनाने तथा उन्नत स्वचालन के माध्यम से दक्षता बढ़ाने के लिए काउंसिल ऑफ यूरोप डेवलपमेंट बैंक के साथ साझेदारी की है।
- 78वीं विश्व स्वास्थ्य सभा (WHA) ने पहली बार 'त्वचा रोग एक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकता' प्रस्ताव को अपनाकर त्वचा स्वास्थ्य को वैश्विक प्राथमिकता के रूप में मान्यता दी।
- TOI-6894b –शनि के आकार का एक गैस विशाल ग्रह है, जो एक छोटे रेड ड्वार्फ (लाल बौने) तारे की परिक्रमा करता हुए खोजा गया है।
- अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने नई एचआईवी रोकथाम दवा लेनाकापाविर को मंजूरी दी।
- चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश ने कुनमिंग, चीन में अपनी पहली त्रिपक्षीय बैठक की।
- इजराइल ड्रोन को मार गिराकर युद्ध में लेजर हथियार का इस्तेमाल करने वाला पहला देश बना।
- संयुक्त अरब अमीरात और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने यमन के सोकोट्रा द्वीप पर गंभीर कुपोषण से लड़ने के लिए दो साल की मानवीय पहल शुरू की।
- जापानी शोधकर्ताओं ने एक नई प्रकार की प्लास्टिक विकसित की है जो समुद्री पानी में कुछ ही घंटों में घुल जाती है, जो समुद्री प्रदूषण से निपटने के लिए एक समाधान प्रदान करती है।
- सोना आधिकारिक तौर पर यूरो को पार कर अमेरिकी डॉलर के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आरक्षित मुद्रा बन गया है।
- छह अफ्रीकी देशों - चाड, जिबूती, इथियोपिया, सोमालिया, दक्षिण सूडान और सूडान ने आंत संबंधी लीशमैनियासिस (कालाजार) को खत्म करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

❖❖❖

# 04 विज्ञान और प्रौद्योगिकी

**एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4)**

- एक्सिओम स्पेस द्वारा आई.एस.एस. के लिए चौथा निजी मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन।
- एक्सिओम स्पेस,नासा और स्पेसएक्स का संयुक्त मिशन।
- ISS पर 14 दिन का अभियान।
- 25 जून को अमेरिका के फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर के लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39ए से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट द्वारा कक्षा में प्रक्षेपित।
- **मिशन क्रू**-
  - शुभांशु शुक्ला (भारत)-
    - ✓ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर जाने वाले पहले भारतीय और राकेश शर्मा (सोयुज T-11 मिशन) के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय।
    - ✓ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के गगनयान मिशन के लिए चुने गए चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक।
  - पैगी व्हिटसन (यूएसए)-मिशन कमांडर।
  - स्लावोज उज्नान्स्की-विस्निएव्स्की (पोलैंड)
  - टिबोर कापू (हंगरी)
- **उद्देश्य**-
  - अंतरिक्ष पर्यटन और निजी अनुसंधान सहित पृथ्वी की निचली कक्षा में वाणिज्यिक गतिविधियों को सक्षम बनाना।
  - सूक्ष्मगुरुत्व में वैज्ञानिक प्रयोगों का संचालन करना, जिसमें पदार्थ विज्ञान, जीव विज्ञान, पृथ्वी अवलोकन और जीवन विज्ञान पर ध्यान केन्द्रित करना।
  - व्यवसाय और विज्ञान के लिए मंच के रूप में वाणिज्यिक अंतरिक्ष स्टेशनों की व्यवहार्यता का प्रदर्शन करना।
  - अंतरिक्ष अन्वेषण में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना।
- भारत में पूरी तरह से डिजाइन और विकसित सात पूर्ण स्वदेशी माइक्रोग्रैविटी प्रयोगों का ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला द्वारा आईएसएस पर संचालन-
  - खाद्य सूक्ष्म शैवाल का अध्ययन-
    - ✓ इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड बायोटेक्नोलॉजी (आईसीजीईबी) और ब्रिक-एनआईपीजीआर नई दिल्ली।
    - ✓ सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में खाद्य सूक्ष्म शैवाल की तीन चयनित किस्मों की वृद्धि और चयापचय का अवलोकन करने पर केंद्रित।
  - अंतरिक्ष की परिस्थितियों में अंकुरित बीजों, खास तौर पर मूंग और मेथी के अंकुरण और पोषण गुणों की जांच-यूएएस धारवाड़ और आईआईटी धारवाड़।
  - अंतरिक्ष में मांसपेशियों के नुकसान के महत्वपूर्ण मुद्दे का समाधान-ब्रिक-इनस्टेम, बेंगलुरु द्वारा विकसित।
  - अंतरिक्ष की परिस्थितियों में टार्डिग्रेड के अस्तित्व, पुनरुत्थान और प्रजनन की जांच-आईआईएससी बेंगलुरु।
  - माइक्रोग्रैविटी में मनुष्यों और इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले के बीच के संपर्क पर केंद्रित-आईआईएससी बेंगलुरु।
  - सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में नाइट्रोजन स्रोत के रूप में यूरिया का उपयोग करके साइनोबैक्टीरिया के विकास की खोज-आईसीजीईबी, नई दिल्ली।
  - बीज अनुकूलन परीक्षण-चावल, लोबिया, तिल, बैंगन और टमाटर के बीजों का परीक्षण।

**अदम्य**

- गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL) द्वारा आठ एफपीवी परियोजना के तहत निर्मित पहला फास्ट पैट्रोल वेसल (FPV)
- 26 जून को गोवा में भारतीय तटरक्षक बल (ICG) में शामिल।
- भारतीय तटरक्षक बल (ICG) के बेड़े में अपनी श्रेणी का पहला जहाज जिसमें कंट्रोलेबल पिच प्रोपेलर (CPPs) और स्वदेशी रूप से विकसित गियरबॉक्स हैं।

- अत्याधुनिक तकनीक से लैस 30 मिमी. सीआरएन-91 गन, अग्नि नियंत्रण प्रणाली के साथ दो 12.7 मिमी. स्थिर रिमोट कंट्रोल गन, एक एकीकृत ब्रिज सिस्टम (IBS), एक एकीकृत प्लेटफॉर्म प्रबंधन प्रणाली (IPMS) और एक स्वचालित पावर प्रबंधन प्रणाली (APMS) शामिल।
- समुद्री कानून प्रवर्तन, तटीय निगरानी, खोज और बचाव कार्यों और भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र (EEZ) की सुरक्षा के लिए त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित होगी।

## अचल

- भारतीय तटरक्षक बल (ICG) के लिए निर्मित आठ जहाजों की श्रृंखला में पांचवां फास्ट पैट्रोल वेसल (FPV)
- 16 जून को गोवा में औपचारिक रूप से जलावतरण।
- गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL) द्वारा निर्मित।
- अमेरिकी शिपिंग ब्यूरो और भारतीय शिपिंग रजिस्टर के कड़े दोहरे प्रमाणन के तहत डिजाइन और निर्मित।
- 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री।
- लंबाई 52 मीटर, चौड़ाई 8 मीटर और विस्थापन (Displacement) 320 टन।
- सीपीपी (Controllable Pitch Propellers) आधारित प्रणोदन द्वारा संचालित यह पोत 27 समुद्री मील की अधिकतम गति तक पहुँच सकता है।
- **उपयोग** – सुरक्षा, निगरानी, नियंत्रण और पर्यवेक्षण, अपतटीय संपत्तियों और द्वीप क्षेत्रों की सुरक्षा में।

## नक्षत्र (NAKSHATRA)

- भारत का पहला हाई परफॉरमेंस कम्प्यूटिंग (HPC) क्लस्टर।
- भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (ICMR) नेशनल इंस्टि्टयूट ऑफ वायरोलॉजी (NIV) पुणे में स्थापित।
- भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (ICMR) द्वारा।
- प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (PM ABHIM) के अंतर्गत विकसित।
- **उद्देश्य** – जीनोमिक और जैव सूचना विज्ञान डेटा को संसाधित करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव करना और पारंपरिक कम्प्यूटिंग अवसंरचना के कारण कोविड-19 महामारी के दौरान सामने आने वाली अड़चनों पर ध्यान देना।
- HPC क्लस्टर में 12 कम्प्यूट नोड्स है जो कुल 700 कोर और 1 पेटाबाइट स्टोरेज प्रदान करते हैं।
- अगली पीढ़ी के अनुक्रमण (NGS), ट्रांसक्रिप्टोमिक्स, मेटाजीनोमिक्स, फाइलोजेनेटिक्स और संरचनात्मक जैव सूचना विज्ञान जैसे उन्नत जैव सूचना विज्ञान वर्कफ्लो का समर्थन।
- जटिल जीनोमिक डेटा का तेजी से विश्लेषण, जिससे वैज्ञानिकों को नई बीमारी के खतरों का जल्द पता लगाने, प्रकोपों का अधिक कुशलता से जवाब देने और एआई संचालित वैक्सीन और दवा विकास में तेजी लाने में मदद मिलती है।
- अनुक्रमण डेटा के लिए एक केन्द्रीय भंडार के रूप में कार्य।
- प्रारंभ में देश भर में पाँच आईसीएमआर संस्थानों को सेवाएँ प्रदान करेगा।

## भारत जेन

- भारतीय भाषाओं के लिए भारत का पहला स्वदेशी रूप से विकसित सरकारी वित्त पोषित एआई आधारित मल्टीमॉडल लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM)
- **शुभारंभ** – भारत जेन शिखर सम्मेलन के दौरान केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह द्वारा।
- नेशनल मिशन ऑन इंटरडिसिप्लिनरी साइबर-फिजिकल सिस्टम (NMICPS) के अंतर्गत विकसित और आईआईटी बॉम्बे में इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) और इंटरनेट ऑफ एवरीथिंग (IoE) के लिए टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब (TIH) फाउंडेशन के जरिए लागू।
- **उद्देश्य** – देश की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता में एआई के विकास में क्रांति लाना।
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा समर्थित।
- यह प्लेटफॉर्म टेक्स्ट, वाक् और छवि मोडैलिटी को एकीकृत करता है, जो 22 भारतीय भाषाओं में निर्बाध एआई समाधान प्रदान करता है।
- भारतजेन शिखर सम्मेलन 2025 (3 जून, 2025 को नई दिल्ली में आयोजित) भारत का सबसे बड़ा जनरेटिव एआई और एलएलएम शिखर सम्मेलन और हैकाथॉन है।

## फ्री स्पेस क्वांटम सुरक्षित संचार

- आईआईटी दिल्ली परिसर में स्थापित एक फ्री-स्पेस ऑप्टिकल लिंक के जरिए एक किलोमीटर से अधिक की दूरी पर क्वांटम एंटैंगलमेंट का उपयोग करके फ्री-स्पेस क्वांटम सुरक्षित संचार प्राप्त किया गया।
- DRDO इंडस्ट्री अकादमिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (DIA-CoE), IIT दिल्ली के द्वारा।
- 7 प्रतिशत से कम की क्वांटम बिट त्रुटि दर के साथ 240 बिट प्रति सेकेंड की सुरक्षित की (Key) दर प्राप्त।
- क्वांटम एंटैंगलमेंट का उपयोग की (Key) वितरण की सुरक्षा सुनिश्चित करता है।
- एंटैंगलमेंट फोटॉनो को मापने या रोकने का कोई भी प्रयास क्वांटम स्थिति को बाधित करता है, जिससे अधिकृत उपयोगकर्ता किसी गुप्तचर की उपस्थिति का पता लगा सकता है।
- फ्री-स्पेस क्यूकेडी ऑप्टिकल फाइबर बिछाने की आवश्यकता को समाप्त करता है।
- वर्ष 2022 में विंध्याचल और प्रयागराज के बीच भारत का पहला इंटरसिटी क्वांटम संचार लिंक, वाणिज्यिक-ग्रेड भूमिगत डार्क ऑप्टिकल फाइबर का उपयोग करते हुए, DRDO के वैज्ञानिकों द्वारा प्रोफेसर भास्कर कंसेरी की टीम (IIT, दिल्ली) के साथ प्रदर्शित किया गया था।
- DRDO उद्योग अकादमिक उत्कृष्टता केन्द्र (DIA-CoEs)-DRDO की एक पहल जिसके अंतर्गत अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकी के विकास के लिए IITs, IISc और विश्वविद्यालयों जैसे प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में 15 उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

## क्वांटम 5G FWA

- भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) द्वारा 18 जून को हैदराबाद में BSNL क्वांटम 5जी FWA (फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस) का सॉफ्ट लॉन्च।
- भारत में पहली बार अमीरपेट एक्सचेंज, हैदराबाद में प्रारंभ।
- **उद्घाटन** – BSNL/MTNL के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ए. रॉबर्ट जे. रवि द्वारा।
- BSNL का पहला बिना-सिम, शत-प्रतिशत घरेलू कस्टमाइज्ड 5जी FWA।
- यह स्वदेशी सेवा, बिना सिम फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस समाधान 5जी रेडियो पर फाइबर जैसी गति प्रदान करती है।
- **उद्देश्य** – स्वदेशी साझेदारों के सहयोग से विकसित 'स्वदेशी' 5जी प्रौद्योगिकी का उपयोग करके उद्यमों, व्यवसायों, गेटेड समुदायों और व्यक्तिगत घरों को 100% सुरक्षित, विश्वसनीय इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करना।
- **क्वांटम 5जी FWA भारत में पहली बार**–
  - **सिम-लेस आर्किटेक्चर :** BSNL के डायरेक्ट-टू-डिवाइस प्लेटफॉर्म पर बनाया गया है, ताकि ग्राहक का सीपीई (Customer Premise Equipment) ऑटो प्रमाणित हो जाए।
  - किसी सिम की आवश्यकता नहीं है।
  - BSNL बिना सिम 5जी सेवा देने वाला पहला भारतीय ऑपरेटर है।
  - **पूर्णतः स्वदेशी** – कोर, आरएएन (Radio Acces Network) और सीपीई (Customer Premise Eqipment) को आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के तहत भारतीय निर्माताओं द्वारा डिजाइन और एकीकृत किया गया है।
  - **गीगाबिट-क्लासस्पीड :** अमीरपेट ने सब-10 milliseconds (ms) लेटेन्सी के साथ 980 एमबीपीएस डीएल/140 एमबीपीएस यूएल दर्ज किया-यूएचडी (अल्ट्रा हाई डेफिनेशन) स्ट्रीमिंग, क्लाउड गेमिंग और रिमोर्टवर्क के लिए बेहतर।
  - **रैपिड इंस्टॉल :** सेल्फ-इंस्टॉल गेटवे की मौजूदा BSNL टावर ग्रिड के अंतर्गत हैदराबाद के 85% घरों तक पहुँच है, इसके लिए किसी ट्रेंचिंग या फाइबर पुल की जरूरत नहीं है।

## नागास्त्र-1

- भारतीय सेना द्वारा नागास्त्र-1R लोइटरिंग म्युनिशन सिस्टम की 450 इकाइयों की खरीद के लिए सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड, नागपुर के साथ समझौते पर हस्ताक्षर।

- सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड, नागपुर द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित भारत का पहला आत्मघाती (कामिकेज) ड्रोन।
- मानव-पोर्टेबल फिक्स्ड-विंग इलेक्ट्रिक यूएवी आधारित लोइटरिंग म्युनिशन।
- उड़ान क्षमता – 60 मिनट
- 2 मीटर की सटीकता के साथ हमला करने में सक्षम।
- 4500 मीटर से अधिक की ऊँचाई पर संचालन करने में सक्षम।
- इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम के कारण 200 मीटर से अधिक की ऊँचाई पर इसका पता नहीं चलता है।
- दिन एवं रात्रि निगरानी कैमरों से लैस
- मैन-इन-लूप में रेंज 15 किमी. और ऑटोनॉमस मोड में 30 किमी.
- पैराशूट रिकवरी मैकेनिज्म से लैस

## INS नीलगिरि

- भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट 17A के तहत पहला स्वदेश निर्मित स्टील्थ फ्रिगेट।
- पूर्वी नौसेना कमान में शामिल।
- **होम पोर्ट** – विशाखापत्तनम।
- **आदर्श वाक्य** – ''अदृश यबलम, अजेय शौर्यम''।
- भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन।
- **निर्माण** – मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MDL), मुंबई द्वारा।
- संयुक्त डीजल और गैस (CODAG) प्रणोदन प्रणाली से लैस।

## ट्राई सर्विसेज ऑल वूमेन सेलिंग एक्सपीडिशन

- तीनों सेनाओं की महिला नौकायन अभियान टीम 04 जून को सेशेल्स की 1800 समुद्री मील की अंतर्राष्ट्रीय यात्रा पूरी करने के बाद स्वदेश लौट आई है।
- भारतीय सशस्त्र बलों की महिला टीम द्वारा किया गया पहला अंतर्राष्ट्रीय ओपन-सी नौकायन मिशन।
- 07 अप्रैल को मुंबई में कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग के कमांडेट लेफ्टिनेंट जनरल ए के रमेश द्वारा हरी ढंडी दिखाकर रवाना।
- स्वदेश निर्मित भारतीय सशस्त्र सेवा पोत -त्रिवेणी' (56 फुट लंबी नौका) पर सवार होकर सेना, नौसेना और वायुसेना की 11 महिला अधिकारियों की टीम का मिशन।
- **चालक दल** –
  - भारतीय सेना – लेफ्टिनेंट कर्नल अनुजा, मेजर करमजीत, मेजर तान्याह, कैप्टन ओमिता, कैप्टन डौली और कैप्टन प्राजक्ता।
  - भारतीय नौसेना – लेफ्टिनेंट कमांडर प्रियंका।
  - भारतीय वायु सेना – स्क्वाड्रन लीडर विभा, स्क्वाड्रन लीडर श्रद्धा, स्क्वाड्रन लीडर अरुवी और स्क्वाड्रन लीडर वैशाली।

## तमिल-एआई परियोजना

- विश्व की सबसे पुरानी और समृद्ध भाषाओं में से एक तमिल के लिए एआई संचालित प्रौद्योगिकियों को विकसित करने की पहल।
- **क्रियान्वयन** – आईआईटी रिसर्च पार्क, चेन्नई में स्थित कंपनी डेफो टेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आईआईटी रिसर्च पार्क, चेन्नई के साथ मिलकर।
- **उद्घाटन** – केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा।

## कृषि-ड्रोन स्वदेशीकरण सुविधा

- गरुड़ एयरोस्पेस द्वारा चेन्नई में स्थापित।
- **उद्घाटन** – केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान द्वारा।
  - गरुड़ एयरोस्पेस के डीजीसीए द्वारा अनुमोदित प्रशिक्षक को प्रशिक्षण (TTT) कार्यक्रम की शुरूआत और 300 उत्कृष्टता केंद्रों (CoE) का उद्घाटन।
  - प्रशिक्षक को प्रशिक्षण (TTT) कार्यक्रम गरुड़ एयरोस्पेस की प्रमुख कौशल निर्माण और विकास पहल है जिसे शिक्षकों और पेशेवरों को प्रमाणित ड्रोन प्रशिक्षक बनने के लिए सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।
- उन्नत मानव रहित हवाई प्रणालियों (UAS) के डिजाइन, निर्माण और परीक्षण के लिए देश का अपनी तरह का पहला केन्द्र।

## A9 80

- ओफिचस तारामंडल में पृथ्वी से 25800 प्रकाश वर्ष दूर स्थित एक्स्ट्रीम हीलियम (EHe) तारों के एक दुर्लभ वर्ग से संबंधित तारा।
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के स्वायत्त संस्थान भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (IIA) के खगोलविदों द्वारा लद्दाख में हिमालयन चंद्रा टेलीस्कोप पर हानले एचेल स्पेक्ट्रोग्राफ का उपयोग करके उच्च मात्रा में जर्मेनियम की उपस्थिति की खोज।
- किसी EHe तारे में एकल आयनित जर्मेनियम (Ge II) की पहली बार खोज।
- A9 80 में जर्मेनियम सूर्य की तुलना में आठ गुना अधिक।
- दुर्लभ रासायनिक संरचना का प्रदर्शन तथा तारकीय विकास और न्यूक्लियोसिंथेसिस के मौजूदा मॉडलों को चुनौती।
- तारों के विकासक्रम से संबंधित तारकीय मॉडल के अनुसार जर्मेनियम जैसे भारी तत्वों का निर्माण सुपरनोवा या एसिम्प्टोटिक जायंट ब्रांच (AGB) तारों में होता है ना कि एक्स्ट्रीम हीलियम (EHe) तारों में।
- लगभग पूरी तरह से हीलियम से निर्मित (हाइड्रोजन की लगभग अनुपस्थिति)
- EHe तारे कार्बन-ऑक्सीजन व्हाइट ड्वार्फ और कम द्रव्यमान वाले हीलियम व्हाइट ड्वार्फ के विलय से उत्पन्न होते हैं।

## ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए सिलिकॉन-आधारित फोटोइलेक्ट्रोकेमिकल (PEC) उपकरण

- भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के एक स्वायत्त संस्थान, सेंटर फॉर नैनो एंड सॉफ्ट मैटर साइंसेज (CeNS), बेंगलुरू के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित।
- केवल सौर ऊर्जा और पृथ्वी पर प्रचुर मात्रा में उपलब्ध सामाग्रियों के इस्तेमाल से पानी के अणुओं के विभाजन द्वारा हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करने में सक्षम एक स्केलेबल नेक्स्ट जनरेशन डिवाइस।
- सिलिकॉन-आधारित n-i-p हेटेरोजंक्शन फोटोएनोड का उपयोग।
- **निर्माण** – औद्योगिक रूप से स्वीकृत मैग्नेट्रॉन स्पटरिंग तकनीक का उपयोग करके।
- 10 घंटे के निरंतर संचालन में डिवाइस ने केवल 4% प्रदर्शन में गिरावट दिखाई, जो सिलिकॉन आधारित फोटोइलेक्ट्रोकेमिकल (PEC) सिस्टम के लिए असाधारण है।

## पौधों को गर्मी और बीमारी से निपटने में मदद करने के लिए एक स्मार्ट आणविक उपकरण का विकास

- भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के एक स्वायत्त संस्थान बोस इंस्टीट्यूट के शोधकर्ताओं द्वारा विकसित।
- CRISPR (क्लस्टर्ड रेगुलरली इंटरस्पेस्ड शॉर्ट पैलिंड्रोमिक रिपीट्स) के dCas9 नामक एक संशोधित संस्करण का उपयोग।
- dCas9 डीएनए को काटने के बजाय एक स्विच की तरह काम करता है जो जीन को चालू या बंद कर सकता है।
  - स्विच तब तक बंद रहता है जब तक कि पौधे को तनाव न हो।
- टमाटर के पौधे से NACMTF3 नामक एक प्राकृतिक प्रोटीन के एक छोटे से टुकड़े का उपयोग।
- TM डोमेन नामक यह हिस्सा एक टेदर की तरह काम करता है और dCas9 स्विच को नियंत्रण कक्ष (नाभिक) के बाहर लॉक करके रखता है।
- पौधे के तनाव में होने पर TM डोमेन टेदरिंग फंक्शन को बंद कर देता है जिससे स्विच रिलीज हो जाता है और नियंत्रण कक्ष में चला जाता है और पौधे को खुद की रक्षा करने में मदद करने वाले जीन चालू हो जाते हैं।

## भारत का पहला AI पावर्ड स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम

- दिल्ली के द्वारका एक्सप्रेसवे पर भारत का पहला एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (ATMS) लॉन्च।
- द्वारका एक्सप्रेसवे तथा एनएच-48 के 28 किलोमीटर लंबे हिस्से (शिव मूर्ति से खेड़की दौला) तक विस्तारित (कुल लंबाई-56.46 किमी)।
- इंडियन हाईवे मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (IHMCL) द्वारा विकसित।
- **क्रियान्वयन** – भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) द्वारा।

- यातायात नियमों के उल्लंघन की लगभग 14 प्रकार की घटनाओं का पता लगाने में सक्षम।
- **एटीएमएस बुनियादी ढांचे के पांच प्राथमिक तत्व–**
  - ट्रैफिक मॉनिटरिंग कैमरा सिस्टम (TMCS)-110 उच्च-रिजॉल्यूशन PTZ कैमरे, जो 1-किमी के अंतराल पर चौबीसों घंटे निगरानी के साथ स्थापित किए गए हैं।
  - वीडियो इंसिडेंट डिटेक्शन एंड एनफोर्समेंट सिस्टम (VIDES)।
  - व्हीकल एक्चुएटेड स्पीड डिस्प्ले सिस्टम (VASD)।
  - वैरिएबल मैसेज साइनबोर्ड (VMS)।
  - एक सेंट्रल कंट्रोल रूम।

## मॉस्किटो ड्रोन

- चीन के हुनान प्रांत में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ डिफेंस टेक्नोलॉजी (NUDT) के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित मच्छर के आकार का माइक्रो एरियल व्हीकल।
- लंबाई लगभग 1-2 सेमी तथा वजन लगभग 0.3 ग्राम।
- युद्ध के मैदान में जासूसी और विशेष कार्यों के लिए डिजाइन।

## गुजरात में भारतनेट का शुभारंभ

- भारत सरकार द्वारा डिजिटल भारत निधि (DBN) के माध्यम से संशोधित भारतनेट कार्यक्रम (ABP) के अंतर्गत गुजरात सरकार, भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) और गुजरात फाइबर ग्रिड नेटवर्क लिमिटेड (GFGNL) के साथ एक चार पक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर।
- गुजरात राज्य के नेतृत्व वाले मॉडल के अंतर्गत भारतनेट का उपक्रम संचालित करने वाले देश के आठ राज्यों में पहला राज्य।
- संशोधित भारतनेट के सफल कार्यान्वयन से गुजरात में सभी 14654 ग्राम पंचायतों और सभी गैर-ग्राम पंचायत गांवों में मांग के आधार पर निर्बाध और एक समान डिजिटल संपर्क संभव हो सकेगा।
- **लक्ष्य** – उन्नत और भविष्य के लिए तैयार डिजिटल संपर्क बुनियादी ढांचे के माध्यम से गुजरात के दूर दराज के हिस्सों में भी 98% से अधिक सेवा प्रदान करने का लक्ष्य प्राप्त करना।
- **संशोधित भारतनेट कार्यक्रम**
  - केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 4 अगस्त 2023 को स्वीकृति।
  - डिजिटल भारत निधि के माध्यम से वित्त पोषित।
  - **उद्देश्य** – रिंग टोपोलॉजी में 2.64 लाख ग्राम पंचायतों (GO) को एमपीएलएस प्रौद्योगिकी का उपयोग करके ऑप्टिकल फाइबर (OF) संपर्क प्रदान करना और मांग संचालित आधार पर लगभग 3.8 लाख गैर-ग्राम पंचायत गांवों में संपर्क का विस्तार करना।
  - परियोजना प्रबंधन एजेंसी-BSNL

# अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- केन्द्र सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (TDB) ने रणनीतिक रक्षा अनुप्रयोगों के सुरक्षा के लिए मल्टी-स्पेक्ट्रल कैमोफ्लेज (MSC) सामग्री और औद्योगिक मेटा तत्व सुविधा की स्थापना के लिए मेटा तत्व सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली को वित्तीय सहायता प्रदान की है।
- केरल के शीर्ष रेफरल प्रयोगशालाओं में से एक 'द स्टेट पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी' ने फ्री लिविंग अमीबा (FLA) की पाँच सामान्य प्रजातियों की पहचान करने के लिए अपनी स्वयं की आणविक निदान परीक्षण किट विकसित की है।
  - इस परीक्षण किट का उपयोग करके एकांथोमिबा प्रजाति के पहले मानव मामले का पता लगाया गया।
- एलन मस्क की स्टारलिंक को भारत में सैटेलाइट सेवाएँ प्रदान करने के लिए दूरसंचार विभाग से लाइसेंस।
  - यूटेलसैट वनवेब और जियो सैटेलाइट कम्युनिकेशंस के बाद स्टारलिंक तीसरी कंपनी है जिसे देश में सैटेलाइट सेवाएँ प्रदान करने के लिए दूरसंचार विभाग के लाइसेंस मिला है।
- फ्रांस की डसॉल्ट एविएशन और टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड ने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के फ्यूजलेज के निर्माण के लिए चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।
- आंध्र प्रदेश सरकार की रियल टाइम गवर्नेंस सोसाइटी (RTGS) और इसरो के धवन स्पेस सेंटर (SHAR) ने आंध्र प्रदेश में रियल टाइम नागरिक केन्द्रित शासन के लिए अंतरिक्ष तकनीक का लाभ उठाने के लिए 5 साल के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

- अरुणाचल प्रदेश सरकार ने राज्य की 58,000 मेगावाट (MW) बिजली उत्पादन क्षमता को दोहन करने के लिए 2025-2035 को जल विद्युत दशक घोषित किया है।
- देश की महारत्न और सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL) ने भारत के पहले स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित एंटी सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (ASW-SWC), 'आईएनएस अर्नाला' के लिए विशेष स्टील की पूरी जरूरत को सफलतापूर्वक पूरा किया है।
  - गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE) द्वारा बनाये जा रहे, अन्य सात ASW-SWC कोरवेट के लिए भी विशेष स्टील की पूरी आपूर्ति।
- हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (SSLV) के निर्माण और संचालन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन से 511 करोड़ रुपये मूल्य का प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) ऑर्डर मिला है।
  - SSLV एक तीन-चरणीय वाहन है जो 500 किलोग्राम से कम वजन वाले उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा (LEO) में प्रक्षेपित करता है।
- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह द्वारा 26 जून को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (CEL) में अत्याधुनिक ग्रीन डेटा सेंटर का शिलान्यास।
  - 30 मेगावाट क्षमता की परियोजना
  - लगभग 1,000 करोड़ रुपये का निवेश
  - विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत सीएसआईआर से संबद्ध भारत सरकार के केन्द्रीय क्षेत्र के सार्वजनिक प्रतिष्ठान केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (CEL) और ईएसडीएस के द्वारा स्थापित।
- केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी द्वारा बेंगलुरू के बिदादी औद्योगिक क्षेत्र में बैटरी प्रणाली (बीईएसएस) विनिर्माण सुविधा का उद्घाटन।
  - भारत की सबसे बड़ी और उन्नत बीईएसएस सुविधाओं में से एक।
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के मोहाली स्थित स्वायत्त संस्थान, नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (INST) के शोधकर्ताओं के एक दल ने बायोडिग्रेडेबल पॉलीलैक्टिक एसिड (PLA) से निर्मित एक 3डी मुद्रित ढांचा तैयार किया है, जो पीजो-फोटोकैटलिटिक गुणों के लिए जाना जाता है।
  - सूर्य के प्रकाश, हल्के कंपन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के प्रयोग से पानी से प्रदूषकों को हटाने में सक्षम।
  - 3डी मुद्रित ढांचे पर बिस्मथ फेराइट ($BiFeO_3$) नामक एक विशेष पदार्थ (उत्प्रेरक) के लेप का प्रयोग, जो प्रकाश और यांत्रिक ऊर्जा के संपर्क में आने पर प्रदूषकों को तोड़ने की अपनी क्षमता के लिए जाना जाता है।
  - अपशिष्ट जल के नमूनों से 98.9% कांगो रेड (CR) और 74.3% मेथिलीन ब्लू (MB) को हटा दिया।
- भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) द्वारा बैटएक्स एनर्जीज प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम को ''क्लोज्ड लूप के माध्यम से बैटरी ग्रेड सामग्री के उत्पादन और मूल्य संवर्द्धन के लिए प्रौद्योगिकी'' नामक परियोजना के लिए वित्तीय सहायता-
  - जीवन के अंतिम चरण में पहुँच चुकी लीथियम -आयन बैटरियों से बैटरी-ग्रेड लीथियम, कोबाल्ट, निकल ओर मैंगनीज निकालने के लिए स्वदेशी, टिकाऊ बैटरी रीसाइक्लिंग प्रक्रिया के व्यावसायीकरण पर केन्द्रित।
- भारत बायोटेक इंटरनेशनल, वैश्विक बायोफार्मा प्रमुख जीएसके द्वारा विकसित दुनिया की पहली मलेरिया वैक्सीन आरटीएस.एस की आपूर्ति 2026 से वैक्सीन गठबंधन गावी को शुरू करेगा।
- भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बेगलुरु के शोधकर्ताओं ने एक कृत्रिम धातु आधारित नैनोजाइम विकसित किया है, जिसका उपयोग फुफ्फुसीय थ्रोम्बेम्बोलिज्म (PTE) जैसी स्थितियों के कारण होने वाले असामान्य रक्त के थक्के को रोकने के लिए किया जा सकता है।
- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), दिल्ली ने स्वास्थ्य सेवा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI-CoE) के लिए उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) दिल्ली के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।

# 05 खेल

## महेन्द्र सिंह धोनी

- पूर्व भारतीय कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को वर्ष 2025 के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) के 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया है।
- धोनी यह सम्मान पाने वाले 11वें भारतीय क्रिकेटर हैं।
- आईसीसी हॉल ऑफ फेम 2025 में सम्मिलित अन्य खिलाड़ी–
  1. हाशिम अमला (दक्षिण अफ्रीका)
  2. मैथ्यू हैडन (ऑस्ट्रेलिया)
  3. ग्रीम स्मिथ (दक्षिण अफ्रीका)
  4. डेनियल विहोरी (न्यूजीलैंड)
  5. सना नीर (पाकिस्तान)
  6. सारा टेलर (इंग्लैंड)
- पूर्व में सम्मानित अन्य भारतीय– नीतू डेविड, वीनू माकंड, वीरेन्द्र सहवाग, सचिन तेंदुलकर, डायना एडुल्जी, राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले, कपिल देव, बिशन सिंह बेदी, सुनील गावस्कर।

## आईपीएल–2025

- **दिनाँक** – 22 मार्च से 3 जून 2025
- **स्टार्टिंग मैच आयोजन स्थल** – ईडन गार्डन्स् कोलकाता
- **फाइनल मैच आयोजन स्थल** – नरेन्द्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद
- **विजेता** – रॉयल चैलेंजर्स, बेंगलुरू (20 करोड़ प्राइज मनी)
- **उप–विजेता** – पंजाब किंग्स (12.5 करोड़ प्राइज मनी)

| क्र.सं. | अवॉर्ड | विजेता |
|---|---|---|
| **1.** | विजेता टीम | आरसीबी (रॉयल चैलेंजर्स, बेंगलुरू) |
| **2.** | उप-विजेता टीम | पंजाब किंग्स |
| **3.** | फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच | कुणाल पांड्या |
| **4.** | इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन | साई सुदर्शन |
| **5.** | पर्पल कैप (सबसे ज्यादा विकेट) | प्रसिद्ध कृष्णा (25 विकेट) |
| **6.** | आरेंज कैप | साईं सुदर्शन (गुजरात टाइटंस, 759 रन) |
| **7.** | फैंटसी किंग ऑफ द सीजन | साईं सुदर्शन |
| **8.** | मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर (MVP | सूर्य कुमार यादव |
| **9.** | फेयरप्ले अवॉर्ड | चेन्नई सुपर किंग्स |
| **10.** | सुपर सिक्सेस ऑफ द सीजन | निकोल्टन पूरन (40 छक्के) |
| **11.** | ग्रीन डॉट बॉल ऑफ द सीजन | मोहम्मद सिराज |
| **12.** | कैच ऑफ द सीजन | कामिंदु मेंडिस |
| **13.** | सुपर स्ट्राइकर | वैभव सूर्यवंशी (राजस्थान रॉयल्स) |
| **14.** | Fours ऑफ द सीजन | साईं सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) |
| **15.** | पिच और ग्राउंड | डीडीसीए |

## थाइलैंड ओपन–2025 इंटरनेशनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट

- **दिनाँक** – 22 मई से 2 जून 2025
- **आयोजन स्थल** – बैंकॉक, थाईलैंड
- भारत ने कुल पदक 8 (2 स्वर्ण, 1 रजत, 5 कांस्य) जीते।
  1. दीपक ने 75 किग्रा वर्ग के फाइनल में उज्बेकिस्तान के अब्दुरखिमोव जावोखिर पर 5:0 की जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता।
  2. नमन ने 90 किलोग्राम वर्ग में चीन के हान जुएझेन को 4:1 से हराया।
- महिलाओं के 80+ किग्रा वर्ग के फाइनल में किरण ने कजाकिस्तान की येल्दाना तालीपोवा 2:3 से हार कर रजत पदक जीता।
- पांच भारतीय महिला मुक्केबाजी तमन्ना (51 किग्रा) प्रिया (57 किग्रा) संजू (60 किग्रा) स्नेह (70 किग्रा) लालफाकमावी राल्ते (80 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते।

## ऑस्ट्रियाई रेसवॉकिंग चैंपियनशिप

- भारत की पैदलचाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी ने महिलाओं की 10 किमी दौड़ में 47:54 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- पुरुषों की 35 किमी स्पर्धा में संदीप कुमार ने 2:38:45 के समय के साथ रजत पदक जीतकर दूसरा स्थान प्राप्त किया।
- इसी स्पर्धा में रामबाबू ने 2:41:47 के समय के साथ कांस्य पदक जीत कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- चेक गणराज्य के जारोनिर मोरावेक 2:34:41 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीत कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

## 26वाँ एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025

- **तिथि** – 27 से 31 मई 2025
- **आयोजन स्थल** – गुमी (दक्षिण कोरिया)
- दक्षिण कोरिया के गुमी में आयोजित एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत 24 पदको (8 स्वर्ण, 10 रजत, 6 कांस्य) के साथ पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा।
- पहले व तीसरे स्थान पर क्रमशः चाइना (15 स्वर्ण, 8 रजत, 3 कांस्य) व जापान (4 स्वर्ण, 10 रजत, 10 कांस्य) पहले व तीसरे स्थान पर रहे।
- भारतीय विजेताओं के नाम
  - गुलवीर सिंह – स्वर्ण पदक मेन्स (10,000 मीटर रेस)
  - नंदिनी अगासारा – स्वर्ण पदक वीमेन्स (हेप्टाथलॉन)
  - अविनाश साबले – स्वर्ण पदक मेन्स (3000 मी. स्टीपलचेस)
  - ज्योति याराजी – स्पर्ण पदक विमेन्स (100 मी. हर्डल)
  - पूजा सिंह – स्वर्ण पदक विमेन्स (हाई जम्प)
  - गुलबीर सिंह – स्वर्ण पदक मेन्स (5000 मी. रेस)
  - भारतीय टीम – (संतोष कुमार, रूपल, विशाल, शुभा) (4×400 m मिक्स्ड रिले)
  - भारतीय टीम – (जिशना, रूपल, कुंजा, शुभा) (4×400 m विमेन्स रिले)

## आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-2025

- **दिनाँक** – 11 से 15 जून
- **आयोजन स्थल** – लार्डस क्रिकेट स्टेडियम, लंदन
- **डब्ल्यूटीसी फाइनल मैच विजेता** – दक्षिण अफ्रीका (पहली बार)
- **उपविजेता** – ऑस्ट्रेलिया
- दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया।
- **सबसे ज्यादा रन** – जो रूट (5,543)
- **सबसे ज्यादा विकट** – नाथन लियॉन (210)
- **कप्तान** – टेम्बा बावुमा (दक्षिण अफ्रीका)
- कप्तान – पैट कमिंस (ऑस्ट्रेलिया)
- पहला संस्करण का अयोजन न्यूजीलैंड (2019-2021) में हुआ था।

## आईएसएसएफ निशानेबाजी वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल-2025 म्यूनिख, जर्मनी

- **दिनाँक** – 07 से 15 जून, 2025
- **आयोजन स्थल** – म्यूनिख, जर्मनी
- भारत ने कुल 4 पदक (2 स्वर्ण, 2 कांस्य) जीते।
- भारत का पदक तालिका में स्थान – तीसरा
- पदक तालिका में शीर्ष देश – चीन कुल 7 पदक (4 स्वर्ण, 1 रजत, 2 कांस्य)
- **भारतीय विजेताओं के नाम**
  1. सुरूचि सिंह – महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक।
  2. आर्य बोरसे/अर्जुन बाबूता – 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में स्वर्ण पदक।
  3. सिफ्त कौर समरा – महिलाओं की 50 मीटर एयर राइफल 3 पोजिशन में कांस्य पदक
  4. एलावेनिल वलारिवान – महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक
- आईएसएसएफ वर्ल्ड कप-2025 (राइफल व पिस्टल) निगंबो, चीन में सितम्बर में आयोजित किया जाएगा।

## 124वाँ फ्रेंच ओपन (रोलैंड गैरोस) 2025

- **दिनाँक** – 25 मई से 8 जून 2025
- **आयोजन स्थल** – स्टेड रोलैंड गैरोस पेरिस, फ्रांस
- **विजेताओं की सूची**
  1. मेन्स सिंगल्स विनर – कार्लोस अल्कारेज (स्पेन)
  2. विमेंस सिंगल्स विनर – कोको गॉफ (यूएसए)
  3. मेन्स डबल्स विनर – मार्सेल ग्रैनोलर्स (स्पेन) व होरासियों जे बालोस (अर्जेंटीना)
  4. विमेंस डबल्स विनर – सारा इरानी (इटली) व जैसमिन पाओलिनी (इटली)
  5. मिक्स्ड डबल्स विनर – सारा ईरानी (इटली) एंड्रिया ववास्सोरी (इटली)
  6. व्हिल चेयर विनर – टोकिटो ओडा (जापान)
  7. व्हिल चेयर विनर – यूई कामीजी (जापान)

## ताइवान एथलेटिक्स ओपन–2025

- **दिनाँक** – 7 से 8 जून 2025
- **आयोजन स्थल** – ताइपे म्यूनिसिपल स्टेडियम, ताइवान
- भारत ने ताइवान एथलेटिक्स ओपन–2025 में 16 पदक (12 स्वर्ण, 3 रजत, 1 कांस्य) जीते। पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। क्रमश: ऑस्ट्रेलिया व जापान दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे।
- **भारतीय पदक विजेताओं के नाम**
  - **स्वर्ण**
    1. ज्योति याराजी – महिलाओं 100 मीटर बाधा दौड़
    2. तेजस शिरसे – पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़
    3. अब्दुल्ला अबूबकर – पुरुष ट्रिपल जंप
    4. पूजा – महिला 1500 मीटर
    5. कृष्ण कुमार – पुरुष 800 मीटर
    6. अन्नू रानी – महिला भाला फेंक (56.82 मीटर)
    7. रोहित यादव – पुरुष भाला फेंक (74.42 मीटर)
    8. विथ्या रामराज – महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़
    9. पुरुषों की 4×100 मीटर रिले टीम – गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कूजूर, मणिकांता दोबलीधर, अमलान बोरगोहेन (38.75 सेकेण्ड)
    10. महिलाओं की 4×100 मीटर रिले टीम – सुदीक्षा वडलूरी, स्नेहा सत्यनारायण शानुवल्ली, अबिनिया राजराजन, निथ्या गांधे (44.07 सेकेण्ड)
    11. पुरुषों की 4×400 मीटर रिले टीम – संतोष टी. विशाल टीके, धरमवीर चौधरी, मनु वीएस (3:05.58 सेकेण्ड)
  - **रजत पदक विजेता** –
    1. यक्षस पलाश – पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़
    2. ट्विंकल चौधरी – महिला 800 मीटर
    3. शैली सिंह – महिला लंबी कूद (6.41 मीटर)
  - **कांस्य पदक विजेता** –
    1. एंसी सोजन – महिला लंबी कूछ (6.39 मीटर)

## तीरंदाजी वर्ल्ड कप स्टेज–3 अंतालिया–2025

- **दिनाँक** – 3 से 8 जून, 2025
- **आयोजन स्थल** – अंतालिया, तुर्की
- भारत ने इस प्रतियोगिता के कोई पदक नहीं जीता।

## नॉर्वे चेस ओपन–2025

- **दिनाँक** – 26 मई से 6 जून, 2025
- **आयोजन स्थल** – नॉर्वे
- मैग्नस कार्लसन ने फाइनल राउंड में सातवीं बार 16 अंकों के साथ नॉर्वे चेस ओपन का खिताब जीता एवं भारतीय जीएम अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ ड्रॉ खेला।
- डी. गुकेश (14.5 अंक) के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

## स्मृति मंधाना

- भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना आईसीसी की वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में 72 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर पहुँच गई हैं।

- स्मृति मंधाना टॉप-10 में शामिल एकमात्र भारतीय खिलाड़ी है।
- दूसरे नम्बर पर इंग्लैंड की कप्तान नेट स्कीवर है।




## पेरिस डायमंड लीग

- भारतीय जैवलिन थ्रोअर नीरज चौपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग-2025 चैम्पियनशिप जीती।
- वे पेरिस डायमंड लीग में अंतिम प्रयास में 82.89 मीटर का थ्रो करके शीर्ष स्थान पर रहे।
- दूसरे व तीसरे स्थान पर क्रमश: जर्मनी के जूलियन वेबर (87.88 मीटर थ्रो) व ब्राजील के लुइज मौरिसियो वा सिल्वा (86.62 मीटर थ्रो) रहे।

## डब्ल्यूटीए बर्लिन ओपन-2025

- चेक रिपब्लिक की मार्केटा वोंद्रोसोवा ने बर्लिन ओपन के फाइनल में चीन की वांग जिन्यू को 7-6, 4-6, 6-2 से हराया।
- यह इनका पहला बर्लिन ओपन व करियर का तीसरा खिताब है।

## कार्लोस अल्कारेज

- स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने क्वींस क्लब चैंपियनशिप के फाइनल में चेक खिलाड़ी जिरी लेहेका को 7-5, 6-7, 7-2 से हराया।
- वे दूसरी बार क्वींस क्लब चैंपियन बने हैं।

## Ist हॉकी इंडिया मास्टर्स कप-2025 (पुरुष व महिला वर्ग)

- **दिनांक** - 18 से 27 जून
- **आयोजन स्थल** - चेन्नई, तमिलनाडु
- हॉकी एयोसिएशन ऑफ ओडिशा ने फाइनल मैच हॉकी पंजाब को 1-0 से हराकर Ist हॉकी इंडिया मास्टर्स कप (महिला वर्ग) 2025 का खिताब जीता।
- पुरुष वर्ग में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु ने फाइनल में हॉकी महाराष्ट्र को 5-0 से हराकर Ist हॉकी इंडिया मास्टर्स 2025 का खिताब जीता।

## 78वीं सीनियर राष्ट्रीय एक्वेटिक्स चैंपियनशिप-2025

- **दिनांक** - 22 से 26 जून (ओडिशा)
- **आयोजन स्थल** - कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर
- कर्नाटक 41 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहा (16 स्वर्ण, 11 रजत, 14 कांस्य)
- तमिलनाडु 16 पदकों के साथ पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा (8 स्वर्ण, 5 रजत, 3 कांस्य)
- महाराष्ट्र 17 पदकों के साथ पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा (5 स्वर्ण, 6 रजत, 6 कांस्य)
- **सर्वश्रेष्ठ तैराक** -
  1. शोआन गांगुली (पुरुष)
  2. धिनिधि देसिंधु (महिला)
- कर्नाटक के 78वीं सीनियर राष्ट्रीय एक्वेटिवस चैंपियनशिप में व्यक्तिगत, टीम और ओवरऑल खिताब जीता।

## 2nd एशियाई स्क्वैश डबल्स चैंपियनशिप

- **दिनांक** - 23 से 26 जून, 2025
- **आयोजन स्थल** - कुचिंग, मलेशिया
- भारत ने दूसरी एशियाई स्क्वैश डबल्स चैंपियनशिप में पुरुष युगल, महिला युगल व मिश्रित युगल में शीर्ष स्थान प्राप्त करके तीनों खिताब जीते।
- पुरुष युगल फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त अभय सिंह और वेलावन सेंथिल कुमार ने पाकिस्तान के नूर जमान और नासिर इकबाल को 2-1 से हराया।

- महिला युगल का खिताब जोशना चिनप्पा और अनाहत सिंह की जोड़ी ने जीता। फाइनल में मलेशिया की आइना अमानी और शिन यिंग यी को रोमांचक 2-1 से हराकर जीता।
- युगल टीम अभय सिंह और अनाहत सिंह ने फाइनल में मलेशिया के रेचल अर्नोल्ड और अमीशेनराज चंदन को 2-0 से हराया।

### रग्बी प्रीमियर लीग

- **दिनाँक** – 15 से 29 जून, 2025
- **आयोजन स्थल** – अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स मुम्बई
- चेन्नई बुल्स ने रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) के पहले सीजन का खिताब फाइनल में दिल्ली रेड्ज को 41-0 से हराकर जीता।
- हैदराबाद हीरोज ने ब्रॉन्ज जीता। तीसरे स्थान के मुकाबले के लिए बेंगलुरू ब्रेवहार्ट्स को 17-12 से हराया।

### अंडर-17 और अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप-2025

- **दिनांक** – 18 से 26 जून, 2025
- **आयोजन स्थल** – वुंग ताऊ (वियतनाम)
- भारत ने कुल 35 पदक जीते (18 स्वर्ण, 10 रजत, 7 कांस्य) पदक तालिका में 215 अंकों के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
- भारतीय कुश्ती खिलाड़ियों ने तीन टीम खिताब प्रतियोगिता (पुरुष और महिला अंडर-23 व अंडर-17 महिला टीम)
- चीन 151 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा व जापान 149 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।
- महिला अंडर-23 टीम खिताब – भारतीय महिलाओं ने 10 पदक (4 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य) जीते।
- पुरुषों की अंडर-23 फ्रीस्टाइल टीम खिताब भारतीय पुरुषों ने 7 पदक (6 स्वर्ण, 1 कांस्य) जीते।
- महिला अंडर-17 खिताब – 18 पदक (8 स्वर्ण, 4 रजत, 6 कांस्य) जीते।
- **भारतीय पदक विजेता (अंडर-23)**
  1. प्रियांशी प्रजापत – स्वर्ण – विमेन्स 50 किग्रा
  2. रीना – स्वर्ण – विमेन्स 55 किग्रा
  3. सृष्टी – स्वर्ण – विमेन्स 68 किग्रा
  4. प्रिया – स्वर्ण – विमेन्स 76 किग्रा
  5. निखिल – स्वर्ण – मेन्स 61 किग्रा
  6. सुजीत कलकल – स्वर्ण – मेन्स 65 किग्रा
  7. जयदीप – स्वर्ण – मेन्स 74 किग्रा
  8. चंद्रमोहन – स्वर्ण – मेन्स 79 किग्रा
  9. विक्की – स्वर्ण – मेन्स 97 किग्रा
  10. सचिन – स्वर्ण – मेन्स 92 किग्रा
  11. नेहा शर्मा – रजत – विमेन्स 57 किग्रा
  12. तन्वी – रजत – विमेन्स 59 किग्रा
  13. प्रगति – रजत – विमेन्स 62 किग्रा
  14. शिक्षा – रजत – विमेन्स 65 किग्रा
  15. ज्योति बेरवाल – रजत – विमेन्स 72 किग्रा
  16. जसपूरन सिंह – रजत – मेन्स 125 किग्रा
  17. हिना बेम खलीफा – कांस्य – विमेन्स 53 किग्रा
- **भारतीय पदक विजेता (अंडर-23 कैटेगरी)**
  1. गौरव पूनिया – स्वर्ण – मेन्स 65 किग्रा
  2. अर्जुन रूहिल – स्वर्ण – मेन्स 92 किग्रा
  3. हरदीप – स्वर्ण – ग्रिक-रोमन 110 किग्रा
  4. रचना – स्वर्ण – विमेन्स 43 किग्रा
  5. रूतुजा संतोष गौरव – स्वर्ण – विमेन्स 43 किग्रा
  6. मौनी – स्वर्ण – विमेन्स 57 किग्रा
  7. अश्विनी बिश्नोई – स्वर्ण – विमेन्स 65 किग्रा
  8. मनीषा – स्वर्ण – विमेन्स 69 किग्रा
  9. आदित्य दिलीप जाधव – ग्रिक – रोमन 48 किग्रा
  10. चेष्टा – विमेन्स 40 किग्रा
  11. टीना पूनिया – रजत – विमेन्स 61 किग्रा
  12. काजल – रजत – विमेन्स 73 किग्रा
  13. धनराज गणपति जामनिक – कांस्य – मेन्स 51 किग्रा
  14. रितेश – कांस्य – ग्रिक-रोमन 60 किग्रा
  15. सचिन कुमार – कांस्य – ग्रिक-रोमन 80 किग्रा
  16. नितिन – कांस्य – ग्रिक-रोमन 92 किग्रा
  17. अंजलि – कांस्य – विमेन्स 49 किग्रा
  18. सारिका – कांस्य – विमेन्स 53 किग्रा

## 64वाँ ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक-2025

- **आयोजन स्थल** - मेस्टस्की स्टेडियम चेकिया, ओस्ट्रावा
- **दिनांक** - 24 जून, 2025
- भारतीय जैवलिन खिलाड़ी नीरज चौपड़ा ने चेक गणराज्य में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2025 मीट में जैवलिन थ्रो का खिताब जीता।
- फाइनल राउंड में 85.29 मी. के थ्रो के साथ नीरज चौपड़ा प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान पर रहे।
- दक्षिण अफ्रीका के डोव स्मिट 84.12 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे व ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 83.63 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

## एशियाई पैरा-बैडमिंटन चैंपियनशिप

- **आयोजन स्थल** - थाईलैंड
- **दिनांक** - 17 से 22 जून, 2025
- भारत ने थाईलैंड में आयोजित एशियाई पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में कुल 27 पदक (4 स्वर्ण, 10 रजत, 13 कांस्य) जीते।
- **भारतीय स्वर्ण पदक विजेता**
  1. नितेश कुमार (एमएस एसएल 3)
  2. सुकांत कदम व नितेश कुमार (एमडी एसएल 3-एसएल-4)
  3. तुलशिमथी व नितेश कुमार (XD SL3-SU5)
  4. मनीषा रामदास (डब्ल्यूएस एसयू 5)

## दिव्या देशमुख



- भारत की ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने लंदन में ब्लिट्ज चैंपियनशिप में होउ यिफान को हराया।
- भारत को ब्लिट्ज में तीसरा और रैपिड में दूसरा स्थान मिला है।

## सुनील गावस्कर

- बीसीसीआई ने मुम्बई मुख्यालय में बोर्डरूम का नाम सुनील गावस्कर के नाम पर रखा।
- सुनील गावस्कर टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन का आंकड़ा छूने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज थे।

## हॉकी खिलाड़ियों के लिए आउट ऑफ अलाउंस की घोषणा

- खेल मंत्रालय ने दिल्ली में आयोजित 'मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की 156वीं बैठक में 'टारगेट ओलंपिक पोडियम' (टॉप्स) योजना के तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों (40 महिला 40 पुरुष) को 25000 रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता (आउट ऑफ पॉकेट अलाउंस) देने को मंजूरी दी है।

## चैम्पियंस लीग 70वाँ संस्करण

- म्यूनिख में आयोजित चैम्पियंस लीग के 70वें संस्करण के फाइनल में फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने इटैलियन क्लब इंटर मिलान को 5-0 से हराया।
- पीएजी यह खिताब जीतने वाला यूरोप का 24वाँ और फ्रांस का दूसरा क्लब बना।

# अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- लॉस एंजिलिस-2028 ओलंपिक में एथलीट के इस्तेमाल के लिए उन्हें ट्रैफिक से राहत देने के लिए 'एयर टैक्सी मिडनाइट' का संचालन किया जाएगा। यह मिनटों में एथलीट्स और विजिटर्स को ओलंपिक के अलग-अलग वेन्यू तक पहुँचाएगी। इससे 4 पैसेंजर सिटिंग कैपेसिटी/150 किमी. मिनट प्रति घंटे की रफ्तार की क्षमता है।
- विश्व मुक्केबाजी महासंघ ने घोषणा की है कि हर खिलाड़ी का लिंग परीक्षण अनिवार्य होगा।
- अब से वनडे क्रिकेट में 34 ओवर के बाद एक गेंद का इस्तेमाल होगा। अभी वनडे में दो नई बॉल का नियम लागू है।
- अमेरिकी तैराक 'कैरी लेडेकी' ने यूएस स्विमिंग चैंपियनशिप में 3 गोल्ड मेडल जीते। वे क्रमश: 15000 मी., 400 मी., 800 मीटर में विजेता रही। अन्य - ग्रेचेन वॉल्श ने 50 मी. फ्रीस्टाइल 23.91 सैकेंड में जीतकर नया रिकॉर्ड बनाया।
- सूरत, गुजरात में आयोजित 4th नेशनल मास्टर्स वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में महाराष्ट्र टीम 520 अंक प्राप्त कर विजेता रही। राजस्थान टीम 448 अंक प्राप्त कर उपविजेता रही है।

- वर्ल्ड स्केट एशिया के तत्वावधान में तथा कोरिया रोलर स्पोर्टस की मेजबानी में 20वीं एशियन रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन 20 से 30 जुलाई कोरिया में होगा।
- भारत 30 सितम्बर से 2 नवम्बर तक आईसीसी महिला वनडे विश्वकप की मेजबानी करेगा। टूर्नामेंट भारत के चार शहरों समेत श्रीलंका के कोलंबों में खेला जाएगा।
- भारत-इंग्लैंड के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज अब एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के नाम से जानी जाएगी। पूर्व में इसका नाम 'पटौदी ट्रॉफी' था।
- बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आल राउंडर मेहदी हसन मिराज को वनडे क्रिकेट टीम का नया कप्तान घोषित किया हे। वे नजमुल हुसैन के स्थान पर टीम की कमान संभालेंगे। इसके अतिरिक्त लिटन दास टी-20 क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया।
- कनाडा की समर मैकिन्टोश ने 400 मीटर मेडले में अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने विक्टोरिया में कैनेडियन तैराकी ट्रॉयल्स में 4 मिनट 23.65 सेकेण्ड का समय दर्ज किया। समर मैकिन्टोश ने 2024 पेरिस ओलंपिक में 200 मीटर बटरफ्लाई, 200 मीटर मेडले ओर 400 मीटर मेडले में स्वर्ण पदक जीते थे।
- अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने खिलाड़ियों की स्थिति और स्थानांनतरण (आरएसटीपी) संबंधी अपने विनियमों मं संशोधन की घोषणा की है, जो 1 जून से लागू होंगे।
- महिला एशिया कप हॉकी 2025 का आयोजन 5 से 14 सितम्बर तक चीन के हांग्जो में होगा। भारतीय टीम को पुल बी में जापान, थाइलैंड, सिंगापुर के साथ रखा गया है। पूल ए में चीन, कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपे शामिल हैं।
- नीरज चौपड़ा क्लासिक प्रतियोगिता का आयोजन 5 जुलाई को बेगलुरू के श्री कांतीरवा स्टेडियम में किया जाएगा पूर्व में 24 मई को आयोजित किया जाना था, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर और राष्ट्र के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए इसे स्थगित कर दिया गया।
- भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने त्रिनिदाद और टोबैगो के खिलाफ 5 मैचो वाली अंतर्राष्ट्रीय बधिर क्रिकेट सीरीज 2025 में 3-2 से जीत हासिल की।
- मेन्स सिंगल्स का खिताब कुनलावुत विटिडसार्न (थाइलैंड) ने फाइनल में लू गुआंगूल (चीन) को 21-6, 21-10 से हराकर जीता।
- वीमेन्स सिंगल्स का खिताब चेन यूफेई (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) ने फाइनल मैच में 21-11, 21-11 से वांग झिमी (चीन) को हराकर जीता।
- पहला हॉकी इंडिया मास्टर्स कप चेन्नई में आयोजित किया जाएगा। इसमें पुरुषों की 12 व महिलाओं की 8 टीम शामिल होंगी। इसमें पूर्व अंतर्राष्ट्रीय च ओलंपियन भारतीय खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे।
- भारत 3 साल बाद चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। टूर्नामेंट 27 अक्टूबर से चेन्नई में होगा। आखिरी बार यह 2022 में हुआ था।
- स्वीडन के पोल वॉल्ट किंग और दो बार के ओलंपियन चैंपियन आर्मड डुप्लामतिस ने 12वीं बार अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने स्टॉकहोम में डायमंड लीग मीट के पुरुषों की पोल वॉल्ट स्पर्धा में 62.8 मीटर की छलांग लगाई।
- फिडे विश्व ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप 2025 में डब्ल्यूआर चेस टीम (नाकामुरा, नेपोमनियाची, फिरोजा, वेस्ली सो, डूडा और मैक्सिम) ने अर्जुन ऐरिगैसी की नेतृत्व वाली भारतीय टीम एमजीडी 1 को हराया।
- प्रो. कबड्डी लीग सीजन-12 अगस्त माह से प्रारंभ होगा।
- आईसीसी 2027-29 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में छोटे देशों के लिए 4 दिवसीय टेस्ट मैच होगा। भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड जैसी बड़ी टीमें आपस में पारंपरिक पांच दिवसीय टेस्ट मैच खेलेंगी।
- इंग्लैंड के टॉप फुटबॉल टूर्नामेंट प्रीमियर लीग का 2025-26 सीजन 15 अगस्त 2025 से शुरू होगा एवं इसका समापन 24 मई 2026 में होगा।
- एआईएफएफ (अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ) के पूर्व उपाध्यक्ष एवं कार्यकारी समिति के सदस्य श्री अतुओ मेझुर का निधन हो गया है।

- कंगना रनोट विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 की ब्रांड एम्बेसडर बनी। विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के मेजबानी भारत द्वारा की जाएगी। इसमं 100 से अधिक देश भाग लेंगे।
- इंग्लैंड महिला टी-20 विश्व कप 2026 की मेजबानी करेगा। टूर्नामेंट में 12 टीमें भाग लेंगी। 24 दिन में कुल 33 मैच खेले जाएँगे। भारत का पहला मैच पाकिस्तान के साथ होगा।
- साउथ एशियन बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप - अरुणाचल की हिलांग याजिक ने साउथ एशियन बॉडी बिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में एक गोल्ड और एक सिल्वर जीता। वह इसमें पदक जीतने वाली पहली भारतीय है।
- क्रिकेट में बना हाप कैच अमान्य - मेरिलबोन क्रिकेट क्लब ने बाउंड्री के बाहर से हवा में छलांग लगाकर की जाने वाली बनी हाप कैच को अमान्य घोषित किया। नया नियम बांग्लादेश और श्रीलंका टेस्ट सीरीज से लागू होगा।
- उज्बेकिस्तान की ओक्साना वुशोविताना ने इंटरनेशनल जिम्नास्टिक फेडरेशन के वर्ल्ड चैलेंज कप में वॉल्ट स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीता।
- 14 जून 2025 को दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीती।
- इग्लैंड की अंडर-21 टीम ने यूरो कप 2025 खिताब जीता। फाइनल में इंग्लैंड की फुटबॉल टीम ने जर्मनी को एक्स्ट्रा टाइम ने 3-2 से हराकर लगातार दूसरी बार टाइटल जीता।
- **टेस्ट की दोनों पारियों में शतक** - ऋषभ पंत हेडिंग्ले लीड्स टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पहल भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बने। उनसे पहले ऐसा सिर्फ जिम्बाब्बे के एंडी मलावर ने किया है।
- **ललित उपाध्याय का हॉकी से सन्यास** - दो बारे के ओलंपिक पदक विजेता ललित उपाध्याय ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से सन्यास लिया। उन्होंने अपना आखिरी मैच बेल्जियम के खिलाफ खेला। ललित ने अपने कुल करियर में कुल 67 गोल किए हैं।
- खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 नवम्बर में जयपुर राजस्थान में आयोजित किए जाऐंगे। यूनिवर्सिटी गेम्स 25 वर्ष से कम उम्र के एथलीटों के लिए है।
- आईसीसी ने छोटे टी-20 मैचों के पावर प्ले नियमों में संशोधन किया है।
- भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बर्लिन में आयोजित प्रदेशों के टूर्नामेंट में तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंतिम क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया।
- कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के आगामी सीजन के लिए प्रिनबागो नाइट राइडर्स ने वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो को अपना नया हेड कोच नियुक्त किया है।
- बिली जिन किंग कप-2025 का आयोजन नवम्बर में बेंगलुरू, भारत में आयोजित किया जाएगा।
- क्रिकेट और मिश्रित मार्शल खेलों को आधिकारिक तौर पर 2026 एशियाई खेलों में शामिल किया गया है।
- निकोलस पूरने (वेस्टइंडीज) अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास की घोषणा की।
- **निधन** -
  - सैयद आबिद अली - पूर्व भारतीय क्रिकेटर
  - इयान रेडपाथ - पूर्व ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट ओपनर
  - बॉब काउपर - पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर
  - नियले फ्रॉसर - ऑस्ट्रेलियाई टेनिस खिलाड़ी

❖❖❖

# 06 महत्वपूर्ण दिवस

| तारीख | दिवस | थीम |
|---|---|---|
| 1 जून | विश्व दुग्ध दिवस | आइए डेयरी की शक्ति का जश्न मनाएं |
| 2 जून | ग्लोबल डे ऑफ पैरेंट्स | रेजिंग पैरेंट्स |
| 3 जून | विश्व साइकिल दिवस | एक स्थायी भविष्य के लिए साइकिल चलाना |
| 4 जून | इंटरनेशनल डे ऑफ इनोसेंट चिल्ड्रन विक्टिम्स ऑफ अग्रेशन | बच्चों के खिलाफ सभी तरह की हिंसा को खत्म करना |
| 5 जून | विश्व पर्यावरण दिवस | प्लास्टिक प्रदूषण को हराना |
| 7 जून | विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस | खाद्य सुरक्षाः साइंस इन एक्शन |
| 8 जून | विश्व महासागर दिवस | वंडरः जो हमें बनाए रखता है उसे बनाए रखना |
| 8 जून | विश्व मस्तिष्क ट्यूमर दिवस | सभी उम्र के लोगों के लिए मस्तिष्क स्वास्थ्य |
| 9 जून | विश्व प्रत्यायन दिवस | प्रत्यायनः छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) को सशक्त बनाना |
| 12 जून | विश्व बाल श्रम निषेध दिवस | प्रगति स्पष्ट है, लेकिन अभी और काम करना है: आइए प्रयासों में तेजी लाएँ |
| 14 जून | विश्व रक्तदाता दिवस | रक्तदान करें, उम्मीदें दें: हम सब मिलकर जीवन को सुरक्षित करेंगे। |
| 17 जून | वर्ल्ड डे टू कॉम्बेट डेजर्टिफिकेशन एंड ड्रॉट | भूमि को बहाल करें और अवसरों को अनलॉक करें |
| 19 जून | वर्ल्ड सिकल सेल अवेयरनेस डे | वैश्विक कार्रवाई, स्थानीय प्रभाव : प्रभावी स्वःवकालत के लिए समुदायों को सशक्त बनाना |
| 21 जून | अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस | **एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग**<br>1. आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया गया<br>2. कार्यक्रम में 108 मिनट में 108 बार सूर्य नमस्कार करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया गया<br>3. दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज 'चिनाब ब्रिज' पर भी योग किया गया |
| 22 जून | वर्ल्ड रेन फारेस्ट डे | वन और भोजन |
| 25 जून | संविधान हत्या दिवस | तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने भारत में अनुच्छेद-352 के तहत् 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक आपातकाल घाषित किया था। |
| 27 जून | एम.एस.एम.ई. दिवस | सतत् विकास और नवाचार के चालक के रूप में एमएसएमई की भूमिका को बढ़ाना |
| 29 जून | राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस | राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75 वर्ष |

# 07 महत्वपूर्ण पुस्तकें

| क्र.सं. | पुस्तक | लेखक |
|---|---|---|
| 1. | इंदिरा गांधी और वे वर्ष जिन्होंने भारत को बदल दिया | श्रीनाथ राघवन |
| 2. | भारत : उपमहाद्वीप पर 5000 वर्षों का इतिहास | ऑड्रे ट्रुश्के |
| 3. | भारत @ 2047 : वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को गति देना | डॉ. एस.पी. शर्मा |
| 4. | भारत में लिंग परिवर्तनकारी रूरल वॉश कार्यक्रम में परिवर्तन की लहरें | डॉ.जितेंद्र सिंह |
| 5. | ट्रेडिंग ब्लू गोल्ड : भारत में जल ऋण मूल्यांकन का खाका | नीलांजन घोष और सौम्या भौमिक |
| 6. | यादें और मील के पत्थर | जॉन जे चौपमैन |
| 7. | सशक्त भारत | डॉ. अखंड प्रताप सिंह |
| 8. | विरासत का संरक्षक | डॉ. बिस्वरूप रॉय चौधरी |
| 9. | भारत ने एमटी जी-20 पर कैसे विजय प्राप्त की | अमिताभ कांत |
| 10. | द वर्ल्ड ऑफ्टर गाजा | रयान केसे |
| 11. | रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रपति के भाषणों का संकलन जारी किया<br>(i) Wings to our hopes - Vol. II<br>(ii) आशाओं की उड़ान - खंड II | |
| 12. | आपातकालीन डायरी (द इमरजेंसी डायरीज) | (i) आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर अमित शाह द्वारा जारी किया गया<br>(ii) तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने भारत में अनुच्छेद-352 के तहत् 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक आपातकाल घाषित किया था। |
| 13. | महिलाएं! जीवन! स्वतंत्रता | चौरा मकारेमी |
| 14. | विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर डॉ. मंडाविया ने औपचारिक रूप से 2 प्रकाशनों का शुभारंभ किया।<br>(i) साइकिलिंग, बच्चे और शहर - डॉ. भैरवी जोशी<br>(ii) रोड टू साइकिल 2 स्कूल - डॉ. भैरवी जोशी और एआर. कुश पारिख | |
| 15. | एटमोस्फीयर : एक प्रेम कहानी | टेलर जेनकिंस रीड |
| 16. | एक : क्रिकेट, मेरा जीवन और भी बहुत कुछ | शिखर धवन |
| 17. | त्रिपुरा में टैगोर : एक स्थायी संबंध | खगेश बर्मन |
| 18. | भारत के लोकतंत्र का विघटन 1947 से 2025 तक | प्रेम शंकर झा |
| 19. | पूर्व भारतीय लेग स्पिनर वीवी कुमार को उनके 90वें जन्मदिन पर सम्मानित किया गया, जिसमें चेन्नई में ''वीवी कुमार@90'' नामक ऐतिहासिक पुस्तक का विमोचन किया गया। | |

# अति महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ-प्रश्न

**1. हाल ही में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 316(1) के तहत् 10 जून, 2025 को किस व्यक्तित्व की नियुक्ति की गई है?**
[a] डॉ. राजीव शर्मा [b] डॉ. शुभ्राशूं सिंह
**[c] उत्कल रंजन शाहू** [d] प्रो. गौरव वल्लभ

**2. हाल ही में महात्मा ईसरदास विरचित साहित्यिक कृति ''देवियांण'' का राजस्थानी भाषा में सरलार्थ किसने किया?**
[a] दीप सिंह भाटी 'दीप' [b] डॉ. आईदान सिंह
[c] प्रहलाद सिंह झोरड़ा **[d] नखतसिंह भाटी**

**3. हाल ही में नाथू ला चौकी (1967 भारत-चीन युद्ध) का नाम परिवर्तित करके किस राजस्थानी फौजी के नाम से किया गया?**
[a] लेफ्टिनेंट हनुवंतसिंह पोस्ट
**[b] वीर सगतसिंह पोस्ट**
[c] नायक दिगेन्द्र कुमार पोस्ट
[d] मेजर पीरूसिंह शेखावत पोस्ट

**4. राजस्थान की 'प्रथम बाइक ऑन रेंट सेवा' का शुभारंभ सरकार ने किस जिले से किया?**
[a] बांसवाड़ा [b] जोधपुर
[c] जयपुर **[d] उदयपुर**

**5. वंदे गंगा जल संरक्षण जन-अभियान, 2025 किस विषय/थीम पर आधारित रहा (05-20 जून, 2025 तक)**
**[a] पाणी रो मान राखो, जीवण रो ध्यान राखो**
[b] जल ही जीवन है, जल है तो कल है
[c] जल के बिना सब सूना
[d] पाणी रे बिना म्हैं मर जावा

**6. वर्ष 2025 के लिए ''राजस्थानी भाषा का युवा साहित्यिक पुरस्कार'' किसे प्रदान किया गया?**
[a] भोगीलाल पाटीदार, (पांखेरूवां नी पीड़ा)
[b] प्रहलादसिंह झोरड़ा (म्हारी ढाणी)
**[c] पूनमचंद गोदारा, (अंतस रे आंगणे)**
[d] इनमें से कोई नहीं

**7. 7आर कॉन्क्लेव, 2025 के आठवें संस्करण का आयोजन कहाँ हुआ तथा इसकी थीम क्या थी?**
[a] जोधपुर, 'फ्यूचर सिटीज-संरक्षण, रेजिलिएंट, रिफ्यूज'
**[b] जयपुर, 'फ्यूचर सिटीज-सस्टेनेबल, रेजिलिएंट एंड थ्राइविंग'**
[c] उदयपुर, 'फ्यूचर सिटीज-सतत् विकास एंड थ्राइविंग'
[d] अजमेर, 'फ्यूचर सिटीज-सस्टेनेबल थ्राइविंग'

**8. हाल ही में पटाया, थाईलैंड में आयोजित वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में 675 किलोग्राम वजन उठाकर राजस्थान के किस खिलाड़ी ने स्वर्ण पदक जीता?**
[a] लविश शुक्ला (65 किलोवर्ग)
[b] अभिजीत गुप्ता (60 किलोवर्ग)
[c] यश भराड़िया (70 किलोवर्ग)
**[d] सागर वर्मा (66 किलोवर्ग)**

**9. हाल ही में 05 जून, 2025 को राजस्थान के कितने स्थलों को रामसर साईट घोषित करने के पश्चात् अब राजस्थान में रामसर साइटों की कुल संख्या कितनी हो गई है?**
**[a] खींचन, मेनार (कुल संख्या = 04)**
[b] आमागढ़, मेनार (कुल संख्या = 05)
[c] खींचन, सिलिसेढ झील (कुल संख्या = 04)
[d] लुणकरणसर, खींचन (कुल संख्या = 05)

**10. 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत् 21 जून, 2025 को राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन कहाँ किया गया?**
[a] सवाईमानसिंह स्टेडियम, जयपुर
[b] महाराणा प्रताप स्टेडियम, उदयपुर
**[c] खूहड़ी सैंड डयून्स, जैसलमेर**
[d] आदर्श स्टेडियम, बाड़मेर

**11. हाल ही में राज्य सरकार ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर आमजन में योग जागरूकता हेतु किस व्यक्तित्व को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है?**
[a] नीरू यादव, झुंझनूं **[b] सौम्या गुर्जर, जयपुर**
[c] रूमा देवी, बाड़मेर [d] विधा चौधरी, जयपुर

**12. हाल ही में 12-13 जून, 2025 को जयपुर स्थित सप्तशक्ति कमान का दौरा किस देश के आर्मी कमांडर ने किया?**

[a] चीन **[b] श्रीलंका**
[c] अमेरिका [d] भूटान

**13. राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अप्रैल 2025 में ग्रीन जस्टिस (हरित न्याय) कान्फ्रेंस का आयोजन कहाँ किया गया था?**

**[a] नाथद्वारा, राजसमंद** [b] सांगानेर, जयपुर
[c] हातनाड़ा, जोधपुर [d] मेनार, उदयपुर

**14. हाल ही में 24 जून-09 जुलाई, 2025 तक आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त पखवाड़ा किस थीम पर आधारित है?**

[a] अत्योपय री आस, जनता री प्रकार
[b] जन रो हक, सरकार रो कर्त्तव्य
[c] जनता रो अधिकार, अवश्य देणो
**[d] जन रौ हक, जन रे द्वार**

**15. हाल ही में 47.07 हेक्टेयर भूमि रीको को स्वीकृति पश्चात् किस स्थान पर सरकार स्टोन पार्क बनाएगी?**

[a] बामलास, झुंझनूं **[b] कछालिया ग्राम, बूंदी**
[c] घोनिया ग्राम, बाड़मेर [d] दामोदरा ग्राम, जैसलमेर

**16. निम्नलिखित कथनों पर विचार करके सत्य कथनों की पहचान कीजिए-**

1. 23वीं नेशनल जूनियर (U-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप, 2025 का आयोजन 22-24 जून को सवाईमानसिंह स्टेडियम, जयपुर में हुआ।
2. राजस्थान के दीपेश चौधरी ने भाला फेंक स्पर्धा में 72.98 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता।
3. राजस्थान ने कुल 06 पदक जीते।

[a] केवल कथन 1 सत्य है
[b] केवल कथन 1, 2 सत्य है
[c] तीनों कथन सत्य है
**[d] केवल कथन 2, 3 सत्य है**

**17. हाल ही में 20 जून, 2025 को सोलर एंड स्टोरेज कॉन्फ्रेंस का आयोजन कहाँ किया गया?**

[a] जोधपुर [b] जैसलमेर
[c] उदयपुर **[d] जयपुर**

**18. हाल ही में भारत सरकार द्वारा राजस्थान के सेवानिवृत्त किस IAS अधिकारी को नीति आयोग में विशेष आमंत्रित सलाहकार नियुक्त किया गया?**

[a] वी. श्रीनिवासन
**[b] डॉ. ललित के. पंवार**
[c] डॉ. अनिरूद्ध शुक्ला
[d] डॉ. भगवती प्रसाद सारस्वात

**19. हाल ही में जारी केयर एज स्टेट रैंकिंग के दूसरे संस्करण में राजस्थान ने बड़े राज्यों में 40.50% के समग्र स्कोर के साथ कौन-सी रैंक हासिल की है?**

[a] 10वीं [b] 13वीं
**[c] 12वीं** [d] 15वीं

**20. जयपुर की किस शतरंज क्वीन ने अंडर-7 कैटेगरी में खोरदा, ओडिशा में आयोजित U-7 नेशनल शतरंज चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता?**

[a] कृष्णा राठौड़ [b] किरण चौधरी
[c] विद्या जैन **[d] श्रेयांशी जैन**

**21. सुकरा साइंस हाई स्कूल कार्यक्रम 2025 से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-**

1. यह जापान विज्ञान और प्रौद्योगिकी एजेंसी (JST) का एक कार्यक्रम है।
2. सुकरा साइंस हाई स्कूल कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत 20 भारतीय छात्रों को जापान का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य हैं?**

**[a] 1 और 2** [b] केवल 2
[c] केवल 1 [d] ना तो 1 न ही 2

**22. धरती आबा जनभागीदारी अभियान (DAJA) से संबंधित सत्य कथन है-**

1. धरती आबा जनभागीदारी अभियान भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा प्रारंभ देश का सबसे बड़ा जनजातीय सशक्तिकरण अभियान है।
2. इस अभियान को संचालन 1 से 30 जून तक किया गया।
3. इस अभियान के अन्तर्गत 549 आदिवासी बहुल जिलों और 207 विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूह (PVTG) बहुल जिलों के लगभग 1 लाख से अधिक गांवों और बस्तियों को कवर किया गया है।

[a] 1 और 2 **[b] 1 और 3**

[c] 2 और 3 [d] 1, 2 और 3

**23. राज्य के नेतृत्व वाले मॉडल के अंतर्गत भारतनेट कार्यक्रम का संचालन करने वाला भारत का पहला राज्य कौनसा है?**

[a] महाराष्ट्र [b] तेलंगाना

**[c] गुजरात** [d] आंध्रप्रदेश

**24. 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर किस राज्य द्वारा भारत में पहली योग नीति जारी की गई है?**

**[a] उत्तराखंड** [b] हिमाचल प्रदेश

[c] हरियाणा [d] मध्य प्रदेश

**25. 8 से 14 जून तक वैश्विक युवा वैज्ञानिक सम्मेलन, 2025 का आयोजन कहाँ किया गया?**

[a] चेन्नई [b] बेंगलुरू

[c] जोधपुर **[d] हैदराबाद**

**26. 24 जून को मध्य क्षेत्रीय परिषद् की 25वीं बैठक का आयोजन कहाँ किया गया?**

[a] भोपाल, मध्य प्रदेश **[b] वाराणसी, उत्तर प्रदेश**

[c] देहरादून, उत्तराखंड [d] रायपुर, छत्तीसगढ़

**27. दिव्यांगजनों की शिक्षा के लिए विशेष मान्यता प्राप्त संस्थानों (SAIEDs) की स्थापना के लिए भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान और एक अन्य संगठन के मध्य एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गये। समझौते में शामिल तीसरा संगठन कौनसा है?**

[a] केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE)

[b] इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU)

**[c] राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (NCERT)**

[d] विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC)

**28. साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार, 2025 से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-**

1. भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की स्वायत्तशासी संस्था साहित्य अकादमी द्वारा 23 भाषाओं के लेखकों को साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 प्रदान किया गया है।
2. वर्ष 2025 के लिए हिन्दी भाषा का साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार पार्वती तिर्की को प्रदान किया गया है।

**उपरोक्त में से असत्य कथन है/हैं?**

[a] केवल 1 [b] केवल 2

[c] 1 और 2 दोनों **[d] न तो 1 नही 2**

**29. वर्ष 2025 के लिए सांख्यिकी में प्रो. सी.आर. राव राष्ट्रीय पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है?**

[a] डॉ. हुकुम चंद्र **[b] डॉ. प्रजामित्र भुयान**

[c] दिलीप कुमार सिन्हा [d] के.पी. सुरेश

**30. 27 से 28 जून तक लेह में पहले लद्दाख एस्ट्रो फेस्टिवल का आयोजन लद्दाख पर्यटन विभाग द्वारा किसके सहयोग से किया गया?**

**[a] इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स (IIA) बेंगलुरू**

[b] टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (TIFR), मुम्बई

[c] इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (IISc), बेंगलुरू

[d] इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (IUCAA), पुणे

**31. ऑपरेशन डीप मैनिफेस्ट का संबंध निम्न में से किससे है?**

**[a] पाकिस्तान में निर्मित उत्पादों के भारत में अवैध आयात पर रोक लगाना।**

[b] पंजाब बॉर्डर पर पाकिस्तान से सीमापार नशे की तस्करी पर रोक लगाना।

[c] बांग्लादेश से भारत में जूट के अवैध आयात पर रोक लगाना।

[d] ईरान-इजरायल संघर्ष के मद्देनजर ईरान और इजरायल से भारतीय नागरिकों को निकालना।

**32. हाल ही में रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (R&AW) का प्रमुख किसे नियुक्त किया गया है?**

[a] रवि सिन्हा [b] टी. रबी शंकर

**[c] पराग जैन** [d] अरुण श्रीनिवास

**33. भारत के किस राज्य ने 1 अक्टूबर से इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास परियोजनाओं के लिए एक विशिष्ट आईडी ''इन्फ्रा आईडी'' लॉन्च करने की घोषणा की है?**

[a] आंध्र प्रदेश [b] ओडिशा
[c] पंजाब **[d] महाराष्ट्र**

**34. भारत के पहले हाई परफॉरमेंस कम्प्यूटिंग (HPC) क्लस्टर 'नक्षत्र (NAKSHTRA)' की स्थापना कहाँ की गई है?**
[a] अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली
[b] भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास
**[c] नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी, पुणे**
[d] भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरू

**35. भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट 17A के तहत स्वदेशी रूप से विकसित भारत के पहले स्टील्थ फ्रिगेट INS नीलगिरि का निर्माण किसके द्वारा किया गया है?**
[a] गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL)
[b] गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE)
[c] कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (CSL)
**[d] मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MDL)**

**36. अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 की थीम है-**
**[a] एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग**
[b] एक मंगल एक योग
[c] एक राज्य एक योग
[d] एक देश एक योग

**37. 'द इमरजेंसी डायरीज' नामक पुस्तक का विमोचन किसके द्वारा किया गया?**
[a] नरेन्द्र मोदी **[b] अमित शाह**
[c] राजनाथ सिंह [d] द्रौपदी मुर्मू

**38. 'द वन : क्रिकेट मॉय लाइफ एंड मोर' के लेखक निम्न में से कौन हैं?**
[a] युवराज सिंह [b] हार्दिक पांड्या
**[c] शिखर धवन** [d] महेन्द्र सिंह धोनी

**39. आईसीसी हॉल ऑफ फेम-2025 में शामिल भारतीय क्रिकेटर निम्न में से कौन है?**
[a] विराट कोहली [b] रोहित शर्मा
**[c] महेन्द्र सिंह धोनी** [d] के.एल. राहुल

**40. पेरिस डायमंड लीग-2025 का खिताब निम्न में से किसने जीता?**
[a] जूलियन वेबर [b] जूलियस येगो
[c] एंडरसन पीटर्स **[d] नीरज चौपड़ा**

**41. हाल ही में तेलंगाना में आयोजित 72वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की विजेता कौन बनी?**
[a] नंदिनी गुप्ता, राजस्थान
**[b] ओपल सुचाता चुआंगसरी, थाइलैंड**
[c] शीना पाराशर, जयपुर
[d] ओपल सुचाता, अमेरिका

**42. हाल ही में अमेरिका द्वारा ''ऑपरेशन मिडनाइट हैमर'' किस संघर्ष के दौरान लॉन्च किया गया है?**
[a] भारत-पाक संघर्ष
[b] रूस-यूक्रेन संघर्ष
**[c] इजरायल-ईरान संघर्ष**
[d] पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष

**43. 51वाँ G7 शिखर सम्मेलन का आयोजन 15-17 जून, 2025 को कहाँ किया गया?**
[a] अमेरिका **[b] कनाडा**
[c] रूस [d] चीन

**44. संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा हाल ही में किस वर्ष को ''अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान वर्ष'' घोषित किया गया?**
[a] 2025 **[b] 2026**
[c] 2027 [d] 2028

**45. संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क द्वारा जारी 10वीं सतत् विकास रिपोर्ट, 2025 ने भारत की रैंक कौनसी रही?**
[a] 66.05 स्कोर के साथ 100वीं रैंक
[b] 70.0 स्कोर के साथ 98वीं रैंक
**[c] 67.0 स्कोर के साथ 99वीं रैंक**
[d] 62.0 स्कोर के साथ 90वीं रैंक

**46. अर्थशास्त्र और शांति संस्थान द्वारा जारी वैश्विक शांति सूचकांक, 2025 ने भारत की रैंक कौनसी रही?**
[a] 114वीं [b] 119वीं
[c] 120वीं **[d] 115वीं**

**47. एक्सिओम-4 मिशन जो कि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 14 दिवस तक कार्य करेगा कब व किस वाहन द्वारा लॉन्च किया गया?**

**[a] 25 जून, 2025 को Space X फॉल्कन-9**

[b] 23 जून, 2025 को Space X फॉल्कन-8

[c] 20 जून, 2025 को ड्रैगन स्प्रे स्क्रॉफ्ट-9

[d] 22 जून, 2025 को Space X स्टार्ट अप द्वारा

**48. 8वाँ अभ्यास शक्ति 2025 किन दो देशों की सेनाओं के मध्य तथा कहाँ आयोजित हुआ?**

[a] भारत तथा श्रीलंका (श्रीलंका में)

**[b] भारत तथा फ्रांस (फ्रांस में)**

[c] भारत तथा बांग्लादेश (बांग्लादेश में)

[d] भारत तथा ओमान (ओमान में)

**49. हाल ही में पौलैंड देश के नए राष्ट्रपति के रूप में किसे चुना गया है?**

[a] एनालेना बैरबॉक [b] टॉम क्रूज

**[c] करोल नवरोकी** [d] लुइस मोंटनेग्रो

**50. हाल ही में 'मिनटमैन-III अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किस देश की वायुसेना ने किया है?**

[a] भारतीय वायुसेना [b] चीन वायुसेना

**[c] अमेरिकी वायुसेना** [d] रूस वायुसेना

# टॉपर्स टॉक



Rank - 153
(RAS-2021)

## हिमांशू जोशी

| | | |
|---|---|---|
| पिता | – | श्री बी.एल. जोशी |
| माता | – | श्रीमती पूजा जोशी |
| स्नातक | – | बी.टेक. (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिग) आनंद इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (75%) |
| $12^{th}$ | – | डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, जयपुर (75%) |
| $10^{th}$ | – | डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, जयपुर (78.4%) |

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में आपकी उपलब्धि पर बधाई!**

**हिमांशू :** आपका बहुत-बहुत धन्यवाद और इस सफलता के लिए स्प्रिंगबोर्ड के मेरे शिक्षकों का आभार।

**प्रश्न : आपकी पारिवारिक और शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बारे में बताइये आपकी तैयारी में इनकी क्या भूमिका रही?**

**हिमांशू :** मैं जयपुर का रहने वाला हूं। मेरे पिता रिटायर्ड आरपीएस ऑफिसर है एवं मां ग्रहणी है।

मेरी स्कूली शिक्षा जयपुर के DAV पब्लिक स्कूल से हुई एवं ग्रेजुएशन आनंद इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, जयपुर से इलेक्ट्रिकल ब्रांच से की। पारिवारिक माहौल की वजह से मेरा झुकाव राज्य सेवा के प्रति शुरू से रहा एवं जयपुर में रहने से बेहतर कोचिंग का लाभ ले पाया।

**प्रश्न : आपने आर.ए.एस. परीक्षा की तैयारी कब से शुरू की और आपके अनुसार इस परीक्षा की तैयारी के लिए कितना समय पर्याप्त है?**

**हिमांशू :** मैंने अपनी RAS की तैयारी नवंबर, 2016 से शुरू की और इस तैयारी के लिए एक से डेढ़ साल का समय पर्याप्त है।

**प्रश्न : क्या प्रारंभ से ही आपका लक्ष्य सिविल सेवा में जाना था तथा सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए आपके प्रेरणा स्रोत कौन रहे?**

**हिमांशू :** सिविल सेवा में आने का मन कॉलेज टाइम में बन गया था और इसकी तैयारी कॉलेज के बाद शुरू कर दी थी। मेरी प्रेरणा स्रोत मेरे पिताजी है क्योंकि वे पुलिस सेवा में थे तो जन सेवा का भाव वहीं से आया। इसके अतिरिक्त मेरा स्वभाव मुझे सिविल सेवा के अनुकूल लगा जहां मैं बड़े स्तर पर लोगों की मदद कर सकता हूं।

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में कोचिंग की क्या भूमिका है? क्या स्वाध्याय से भी इस परीक्षा में सफलता पाई जा सकती है?**

**हिमांशू :** आज के समय में सिविल सेवा में कोचिंग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और यह मेरे लिए भी बहुत फलदायक रहा क्योंकि कोचिंग के अंदर एक व्यवस्थित पढ़ने का माहौल, अनुभवी शिक्षकों द्वारा गाइडेंस, टेस्ट सीरीज में अभ्यास इत्यादि सुविधा मिलती है।

हालांकि कोई भी व्यक्ति आज के समय में इंटरनेट की मदद से यह सुविधा प्राप्त कर सकता है लेकिन उसके लिए अत्यंत अनुशासन की आवश्यकता चाहिए होती है।

**प्रश्न : कोचिंग के लिए किसी संस्थान का चयन करने के लिए क्या मापदण्ड होने चाहिए ? क्या आपने किसी कोचिंग संस्थान से तैयारी की है ?**

**हिमांशू :** कोचिंग संस्थान चुनने से पहले निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए जैसे साथी अभ्यर्थियों का रिव्यू, कोचिंग का मैनेजमेंट, कोचिंग में पढ़ा रही फैकेल्टी कितनी अनुभवी है एवं उनके पढ़ाने का तरीका, कोचिंग में टेस्ट सीरीज को महत्व इत्यादि।

मैं 2016 में नई दिल्ली की IAS कोचिंग में पढ़कर जयपुर आया एवं RAS के लिए स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी ज्वाइन की।स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी में कई बातें मुझे दिल्ली की बड़ी कोचिंग से काफी अच्छी लगी जैसे साप्ताहिक टेस्ट को महत्व देना, फैकल्टी द्वारा छात्रों की समस्याओं को पर्सनल लेवल पर समाधान करना और सिलेबस को समय देकर आराम से पूर्ण करवाना।

**प्रश्न : परीक्षा में आपका भाषायी माध्यम क्या था ? सिविल सेवा में सफल होने के लिए भाषाई माध्यम की भूमिका के बारे में बताइये?**

**हिमांशू :** परीक्षा मैंने अंग्रेजी माध्यम से दी और मेरा मानना है कोई भी माध्यम आपको सफलता दिला सकता है लेकिन माध्यम व्यक्ति को अपने खुद के सुविधा अनुसार चुनना चाहिए। अगर आप हिंदी में अपनी ज्ञान को बेहतर तरीके से व्यक्त कर सकते हैं तो आपके लिए हिंदी माध्यम ज्यादा फलदाई रहेगा।

**प्रश्न : मुख्य परीक्षा में लेखन शैली को बेहतर बनाने के लिए आप क्या सुझाव देंगे?**

**हिमांशू :** मुख्य परीक्षा में लेखन शैली अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और उसको बेहतर करने के लिए निरंतर टेस्ट देकर लिखित अभ्यास, शब्दों में स्पष्टता एवं भाषा में निरंतरता जरूरी है। इसके लिए सफल अभ्यर्थियों की उत्तर पुस्तिका का अवलोकन आवश्यक है।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान आपने कौनसी अध्ययन सामग्री का उपयोग किया ?**

**हिमांशू :** RAS की तैयारी के लिए मैं पूर्ण रूप से स्प्रिंग बोर्ड के नोट्स पर निर्भर था। इसके अलावा सीबीएसई एवं आरबीएसई की किताबें और प्रचलित स्टैंडर्ड किताबों की आवश्यकता अनुसार उपयोग किया। करंट अफेयर्स के लिए मार्केट में प्रचलित मैगजीन पढ़ी।

**प्रश्न : प्रारम्भिक तथा मुख्य परीक्षा में शॉर्ट नोट्स की क्या भूमिका रहती है ?**

**हिमांशू :** RAS के व्यापक सिलेबस को एग्जाम से पहले कम समय में रिवाइज करने के लिए शॉर्ट नोट्स अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। अभ्यर्थी अपने नोट्स को दो-तीन बार पढ़ने के बाद में बना सकते है। इस तरीके से एग्जाम से पूर्व किसी भी सब्जेक्ट का रिवीजन कम से कम समय में कर सकते है।

**प्रश्न : मॉक इंटरव्यू की भूमिका के बारे में बताइए तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग में आपके साक्षात्कार का अनुभव कैसा रहा ?**

**हिमांशू :** लोक सेवा आयोग के साक्षात्कार में मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा। पैनल ने माहौल सरल बना रखा था एवं मुझे अपनी बात रखने का समय भी दिया।

इस अच्छे अनुभव के पीछे मुख्य कारण मॉक इंटरव्यूज थे। मैंने अपने अधिकतर मॉक इंटरव्यूज स्प्रिंग बोर्ड के अनुभवी पैनल के समक्ष दिए जहां पर हर इंटरव्यू के बाद मुझे मेरी कमियों को बताया जाता एवं वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए मैं अपना आंकलन बेहतर तरीके से कर पाया।

**प्रश्न : आपकी सफलता में शिक्षकों के योगदान के बारे में बताइये?**

**हिमांशू :** मेरी सफलता को मैं मेरे शिक्षकों की सफलता ही मानता हूं। मैं बचपन से पढ़ने में एक औसत छात्र था। मेरे शिक्षकों ने हमेशा मुझे प्रेरित किया एवं हमेशा मेरे से बेहतर की अपेक्षा की। उनके मार्गदर्शन ने मुझे निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी एवं असफलता के बाद भी तैयारी जारी रखने के लिए प्रेरित भी किया।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान मित्रों की क्या भूमिका रही ?**

**हिमांशू :** मेरे इस सफर में मेरे मित्रों का विशेष योगदान रहा। जहां स्कूल-कॉलेज के मेरे दोस्त मुझे समय-समय पर फोन करके मोटिवेट किया करते थे। वही मेरे साथी अभ्यर्थी मित्रों के साथ मैंने ग्रुप स्टडी करी, जिससे कभी मुझे भटकाव या अकेलापन महसूस नहीं हुआ।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान सबसे मुश्किल समय कौनसा था?**

**हिमांशू :** सबसे मुश्किल समय तब आता है जब आप रात को सोने जाते हैं और आपको याद आता है कि इस तैयारी में आपका काफी समय जा चुका है, परिवार की अपेक्षाएं हैं और सफलता की कोई गारंटी नहीं है। इससे भी मुश्किल दौर तब आया जब RAS 2018 के फाइनल रिजल्ट में मेरी रैंक बहुत पीछे आई और मेरा सिलेक्शन किसी भी सर्विस में नहीं हुआ। उस समय मेरा और मेरे परिवार का मनोबल बहुत कम हो गया था। ऐसे समय में RAS 2021 की तैयारी करना काफी चुनौतीपूर्ण था।

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा की लम्बी अवधि के कारण सतत् रूप से तैयारी करने के लिए खुद को कैसे मोटिवेट रखा?**

**हिमांशू :** खुद को मोटिवेट रखने का सबसे अच्छा तरीका होता है अपनी तैयारी को सप्ताह एवं दिनों में विभाजित कर देना। आप यह न सोचे की वैकेंसी कब आएगी या यह जो वैकेंसी चल रही है यह कब खत्म होगी। हमें सिर्फ इतना सोचना है कि इस सप्ताह जो टेस्ट है मुझे उसमें बेहतर परफॉर्म करना है और ज्यादा नंबर लाने है। जब आप टेस्ट में अच्छा परफॉर्म करेंगे तो आपका मनोबल लगातार बना रहेगा। इसके अलावा आप केवल अपने माता-पिता के त्याग एवं उनकी आपसे अपेक्षाओं को याद रखें।

**प्रश्न : प्लान-बी के बारे में आपका क्या विचार है ?**

**हिमांशू :** मुझे शुरू में लगता था प्लान B नहीं होना चाहिए क्योंकि यह आपकी सफलता में बाधा बन सकता है। परंतु अंत तक आते-आते मुझे महसूस हुआ कि एक या दो असफलताओं के बाद में हर अभ्यर्थी को प्लान B के बारे में सोचना चाहिए। प्लान B का मतलब यह नहीं होता कि हम किसी दूसरे परीक्षा की तैयारी शुरू कर दें।

प्लान B होता है कि अगर मैं किसी भी परीक्षा में सफल नहीं हो पाया तो, मैं अपने जीवन में क्या करूंगा। प्लान B खुद का व्यवसाय, आपकी ग्रेजुएशन डिग्री के अनुसार नौकरी करना हो सकता है। क्योंकि अंत में यह एक परीक्षा है जिसमें पर्याप्त मात्रा में ही लोग चयन किए जाते हैं और अंतिम चयन में मेहनत और योग्यता के साथ संयोग का होना अत्यंत आवश्यक होता है।

**प्रश्न : आर.ए.एस. परीक्षा में चयन के पश्चात् आपके जीवन में क्या बदलाव आया ?**

**हिमांशू :** चयन के बाद आपका जीवन पूर्णतया बदल जाता है। सबसे पहले आपको सुकून महसूस होता है फिर परिवार जनों के चेहरे पर गर्व और खुशी दिखती है, जिसे देखकर सारा पैसा और मेहनत वसूल हो जाती है। समाज में आपकी बातों को महत्व मिलना शुरू हो जाता है। मन में अपने सभी आलोचकों के प्रति करुणाभाव आ जाता है क्योंकि शायद उनके आलोचनाओं के वजह से ही हम निरंतर तैयारी में जुटे रहते थे।

**प्रश्न : एक अधिकारी के रूप में आप कौनसे बदलाव लाने के लिए काम करेंगे ?**

**हिमांशू :** एक अधिकारी के रूप में मैं जनता के लिए आसानी से उपलब्ध रहना चाहूंगा एवं मेरे को दिए गए कार्य को बेहतर एवं कम समय में करने का प्रयास करूंगा।

**प्रश्न : आर.ए.एस. परीक्षा के लिए मासिक समसामयिक पत्रिका की क्या उपयोगिता है ?**

**हिमांशू :** अभ्यर्थी एवं अधिकारी दोनों के लिए समसामयिक पत्रिकाएं आवश्यक होती है क्योंकि यह आपको न सिर्फ परीक्षा के लिए बेहतर कंटेंट देती है परंतु आपको एक जागरूक नागरिक भी बनाती है।

**प्रश्न : आपकी सफलता का मूलमंत्र बताइये ?**

**हिमांशू :** मेहनत, धैर्य, बड़ों का आशीर्वाद और ईश्वर पर यकीन।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान समय प्रबंधन कैसे किया ?**

**हिमांशू :** समय प्रबंधन इस परीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। जो सब्जेक्ट कम समय की तैयारी से ज्यादा फलदाई होता है, उसको मैं ज्यादा समय देता था। जो सब्जेक्ट में रटना ज्यादा होता है उनको मैं सुबह पढ़ता था और जो सब्जेक्ट में मेरी पकड़ थी, उनको मैं दिन के उस समय पढ़ता था जब मेरा पढ़ने का मन कम होता था। एक बार में एक सब्जेक्ट को पढ़ने की बजाय मैं दिन में तीन-चार सब्जेक्ट थोड़ा-थोड़ा पड़ता था ताकि बोरियत ना हुए एवं इंटरेस्ट बना रहे।

**प्रश्न : प्रशासनिक अधिकारी के रूप में हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।**

**हिमांशू :** आपका बहुत-बहुत धन्यवाद और आपके माध्यम से मैं सभी अभ्यार्थियों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं और यही कहना चाहता हूं कि आप सिर्फ और सिर्फ कर्म करें, फल ईश्वर पर छोड़ दें क्योंकि वह आपके हाथ में कभी नहीं होता।

❖❖❖